संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 01 जुलाई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की जीवन यात्रा पर तीन पुस्तकों का विमोचन किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 180 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"
-स्वामी विवेकानंद


# हमें भारतीय टीम पर गर्व है: पीएम मोदी

● चैंपियंस! हमारी टीम शानदार अंदाज में टी-20 वर्ल्ड कप लेकर आई है: पीएम, धोनी बोले- इससे अच्छा बर्थ-डे गिफ्ट नहीं हो सकता

**देश को गर्व**

▶▶ पीएम नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया के कैप्टन रोहित, विराट और कोच राहुल द्रविड से बात की





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः पीएम मोदी ने टीम इंडिया** के कैप्टन रोहित, विराट और कोच राहुल द्रविड से बात की। इससे पहले 19 नवंबर 2023 को अहमदाबाद में वनडे वर्ल्डकप के फाइनल में हार के बाद भी पीएम मोदी ने टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में जाकर उनका हौसला बढ़ाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (30 जून) को भारतीय क्रिकेट टीम के प्लेयर्स से फोन पर बात की और पूरी टीम को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी। वहीं पहले टी-20 वर्ल्ड चैंपियन कप्तान एमएस धोनी समेत मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ की है। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में साउथ अफ्रीका में पहला टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक साल बाद पोस्ट किया और टीम इंडिया को बधाई दी और इस जीत को उनके जन्मदिन का गिफ्ट बताया। धोनी अगले महीने 7 जुलाई को 43 साल के हो जाएंगे।

**मोदी ने फोन पर पूरी टीम की तारीफ कीः** मोदी ने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी-20 करियर की सराहना की। पीएम मोदी ने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की भी तारीफ की। उन्होंने हार्दिक पंड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी तारीफ की। मोदी ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए राहुल द्रविड़ को भी धन्यवाद दिया।

**हमें भारतीय टीम पर गर्व है:** चैंपियंस! हमारी टीम शानदार अंदाज में टी-20 वर्ल्ड कप लेकर आई है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ से ज्यादा भारतीय हमारे सभी क्रिकेटर्स के प्रदर्शन पर गर्व महसूस कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि उन्होंने मैदान में कप जीता है, और देश के हर गांवों और गलियों में करोड़ों भारतीयों का दिल जीता है।'

**धोनी का इंस्टाग्राम पोस्टः** '2024 वर्ल्ड कप चैंपियन। मेरे दिल की धड़कन बढ़ी हुई थी। खुद में विश्वास बनाए रखा और वो किया जो करते आए हैं। सभी भारतीयों की ओर से वर्ल्ड कप वापस लाने के लिए शुक्रिया। बधाई हो।

### टी20 विश्व कप 2024 में जडेजा का प्रदर्शन

**अमेरिका** और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व कप 2024 में रवींद्र जडेजा कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वह गेंद और बल्ले से प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे थे। मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने कुल आठ मैच खेले और सिर्फ 35 रन बनाए। वहीं, उन्हें मात्र एक विकेट मिला।

**जडेजा का टी20 अंतर्राष्ट्रीय करियरः** भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने 2009 में डेब्यू किया था। इस प्रारूप में उन्होंने कुल 74 मैच खेले।

### कोहली-रोहित के बाद रविंद्र जडेजा ने भी लिया टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विराट कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने इसकी जानकारी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी। हालांकि, वह भारत के लिए अन्य प्रारूपों में खेलते रहेंगे। भारत ने शनिवार को बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टी20 विश्व कप 2024 के खिताब पर कब्जा जमाया।

**जडेजा ने भी लिया संन्यासः** जडेजा ने लिखा, "पूरे दिल से आभार जताते हुए मैं टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं। गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का एक शिखर। यादों, उत्साह और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद।"

## साल में दो बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कक्षा 10 और 12 की साल में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने की योजना पर सहमति बन गई है। समूचे सिलेबस की यह परीक्षा जनवरी और अप्रैल में हुआ करेगी। केंद्र अगले सत्र 2025-26 से सीबीएसई में नया पैटर्न लागू करने की तैयारी में है। नए पैटर्न की पहली बोर्ड परीक्षा जनवरी 2026 और इसी सत्र की दूसरी परीक्षा अप्रैल 2026 में होगी। छात्रों के पास दोनों परीक्षा में शामिल होने का विकल्प होगा। छात्र चाहें तो दोनों या किसी एक परीक्षा में सुविधानुसार बैठ सकेंगे। दोनों परीक्षा देने वाले छात्र बेहतर प्रदर्शन के रिजल्ट का इस्तेमाल कर सकेंगे। मंत्रालय के स्कूली शिक्षा विभाग ने इस पर देशभर के 10 हजार से अधिक स्कूल प्रिंसिपल के साथ ऑनलाइन और फिजिकल मीटिंग में राय ली है।

**मंत्रालय ने 3 विकल्प दिए थे, 2 पर इनकार**

**पहलाः** उच्च शिक्षा के सेमेस्टर सिस्टम की तरह साल में हर सेमेस्टर के अंत में आधे-आधे सिलेबस की एक परीक्षा ली जाए, जो सितंबर और मार्च में हो।

**दूसराः** अभी जिस तरह मार्च-अप्रैल की बोर्ड परीक्षा के बाद जुलाई में सप्लीमेंट्री एग्जाम होते हैं, उस समय सप्लीमेंट्री की जगह पूरी बोर्ड परीक्षा कराई जाए।

**तीसराः** जैसे जेईई मेंस के लिए जनवरी और अप्रैल में दो बार परीक्षाएं ली जाती हैं, उसी तरह समूचे सिलेबस की बोर्ड परीक्षाएं भी एक बार जनवरी तो दूसरी बार अप्रैल में आयोजित हों अधिकांश प्रिंसिपल तीसरे विकल्प पर सहमत हैं।

## टीएमसी बंगाल की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करें: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने राज्य के वित्तीय संकट पर ममता बनर्जी सरकार को आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र लाने को कहा है। राज्यपाल ने शनिवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। इसके बाद उनका यह बयान आया है। निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति कई राजकोषीय जोखिमों और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन के मुद्दों का सामना कर रही है। यह सरकार की गंभीर खामियों को उजागर करती है। पश्चिम बंगाल वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने आर्थिक स्थिति गंभीर होने के मद्देनजर संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत मुख्यमंत्री से मंत्रिपरिषद के समक्ष राज्य की वित्तीय स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि सीतारमण के साथ बैठक के दौरान बोस ने मत्स्य पालन क्षेत्र पर निर्भर लोगों के लिए आर्थिक विकास कार्यक्रमों को लागू करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## 4 महीने बाद पीएम मोदी की मन की बात





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में पेरिस ओलंपिक में जाने वाली भारतीय टीम को शुभकामनायें दी। तीन महीने के अंतराल के बाद मन की बात के 111वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक में मेडल के साथ-साथ लोगों का दिल भी जीतेंगे। उन्होंने कहा कि टोक्यो ओलंपिक खेलों में अपने प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने हर भारतीय का दिल जीत लिया। इसके बाद से ही खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारियां कर रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल इस बार अधिक खेलों में भाग ले रहा है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने लोगों से चीयर4भारत हैशटेग पर अपनी शुभकामनायें भेजने के लिए कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन महीने के लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपनी अटूट आस्था दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही चुनाव आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की।

**पेड़ लगाएं**

▶▶ चीयर4भारत' हैशटैग से करें पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहितः पीएम

## 2033 तक अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाएगी योगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः योगी** सरकार वर्ष 2033 तक अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके लिए वहां संचालित विभिन्न परियोजनाओं में 85 हजार करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। यह बात उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कराई गई एक स्टडी में सामने आई है। यह स्टडी भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई), अहमदाबाद गुजरात ने की है। ईडीआई ने अपनी स्टडी में बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का विकास इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन और सौंदर्यीकरण से जुड़े हुए मुख्यतः 27 बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

**इन बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है विकासः** रोड और पार्किंग, रेल लाइन का दोहरीकरण, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, गुप्तारघाट, मंदिर संग्रहालय, वैक्स संग्रहालय, सांध्य सरोवर, अयोध्या बाजार, 37 धार्मिक स्थलों का पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण, 25 पौराणिक एवं 39 चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, साउंड लाइट शो के साथ वाटर स्पोर्ट्स और सरयू में क्रूज का संचालन, सरयू के घाटों पर 500 प्रीफैब शौचालय की स्थापना, परिक्रमा मार्गों का विकास होगा।

## हेमंत सोरेन आदिवासी समाज का अपमान न करें : मुख्यमंत्री साय

**टीम एक्शन इंडिया**

रायपुरः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उस बयान पर आड़े हाथों लिया है, जिसमें उसने भाजपा शासित राज्यों के आदिवासी मुख्यमंत्रियों को रबर स्टाम्प बताया है। सोरेन के इस बयान पर बिफरे मुख्यमंत्री साय ने पलटवार करते हुए सोरेन परिवार को जनता को लूटकर गाढ़ी कमाई करने वाला परिवार कहा है। साय ने आज रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल में लिखा है कि - देश भर में जिस तरह से भाजपा, सक्षम आदिवासी नेतृत्व दे रही है।

## पैक्स को मजबूत करने के लिए सहकारी बैंकें आएं आगे: शाह

### केन्द्रीय मंत्री ने खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक नडियाद की वार्षिक बैठक को किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नडियादः** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला सहकारी बैंकों को प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करने की दिशा में भी सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने 20 अलग-अलग पहल कर पैक्स को मजबूत करने का काम शुरू किया है और जिला सहकारी बैंकों को भी इस काम में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैक्स जितने मजबूत होंगे, उतने ही सहकारी बैंक मजबूत होंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक लिमिटेड, नडियाद की 76वीं वार्षिक बैठक (एजीएम) को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 18 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बने बैंक के नए भवन (सरदार पटेल सहकार भवन) का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) के अध्यक्ष और गुजरात के सहकारिता मंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस मौके पर शाह ने कहा कि खेड़ा जिले से ही देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में अमूल की शुरूआत हुई थी। अमूल ने पूरे देश और विश्व के सामने सहकारिता से समृद्धि प्राप्त करने का उदाहरण पेश किया है।



**सहयोग की जरूरत**

▶▶ अमूल ने पूरे देश और विश्व के सामने सहकारिता से समृद्धि प्राप्त करने का उदाहरण पेश किया है

## अरुणाचल में भूस्खलन और बाढ़ से कई राजमार्ग बाधित

**टीम एक्शन इंडिया**

**इटानगरः** अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर भूस्खलन और बाढ़ के चलते बिगड़ी परिस्थितियों में राष्ट्रीय राजमार्ग और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) ने लोगों को यात्रा से बचने की सलाह दी है। एनएचआईडीसीएल ने रविवार को कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 13 बाढ़ व भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित है। राज्य के लोहित जिले में डेमवे-ब्रह्मकुंड ट्राई जंक्शन से परशुराम कुंड-वाकरो तक तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 113 अंजॉव जिले में राममंदिर-टिडिंग-खुपा-हयुलियांग-हवाई तक रोड प्रभावित हुई है। इन सड़कों पर कई भूस्खलनों और नदियों और नालों के बाढ़ का पानी आ जाने के कारण स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने बताया कि इससे विभिन्न स्थानों पर यातायात बाधित है। इन्हें ठीक करने का अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है।

## जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने 30वें आर्मी चीफ का चार्ज लिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** देश के 30वें सेना प्रमुख के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को कार्य भार संभाल लिया। उन्होंने चार दशकों से अधिक राष्ट्र सेवा करने के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हुए थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे से कार्यभार संभाला। उन्होंने ऐसे समय में सीओएएस का पदभार संभाला है, जब वैश्विक भू-रणनीतिक वातावरण गतिशील बना हुआ है। साथ ही तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते स्वरूप के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां और भी स्पष्ट होती जा रही हैं। लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी इसी साल 15 फरवरी को उप सेना प्रमुख नियुक्त किए गए थे। इससे पहले वह 1 फरवरी, 2022 को सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ बनाए गए थे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं। उन्हें 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था।

**जिम्मेदारी**

▶▶ रिटायरमेंट से पहले जनरल मनोज पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर, जनरल मनोज पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर

## राजस्थान में 65 लाख किसानों को मिले एक-एक हजार रुपए: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**टौंकः** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया। योजना की पहली किश्त एक- एक हजार रुपये किसानों के खाते में ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री ने करीब 650 करोड़ रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इससे राज्य के 65 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। इस योजना में किसानों को कुल 2000 रुपए मिलेंगे। दूसरी और तीसरी किश्त 500-500 रुपए की होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछली गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने युवाओं के सपनों को चकनाचूर किया है, उन्हें हमारी सरकार छोड़ने वाली नहीं है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद किरोड़ीलाल पहली बार सरकार के किसी कार्यक्रम में पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान समृद्ध होगा तो राजस्थान समृद्ध होगा। राजस्थान समृद्ध होगा तो हमारा देश समृद्ध होगा। यह मन में दर्द था कि हमारे पास जमीन है, लेकिन पानी नहीं है। राजस्थान के लिए सबसे पहला जो काम हमने किया, वो है पानी की व्यवस्था। ईआरसीपी पर काम किया। 21 जिलों को ईआरसीपी की आवश्यकता है। आपसे वादा है ईआरसीपी आएगी, 21 जिलों के गांवों में पानी जरूर आएगा। किसान सम्मान निधि देने का वादा किया था, वो भी पूरा किया है। किसान जब किसान के घर जाता है, रिश्तेदारी में जाता है तो अक्सर एक-दूसरे से पूछते हैं कि फसल कैसी है।

**लाभान्वित**

▶▶ जिन्होंने युवाओं के सपने चकनाचूर किए, उन्हें नहीं छोड़ेंगे : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**सर्वे** दोनों समुदायों के परिवारों में यह अंतर 7 साल में 87% घटकर केवल 250 रुपए बचा है, जो 2016 में 1,917 रु./मासिक था

## देश में मुस्लिमों की सालाना कमाई 28%, हिंदुओं की 19%



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** हिंदू-मुस्लिम परिवारों के बीच आय का अंतर तेजी से कम हो रहा है। दोनों समुदायों के परिवारों में यह अंतर 7 साल में 87% घटकर केवल 250 रुपए बचा है, जो 2016 में 1,917 रु./मासिक था। गैर मुनाफे वाली संस्था पीपुल्स रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनॉमी (प्राइस) के सर्वे में ये आंकड़े सामने आए। देश में मुस्लिमों की सालाना कमाई 28%, हिंदुओं की 19 फीसदी, सिखों की सर्वाधिक 57 फीसदी बढ़ी है। इस इकोनॉमिक थिंक टैंक ने यह सैंपल सर्वे देश के 165 जिलों के 1,944 गांवों के 2,01,900 परिवारों के बीच किया। मुस्लिम परिवारों की सालाना आय सात साल में 2.73 लाख रुपए से 27.7% बढ़कर 3.49 लाख रु. हो गई। इस दौरान हिंदुओं की आय 2.96 लाख रुपए से 18.8% बढ़कर 3.52 लाख रु. हो गई। प्राइस के अनुसार, पहले से ज्यादा कमा रहे लोगों की तुलना में आर्थिक रूप से कमजोर तबके की आय में तुलनात्मक दृष्टि से ज्यादा इजाफा हुआ है। कोविड से पहले देश के सबसे कम आय वाले 20% लोगों की देश की आय में हिस्सेदारी महज 3% थी, जो 2022-23 में बढ़कर 6.5% हो गई। इसकी तुलना में शीर्ष 20% आय वर्ग की हिस्सेदारी 52% से घटकर 45% ही बची। ऊपरी तबके की आय में जो हिस्सेदारी घटी, उससे गरीब और मध्यवर्ग की आय में बढ़ोतरी हुई। इसका फायदा सभी वर्गों को हुआ। सरकार की मुफ्त अनाज योजना, किसान सम्मान निधि और आवास योजनाओं ने भी सामाजिक-आर्थिक अंतर को कुछ हद तक कम करने में अहम भूमिका निभाई। अल्पसंख्यक खासतौर पर मुस्लिम वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर तबके में आते हैं। इसलिए निचले तबके के तुलनात्मक उत्थान में मुस्लिम परिवारों को ज्यादा लाभ हुआ है।

**ताजा रिपोर्ट**

▶▶ निचले तबके के तुलनात्मक उत्थान में मुस्लिम परिवारों को ज्यादा लाभ हुआ है

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफालः** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया गया। इस दौरान एक इम्प्रोवाइज्ड गन (स्थानीय नाम पोम्पी), एक एसबीबीएल, एक थूथन भरी हुई राइफल, एक .22 पिस्तौल और साथ में मैगजीन, तीन देशी पिस्तौल और साथ में तीन मैगजीन, एक स्थानीय निर्मित सिंगल बैरल, एक खाली कारतूस, दो मिनी फ्लेयर सिंगल कारतूस (लाल), छह ट्यूब लांचर बरामद किए।

# डीडीए पार्क में अवैध रूप से काटे गए 10 से ज्यादा पेड़

**मामला गंभीर**

**डीडीए के पार्क में 10 फुट से अधिक की लंबाई के काफी पेड़ों को पहले अवैध रूप से जलाया गया है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 1100 पेड़ काटने के मामले में जहां एक तरफ दिल्ली सरकार सख्त हो गई है। इसकी जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। वहीं दूसरी तरफ हस्तसाल रोड स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पार्क में 10 फुट से अधिक की लंबाई के काफी पेड़ों को पहले अवैध रूप से जलाया गया है और फिर उन्हें काटा गया है। इतना ही नहीं काफी सारे पेड़ वहां पर मशीन या ब्लेड से कटे हुए भी पड़े हैं। इसके अलावा कुछ पेड़ ऐसे भी हैं जो आंधी या तेज हवा के कारण टूटकर गिर गए हैं। जानकारी के अनुसार रात के समय में इन पेड़ों को यहां से लोग उठा ले जाते हैं। वहीं डीडीए के अधिकारी इस बात से अनजान बने हुए हैं।

**पार्क में लगे हैं सैंकड़ों पेड़:** हस्तसाल रोड स्थित वुडलैंड डीडीए पार्क 10 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बना हुआ है। पार्क में छठ पूजा के लिए एक जगह निर्धारित की गई है, जहां पर हर साल पर्व मनाया जाता है। इस पार्क में सैंकड़ों की संख्या में 10 फुट से अधिक की लंबाई के पेड़ लगे हुए हैं। मगर देखरेख के अभाव में अवैध तरीके से पहले तो जमीन पर पड़े सूखे पत्तों में आग लगाकर पेड़ों को नीचे से जलाया जाता है फिर जब वह काले पड़ जाते हैं तो उन्हें काट लिया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन में चहल-पहल होती है पार्क में लेकिन रात में माहौल शांत होता है तो ऐसे में लोग कटे हुए पेड़ उठा ले जाते हैं। वहीं इस संबंध में डीडीए के अधिकारी से संपर्क किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

**पार्क में फैली गंदगी और शौचालय भी पड़ा बंद**

पार्क में जगह-जगह सूखे पत्तों का कचरा पड़ा है जिसकी वजह से वहां पर गंदगी फैली हुई है। इस पत्तों में ही लोग आग लगा देते हैं। पार्क में कुछ जगहों पर लोगों ने कचरे में आग भी लगा रखी थी। इतना ही नहीं पार्क में आने वाले लोगों के लिए महिला और पुरुष के लिए शौचालय भी बनाया गया है, लेकिन वह पिछले काफी महीनों से बंद पड़ा है। शौचालय के दरवाजे अंदर से बंद पड़े हैं। जिसकी देखरेख के लिए भी कोई नहीं है। पार्क में घूमने आए नवीन बताते हैं कि यह पिछले काफी समय से बंद है। इसकी कोई साफ-सफाई भी नहीं होती है। इसलिए इसमें कोई जाता भी नहीं है।

**परिवार के साथ पार्क में आने से बचते हैं लोग:**

हस्तसाल रोड पर बना यह डीडीए पार्क आसपास के इलाके के सबसे बड़े पार्कों में आता है। इसके आसपास की गलियों में हजारों की संख्या में लोग रहते हैं, क्योंकि यही पास में एलआइजी फ्लैट्स भी बने हुए हैं, मगर इस पार्क में परिवार के साथ आने में लोग बचते हैं। पार्क में युवा लड़के नशा करने के लिए आते हैं। अंधेरा होते ही लोग पार्कों में शराब का सेवन भी शुरू हो जाता है। स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि पहले रात के समय पार्क के बाहर पुलिस की पीसीआर खड़ी होती थी तो लोग नशा करने के लिए नहीं आते थे लेकिन पिछले काफी दिनों से वह भी नहीं आ रही है।

# भगवान श्री राम ने आपके साथ न्याय कर दिया: संजय सिंह

**तंज कस**

**दिल्ली में जहां-जहां पानी भरा, वहां हमने तेजी से काम किया और स्थिति जल्द काबू में आ गई**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी पूरा देश देख रहा है कि आप किस दुर्भावना से काम कर रहे हैं। आपकी ईडी, सीबीआई की इसी करवाई के खिलाफ कल इंडिया गठबंधन के सभी दल संसद भवन के परिसर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलनी तय थी, तभी मोदी की सरकार ने सीबीआई को कहा कि जाओ तुरंत अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करो। जांच एजेंसियों का कितना खुला दुरुपयोग हो रहा है, इसका इससे बड़ा उदाहरण नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जहां-जहां पानी भरा, वहां हमने तेजी से काम किया और स्थिति जल्द काबू में आ गई। लेकिन एनडीएमसी के एरिया शांति पथ पर इतना पानी भर गया कि नाव चल सकती थी। भारत के प्रधानमंत्री जिस चीज का उद्घाटन करते हैं वो गिर जाता है। मेरठ की सड़क का उद्घाटन किया वहां गड्ढा हो गया। बुंदेलखंड के एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया, वहां गड्ढा हो गया। राजकोट, जबलपुर, दिल्ली के टर्मिनल गिर गए।

**अयोध्या में राम मंदिर के नाम पर हुई चंदा चोरी: संजय सिंह**

उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम ने आपके साथ न्याय कर दिया। अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के नाम पर जहां चंदा चोरी की, वहां भगवान ने आपको हरा दिया। जहां-जहां से भगवान श्री राम गुजरे, श्री राम पथ गमन मार्ग, वहां से भाजपा का सफाया हो गया।उन्होंने कहा कि कोर्ट ने भी माना है कि अरविंद केजरीवाल निर्दोष हैं। उनके खिलाफ कोई सुबूत नहीं है। ईडी दुर्भावना से केजरीवाल के खिलाफ काम कर रही है।

कोर्ट जमानत देती है, फिर यह हाईकोर्ट चले जाते हैं और स्टे ले लेते हैं। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले सीबीआई गिरफ्तार कर लेती है और 3 दिन की रिमांड ले लेती है और फिर वापस कोर्ट में कहते हैं कि हमें अब जांच नहीं करनी।

# लेबर सेस का भुगतान नहीं करने पर दो महीने में 510 को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** श्रम विभाग ने लेबर सेस जमा नहीं करने पर पिछले दो महीने में 510 लोगों को नोटिस जारी किया है। इन्होंने भवन निर्माण के दौरान आने वाली लागत का एक प्रतिशत लेबर सेस के रूप में जमा नहीं कराया है। इन दो महीने में विभाग को 16 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। जबकि विभाग को इससे ज्यादा धनराशि जमा होने की उम्मीद थी। 2009 के बाद से 10 लाख से अधिक के निर्माण पर एक प्रतिशत लेबर सेस का भुगतान करना अनिवार्य है। इसके जरिए मिलने वाली रकम का प्रयोग श्रमिकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं में किया जाता है। श्रम विभाग को सबसे ज्यादा लेबर सेस क्षेत्र निजी क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्य से मिलता है। पिछले वित्तीय वर्ष 196 करोड़ रुपये लेबर सेस के रूप विभाग को मिले थे। इसमें से 90 प्रतिशत लेबर निजी क्षेत्र में हुए निर्माण कार्य से मिला था। लेबर सेस जमा करने में जिले का नाम सर्वश्रेष्ठ जिलों में शामिल है।

**सेटेलाइट सर्वे के आधार पर भेजे गए नोटिस:** श्रम विभाग की ओर से अब तक सेटेलाइट सर्वे के जरिए 17070 भवन मालिकों को लेबर सेस जमा करने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। इसके लिए विभाग की ओर से एजेंसी की मदद ली गई थी। विभाग का कहना है कि इसमें 16120 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं और 950 पर कार्रवाई चल रही है।

पिछले दो महीने में करीब 16 करोड़ का लेबर सेस जमा हुआ है। यह उम्मीद के अनुसार थोड़ा कम है। कार्रवाई की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर संबंध बनाना, पत्नी से जबरदस्ती करना अब दुष्कर्म नहीं




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** एक जुलाई से लागू हो रहे नए कानून के तहत शादी का झांसा देकर किसी बालिग महिला से संबंध बनाना अब दुष्कर्म की श्रेणी से बाहर हो गया है। इसे अब बीएनएस की धारा-69 में अलग से अपराध बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि शादी का नौकरी का झांसा देकर कोई महिला से संबंध बनाता है तो वह दुष्कर्म नहीं होगा। हालांकि धारा 69 के तहत भी कड़े सजा के प्रावधान किए गए हैं। ऐसे आरोपों में दोषी पाए जाने पर अधिकतम 10 साल कैद या इससे कम की सजा हो सकती है। पहले इसको दुष्कर्म की धाराओं में माना जाता था। वहीं पत्नी से जबरदस्ती संबंध बनाना भी दुष्कर्म की श्रेणी से बाहर है। इस प्रावधान को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के लिए धारा, 63, 64 और 70 में प्रावधान किया गया है। दुष्कर्म के लिए धारा 63, दुष्कर्म की सजा को धारा 64 और सामूहिक दुष्कर्म के लिए धारा 70 में प्रावधान किया गया है। यौन शोषण के लिए धारा 74 में परिभाषित किया गया है। नाबालिग से दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फांसी का प्रावधान है। महिलाओं का पीछा करने को परिभाषित किया गया है। अप्राकृतिक यौनाचार को लेकर नए कानून में कोई स्थिति साफ नहीं है।

# जेल में जन्म...एनकाउंटर के मुख्य आरोपी मन्नू की क्राइम कुंडली

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** मन्नू और रेहान के परिवार की पहली पीढ़ी भी अपराध की दुनिया से वाकिफ रहे हैं। मन्नू और रेहान ने अपराध को विरासत में ले लिया और जुर्म की दुनिया में आ गए। दोनों चाचा भतीजे हैं। मन्नू पर 16 तो रेहान पर चार मुकदमे दर्ज हैं। इतिहास खंगालने पर पुलिस को यह जानकारी हाथ लगी। पुलिस को मन्नू उर्फ सुहैल के घर के आसपास के लोगों से जानकारी मिली कि मन्नू का जन्म जेल में हुआ था। आपराधिक इतिहास के अनुसार उसका जन्म चार जनवरी 2002 में हुआ था। मन्नू की मां शबनम पर पांच मुकदमे दर्ज हैं। हालांकि पुलिस को अभी जानकारी नहीं मिली है कि शबनम मन्नू के जन्म के दौरान कब और कौन-सी जेल में थी। पुलिस जानकारी जुटा रही है।

हाल में भी शबनम जेल में बंद हैं। डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि आसपास के लोगों ने मन्नू के जेल में पैदा होने की बात बताई है। शबनम के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। हाल में पांच मुकदमे दर्ज होने की जानकारी मिली है। मन्नू के पिता इरशाद पर तीन मुकदमे दर्ज थे वे हिस्ट्रीशीटर थे। उनकी मौत हो चुकी है। इरशाद के पांच बेटे और दो बेटियां हैं। पांचों बेटों का भी जुर्म की दुनिया से वास्ता है। पहले बेटे इमरान पर सात मुकदमे हैं वह हिस्ट्रीशीटर भी ह

# नानी के सीने पर घुटना रखा... दोनों हाथों से कसकर दबाया गला, मौत





**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** गाजियाबाद के साहिबाबाद से दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। यहां स्थित रामनगर अर्थला में शिव मंदिर के पास आठ जून को घर के अंदर की गई हरप्यारी (60) की हत्या का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में बुजुर्ग के नाती विनोद (20) को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि सीने पर घुटना रखकर उसने नानी का गला दबाया था। उससे की गई लंबी पूछताछ के आधार पर पुलिस का कहना है कि उसने ऑनलाइन गेम खेलने के लिए रुपये मांगे थे। नानी ने साफ इनकार कर दिया। इसी से गुस्से में आकर उसने हत्या कर दी। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे हत्या करने के बाद विनोद ने नानी के कानों से कुंडल उतारे और घर के मंदिर में रखे दो हजार रुपये निकाले। इन्हें लेकर वह अपनी दुकान पर चला गया था। परिवार के लोगों को लग रहा था कि रामप्यारी की हत्या किसी बदमाश ने लूट के लिए की है। रामनगर अर्थला में रहने वाले विनोद के दोनों मामा अशोक और भगवान सिंह पोस्टमार्टम के बाद अपनी मां का शव लेकर संभल चले गए थे। ये लोग मूल रूप से संभल के ही निवासी हैं। विनोद भी संभल के काजी सिरौरा का रहने वाला है। दो महीने पहले ही वह संभल से आकर मामा अशोक के पास रह रहा था। किराए की दुकान लेकर उसने समोसे और चाऊमीन बेचने का काम किया था। तेरहवीं के बाद लौटकर भगवान सिंह ने 28 जून को केस दर्ज कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई थी।

जांच पड़ताल में यह साफ हो गया था कि हत्या विनोद ने ही की है। उसके खिलाफ साक्ष्य मिल गए। उसे शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से लूटे गए कुंडल भी बरामद हो गए।

**सीने पर घुटना रखकर दबाया था नानी का गला :** पुलिस पूछताछ में विनोद ने पूरा घटनाक्रम बताया। उसने कहा कि वह आठ जून की दोपहर तीन बजे नानी के पास पहुंचा। घर पर नानी और मामा भगवान सिंह और मामा का भतीजा सुमित था। थोड़ी देर मामा और सुमित किसी काम से बाहर चले गए। वह मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेल रहा था। इसमें हार हो गई और खेलने के लिए उसे रुपये चाहिए थे। उसने नानी से रुपये मांगे। नानी ने साफ इनकार कर दिया। इसके बाद भी वह जिद करता रहा तो नानी ने थप्पड़ मार दिया।

## पति ने मारा चांटा, पत्नी ने खाया जहर

**दनकौर।** पति के चांटा मारने से नाराज अट्टा फतेहपुर गांव निवासी महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दो दिन पहले गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रविवार उसने दम तोड़ दिया। वहीं ग्रामीणों के मुताबिक पत्नी पति को हंसाने के लिए गुदगुदी कर रही थी। पति के इन्कार करने के बावजूद पत्नी गुदगुदी करती रही। जिससे परेशान होकर उसने चांटा मार दिया।

# सावधान ! डेटिंग ऐप के जरिए हो रहा बड़ा स्कैम

## लड़कियां एक झटके में लगा रही लड़कों को लाखों का चूना



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली समेत कई बड़े शहरों में डेटिंग ऐप के जरिए बड़ा स्कैम हो रहा है। अगर आप भी ऐसे ही ऐप का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान हो जाएं। दरअसल, राजधानी दिल्ली में डेटिंग ऐप के जरिए अनोखे स्कैम का पता चला है। इसमें लड़कियां भोले-भाले लड़के को फंसाकर उन्हें रेस्तरां बुलाती है और उनका लाखों का चूना लगा देती है। दिल्ली पुलिस ने ऐसे ही मामले में एक महिला अफसां परवीन और रेस्तरां मालिक अक्षय पाहवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि डेटिंग ऐप के जरिए इन्होंने एक यूपीएससी के अभ्यर्थी को लाखों का चूना लगाया था। इस स्कैम में रेस्तरां का मालिक, उसके मैनेजर और लड़की शामिल थी। इस स्कैम के तहत चूना लगाए गए रकम का 15 फीसदी हिस्सा लड़की का, 45 प्रतिशत हिस्सा मैनजर का जबकि 40 प्रतिशत हिस्सा रेस्तरां मालिक का होता है।

**दोनों ने अपना वॉट्सऐप नंबर शेयर किया:** पुलिस ने इस पूरे स्कैम के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि राजौरी गार्डन में रह रहे यूपीएससी का अभ्यर्थी एक डेटिंग ऐप से अफसां परवीन से मिला। दोनों के बीच बातचीत हुई और उन्होंने अपना वॉट्सऐप नंबर शेयर किया। दोनों के बीच बातें शुरू हुई। जल्द ही दोनों ने डेटिंग की तारीख तय की और पीड़ित अभ्यर्थी को एक विशेष जगह पर बुलाया गया, जहां पर बहुत सारे रेस्तरां और पब थे। एक रेस्तरां में दोनों गए और युवती ने मेनू से विशेष डिश ऑर्डर किया।

**पीड़ित के पास बिल चुकाने के अलावा कोई रास्ता नहीं:** युवती ने उस डिश का भी ऑर्डर किया जो उस मेनू में नहीं था। इसके बाद युवती ने इमरजेंसी कॉल की बात कहकर वहां से से तेजी से निकल लेती है। इसके बाद रेस्तरां के मैनेजर बिल थमाता है। यह बिल पूरे 1.20 लाख का होता है। उसे बाद में पता चलता है कि वह स्कैम का शिकार हुआ है। जब वह इसका विरोध करता है तो रेस्तरां के स्टाफ और बाउंसर उसे धमकी देता है। उसके पास बिल चुकाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं था।

**दिल्ली सहित कई बड़े शहरों में सामने आया केस:** पुलिस ने बताया कि कई मामलों में पीड़ित इस घटना को पुलिस में दर्ज नहीं कराते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके परिवारवालों को अगर इसकी जानकारी होगी तो शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी। पुलिस ने बताया कि यह स्कैम दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित प्रमुख शहरों में चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस महीने की शुरूआत में हैदराबाद में ऐसे ही रैकेट के बारे में पता चला था।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**

**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।

**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :

स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।

**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

**खण्ड गन्नौर में बेगा घाट / यमुना घाट की वित्तीय वर्ष 2024-25 की सार्वजनिक नीलामी दिनांक-01.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे खण्ड कार्यालय गन्नौर के मीटिंग हाल में उप-मण्डल अधिकारी (ना०) गन्नौर की उपस्थिति में गठित कमेटी द्वारा करवाई जानी निश्चित हुई है ।**

**कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति, गन्नौर।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# प्रदेश का प्रत्येक नागरिक मां के नाम लगाए एक पेड़: सीएम नायब सिंह सैनी

## हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में ऐसा नेतृत्व मिला है, जो देश के साथ-साथ विश्व को भी रास्ता दिखाने का काम करता है: सीएम

**अपील**

**हमें पेड़ लगाने के बाद उसको बड़ा होने तक उसकी संभाल रखनी भी है। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने का यही एकमात्र तरीका है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़/दीपिका शर्मा**

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की। नायब सिंह ने कहा कि हमें पेड़ लगाने के बाद उसको बड़ा होने तक उसकी संभाल रखनी भी है। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने का यही एकमात्र तरीका है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह पिंजौर के बूथ नंबर 70 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 111वां एपिसोड सुनने के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

नायब सिंह ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में ऐसा नेतृत्व मिला है, जो देश के साथ-साथ विश्व को भी रास्ता दिखाने का काम करता है। मन की बात कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्र से पूरा देश जुड़ता है। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में महारथ हासिल करने वाले लोगों से परिचय करवाते हैं। ऐसे परिचयों से समाज व देश के प्रति कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण के असंतुलन के कारण आज वातावरण में तापमान काफी बढ़ रहा है। अब 50 डिग्री से ज्यादा तापमान भी देखने को मिलता है। इसी संतुलन को बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने इस अभियान की शुरूआत की, जो 6 जुलाई तक चलेगा। उन्होंने कहा कि जब भी गर्मी अधिक होती है तो हम पहाड़ों की तरफ रूख करते हैं, वहां पर अधिक पेड़-पौधे होने के कारण गर्मी का प्रभाव कम होता है। नायब सिंह ने संकल्प लेते हुए कहा कि हमें अपने जन्मदिन सहित अन्य सामाजिक समारोह में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का कार्य करना चाहिए। पेड़ लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाए।

नायब सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार ने जो काम पिछले 10 सालों में करवाए हैं, इससे पहले की सरकारों ने कुल मिलाकर भी उतने विकास कार्य नहीं करवाए। उन्होंने कहा कि जब रास्तों पर नजरें डालते हैं तो चारों तरफ नेशनल हाइवे, ग्रीन कोरिडोर, एक्सप्रेस-वे नजर आते हैं। रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण करने के अलावा देश को वंदे भारत जैसी ट्रेनें दी गई हैं।

# आदर्श पत्रकारिता के संवाहक थे देवर्षि नारद : नायब सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि देवर्षि नारद आदर्श पत्रकारिता के संवाहक थे। देवर्षि नारद घटनाओं का विश्लेषण कर-के अलग-अलग दृष्टिकोण के साथ सत्यता को सकारात्मक तौर पर प्रस्तुत करते थे। आजादी से लेकर आज आधुनिकता के दौर में पत्रकारिता का अहम योगदान रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह पंचकूला में विश्व संवाद केंद्र हरियाणा की ओर से देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर आयोजित 9वें राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। समारोह में पहुंचने पर हरियाणा विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष डॉ. मार्कण्डेय आहूजा, सचिव राजेश और डॉ.राजेश चौहान ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने देवर्षि नारद जयंती की पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारिता का श्रेय देवर्षि नारद जी को जाता है उस दौर से लेकर आज के इस आधुनिक दौर में पत्रकारिता ने अनेक आयाम तय किये हैं।

# गरीब परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार कटिबद्ध: गुप्ता

**सरहानीय कार्य**

**डॉ कमल गुप्ता ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, नए पेंशनधारकों को सौंपे अधिकार प्रमाण पत्र**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि गरीब परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए हरियाणा सरकार नित नई-नई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है ताकि वे इनका लाभ उठाकर राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा कर सके। डॉ. कमल गुप्ता हिसार में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपस्थित विभिन्न सरकारी योजनाओं के पात्र परिवारों के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए आयुष्मान भारत योजना, हैप्पी कार्ड योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना जैसी अनेक योजनाएं लागू करके गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया है। डॉ. गुप्ता ने डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के जिले के 872 पात्र परिवारों, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के 800 पात्र परिवारों तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 6808 पात्र लोगों को अधिकार प्रमाण पत्र सोंपे। उन्होंने बताया कि जून माह में इन सभी 6808 पात्र परिवारों की पेंशन बनाई गई है तथा इन सभी पात्र लोगों को जुलाई माह से ही पेंशन राशि मिलना आरंभ हो जाएगी। डॉ. बी आर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के जिले के सभी 872 परिवारों के बैंक खातों में लगभग 7 करोड़ रुपए की राशि डाल दी गई है। प्रत्येक पात्र परिवार को मकान नवीनीकरण के लिए 80-80 हजार रुपए की राशि उपलब्ध करवाई गई है। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के 800 परिवारों को एक-एक लाख रुपये की राशि प्लाट खरीदने के लिए सीधे बैंक खातों में भी डाल दी गई है।

# गरीब, शोषित, वंचित व पीड़ितों को मुख्यधांरा में लाने का प्रयास कर रही है सरकार: कंवरपाल

**प्रमाण पत्र वितरित**

**गरीब परिवारों के हितों के लिए सरकार चला रही है जन कल्याण योजनाएं, योजनाओं का सीधा मिल रहा है लाभ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण योजना के 4215, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के 512 तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना लाभ वितरण योजना के 451 लाभार्थियों को करोड़ों रुपये की सौगात के प्रमाण पत्र वितरित किए। श्री कंवरपाल आज यमुनानगर में लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना लाभ वितरण का जिला स्तरीय समारोह का आयोजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर यमुनानगर के विधायक श्री घनश्याम दास अरोड़ा विशिष्ट अतिथि रहे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार देश व प्रदेश के गरीब, शोषित, वंचित व पीड़ित को मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा गरीब परिवारों के हितों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है जिनका गरीबों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज बीआर अम्बेडकर आवास योजना के तहत वर्ष 2023-24 में 512 लोगों को 4 करोड़ 10 लाख रुपये का लाभ मिला। जबकि इस योजना के तहत आज 25 नए लोगों को 80-80 हजार रुपये उनके खाते में दिए गए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सम्मान पेंशन जिनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता 3549, दिव्यांग पैशन 106, बेसहारा व विधवा सम्मान भत्ता 298 व अविवाहित व विधुर 262 लाभार्थियों को करीब 4215 लाभार्थी बनते है जिन्हें 3000 रुपये उनके खाते में भेजे गए।

श्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना लाभ वितरण योजना के तहत 451 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की राशि के अधिकार पत्र वितरित किए। इसी प्रकार, आज जिला स्तरीय कार्यक्रम में कुल 20 करोड़ रुपये की राशि लाभार्थियों के खाते में भेजी।

# लाभार्थियों को योजनाओं का घर बैठे मिल रहा लाभ: रणजीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** प्रदेश सरकार की पारदर्शी प्रणाली के चलते लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। ऑनलाइन व्यवस्था स्थापित होने से अब लोगों को घर बैठे ही लाभ पहुंच रहा है। यह बात बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने रविवार को सीडीएलयू में आयोजित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों के जिला स्तरीय स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बुजुर्ग सम्मान पेंशन, दिव्यांग, विधवा पेंशन आदि योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरित किए। जिला सिरसा के पांच हजार से अधिक नए लाभार्थी इस योजना से जुड़े है। मुख्यातिथि सभी लाभार्थियों को बधाई व शुभकामनाए दी। बिजली मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की क्रियान्वित सभी योजनायें अंत्योदय के भाव को सार्थक कर रही है।

# अंत्योदय की पहचान कर हकदार को हक देने का कार्य किया: डॉ. अभय

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज पानीपत से राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वेब कास्टिंग के जरिए प्रदेश के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों के साथ बातचीत की तथा योजनाओं के बारे में फीडबैक लिया। हरियाणा के सिंचाई राज्यमंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने आज नारनौल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अंत्योदय की पहचान करके अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। अब असली हकदार को हक मिल रहा है। सरकार ने अधिकारों का ऐसा सिस्टम बनाया है कि सभी लाभ अपने आप मिलने लगे।डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, विदुर और अविवाहित नागरिकों को वित्तीय सहायता की योजना से बहुत बड़े वर्ग को सामाजिक सुरक्षा मिली है। कार्यक्रम में सिंचाई राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 50 लाभार्थियों को अधिकार पत्र सौंपे। डॉ. बी आर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के 426 लाभार्थियों को 80-80 हजार रुपए तक के लाभ सर्टिफिकेट वितरित किए। वहीं सेवा विभाग के लाभार्थियों को जून माह में प्रोएक्टिव मोड पर बनी नई पेंशन के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए।

**सर्टिफिकेट**

**जून माह में प्रोएक्टिव मोड पर बनी नई पेंशन के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए**

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यकर्ता मेरी सबसे बड़ी पॉवर : बीरेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** उचाना के रजबाहा रोड स्थित पैलेस में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह पहुंचे। यहां पर विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। गांव, बूथ स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को जोडने को लेकर भी चर्चा हुई। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि मेरी सबसे बड़ी ताकत मेरे कार्यकर्ता है। राजनीतिक जीवन में 52 साल में राजनीतिक के हर बुरे, अच्छे दौर में मेरे साथ रहे। जब पूरे प्रदेश में कांग्रेस की पांच सीट आई थी तो उस सीट में उचाना की सीट थी। राजनीतिक जीवन में हमेशा ईमानदारी से राजनीति की है। कभी द्वेष भावना से राजनीति नहीं की है। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जुलाई माह में हलके के सभी गांवों के दौरे वो कर लेंगे। अब तक जिन गांवों में वो गए है वहां पर कार्यकताओं, ग्रामीणों को पूरा प्यार, समर्थन मिल रहा है। अधिक से अधिक लोगों को हमें संगठन के साथ जोडना है। आज दूसरी पार्टियों के नेता, कार्यकर्ता कांग्रेस में आने के लिए तैयार है। कार्यकताओं को बस उनसे बातचीत करने की देरी है। कांग्रेस बड़े बहुमत से आने वाले विस चुनाव में सत्ता में आएगी। इस मौके पर राममेहर दनौदा, प्रेम पहलवान, रमेश खटकड़, राजबीर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सोशल मीडिया टीम की मीटिंग पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने लेते हुए कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया की राजनीति में अहम भूमिका है। सोशल मीडिया युवा वर्ग को अपनी तरफ आकर्षित करता है। सोशल मीडिया पर भी भी भ्रामक प्रचार न करें। संगठन की नीतियों के बारे अधिक से अधिक प्रचार करें।

### अगला चुनाव भाजपा व हरियाणा की जनता के बीच होगा :दीपेंद्र हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव भारत सरकार और देश के संविधान के बीच था और इसमें संविधान जीत गया, बीजेपी सरकार हार गयी। अब हरियाणा में आगामी चुनाव भाजपा सरकार और हरियाणा की जनता के बीच होगा, जिसमें हरियाणा जीतेगा और बीजेपी हारेगी। उन्होंने जीत का श्रेय इलाके की 36 बिरादरी के मतदाताओं और कार्यकताओं को देते हुए उनका आभार जताया और कहा कि ये जीत 36 बिरादरी के आशीर्वाद और कार्यकताओं की मेहनत की जीत है। रविवार को सांसद दीपेंद्र हुड्डा नई अनाज मंडी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सांसद कहा कि प्रदेश की जनता ने बदलाव की तैयारी कर ली है और लोकसभा चुनाव में इसकी झलक दिखा दी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताओं ने अभी भी जनादेश से सबक नहीं लिया और अहंकार व तानाशाही पर उतारू हैं। दीपेन्द्र हुड्डा ने भाजपा को चेतावनी देकर कहा कि जनता ने लोकसभा में किया हाफ, विधानसभा में करेगी साफ। इंडिया गठबंधन को देश के सभी 28 प्रदेशों की तुलना में सबसे ज्यादा मत प्रतिशत 47.6: हरियाणा मिला। यही नहीं, 2019 के मुकाबले मत प्रतिशत में अन्य सभी राज्यों की तुलना में सर्वाधिक 19.2: बढ़ोतरी भी हरियाणा में हुई। सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के वोट प्रतिशत में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई और भाजपा के वोट प्रतिशत में रिकॉर्ड गिरावट आयी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को केवल 10 सीटों पर बढ़त मिली थी, जबकि बीजेपी को 79 पर बढ़त मिली। लेकिन विधान सभा चुनाव में कांग्रेस 10 से बढ़कर 31 पर आ गई और बीजेपी 79 से 40 सीटों पर रह गई।

इससे पहले सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर मदनलाल धींगरा कम्यूनिटी सेंटर में आईएमए रोहतक द्वारा आयोजित कार्यक्रम समेत रोहतक के करीब आधा दर्जन कार्यक्रमों में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सभी चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि 2004 के पहले इस इलाके में कोई बड़ा चिकित्सा केंद्र नहीं था। इस अवसर पर विधायक भारत भूषण बतरा, विधायक शकुंतला खटक, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दाँगी, प्रो. वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक संत कुमार, चक्रवर्ती शर्मा, आईएमए रोहतक के अध्यक्ष डॉ. रविन्दर हुड्डा, डॉ. अनिल बिरला, डॉ. अर्जुन नरूला, डॉ. रवींद्र चौधरी, डॉ. एस.एल. वर्मा, डॉ देवेन्द्र सांगवान आदि मौजूद रहे।

# परिजनों ने मृतक का शव लेने से किया इनकार तो प्रशासन में मचा हड़कंप

**अड़े**

**परिजनों ने कहा कि मौखिक आश्वासन से कुछ होने वाला नहीं है और उन्हे तो लिखित में आश्वासन चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** सफीदों उरलाना हैड के पास बुटाना ब्रांच नहर में शनिवार को मनरेगा में काम कर रही महिला मजदूर की अचानक पैर फिसलकर गिरने से मौत में मामले में रविवार को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों से उसे लेने से मना कर दिया। मजदूर नेता राधेश्याम हाट के नेतृत्व में परिजनों ने मांग रखी कि जब तक परिवार को उचित मुआवजे, मजदूरों के लिए सेफ्टी किट उपलब्ध करवाने व घटना के दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का लिखित आश्वासन प्राप्त नहीं हो जाता तब तक वह शव को अस्पताल से नहीं उठाएंगे। शव न लेने को लेकर प्रशासन में हड़कंप मच गया। आननफानन में सदर थाना प्रभारी आत्मा राम, नहरी विभाग के एसडीओ राहुल, जेई अमित व एबीपीओ अनिल मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों को मुआवजे का आश्वासन दिया लेकिन परिजन नहीं माने। परिजनों ने कहा कि मौखिक आश्वासन से कुछ होने वाला नहीं है और उन्हे तो लिखित में आश्वासन चाहिए। उसके बाद काफी देर मशक्कत करने के उपरांत मौके पर पहुंचे अधिकारियों व पुलिस ने एसडीएम से फोन पर बात की। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि परिवार को हरसंभव मदद दिलवाने के प्रयास किए जाएंगे। एसडीएम के आश्वासन पर परिजन मान गए और शव को नागरिक अस्पताल से गांव में ले गए। बता दें कि शनिवार को उरलाना हैड के पास मनरेगा के तहत बुटाना ब्रांच नहर की सफाई कार्य के दौरान टीटोखेड़ी की कमलेश का पैर फिसलने से मौत हो गई थी।

# आयुष्मान भारत गुणवता स्वास्थ्य कार्यक्रम में राज्य के तीन अस्पतालों को किया गया पुरस्कृत

## स्वास्थ्य विभाग की टीम बधाई की पात्र - स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने 28 जून को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित आयुष्मान भारत गुणवत स्वास्थ्य कार्यक्रम में राज्य के तीन अस्पतालों को पुरस्कृत किया गया। हरियाणा की ओर से महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं. डॉ. रणदीप सिंह पूनिया, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. कुलदीप सिंह व संबंधित जिले के सिविल सर्जन ने पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि आयुष्मान भारत गुणवत स्वास्थ्य कार्यक्रम में राज्य के तीन अस्पताल नामतः सिविल अस्पताल, सेक्टर 10, गुरुग्राम, उप जिला अस्पताल होडल, जिला पलवल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर, जिला सोनीपत को भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया। इन स्वास्थ्य संस्थानों को गुणवत्तापूर्ण रोगी देखभाल प्रदान करने में उनकी उपलब्धि और राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुसार गुणवत्ता प्रमाणकों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है।

उन्होंने बताया के राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों का 2026 तक गुणवत्ता (एन. क्यू.ए.एस.) प्रमाणीकरण का लक्ष्य रखा गया है। श्री सुधीर राजपाल ने बताया कि हरियाणा के 158 सरकारी स्वास्थ्य संस्थान राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुपालन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा गुणवत्ता प्रमाणित हैं। जिला नागरिक अस्पताल, पंचकुला एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कुरुक्षेत्र एन.क्यू.ए.एस. प्रमाणन प्राप्त करने वाला देश का पहला जिला अस्पताल है। जिला नागरिक अस्पताल फरीदाबाद भी बाल स्वास्थ्य गुणवत्ता मेवाओं के लिए मुस्कान प्रमाणन प्राप्त करने वाला देश का पहला स्वास्थ्य संस्थान है। सोनीपत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केंद्र रायपुर का देश में पहला एन.क्यू.ए.एस. वर्चुअल नेशनल असेसमेंट हुआ है जिसका एन.क्यू.ए.एस. प्रमाण पत्र भी भारत सरकार के उपरोक्त आयुष्मान भारत गुणवत स्वास्थ्या कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया।

**गुणवत्ता**

**भारत सरकार के उपरोक्त आयुष्मान भारत गुणवत स्वास्थ्या कार्यक्रम में प्रदर्शित किया गया**

# केंद्रीय ऊर्जा के प्रयासों से हरियाणा को मिलेंगे वेस्ट-टू-चारकोल प्लांट

**सौगात**

**एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड गुरुग्राम-मानेसर और फरीदाबाद में लगाएगा प्लांट**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के अथक प्रयासों से हरियाणा में जल्द ही कचरे से चारकोल बनाने वाले प्लांट लगेंगे, जिन्हें ग्रीन कोल प्लांट भी कहा जाता है। इस प्लांट के लिए एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएनएल) और हरियाणा सरकार के बीच जल्द ही समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। गुरुग्राम-मानेसर और फरीदाबाद में प्लांट स्थापित करने के बाद इस पहल का विस्तार हरियाणा के अन्य शहरों में भी किया जाएगा। एनवीवीएनएल के अधिकारी जल्द ही हरित कोयला संयंत्र (ग्रीन कोल प्लांट) स्थापित करने के लिए कुछ स्थलों का दौरा करेंगे। इन संयंत्रों को क्रियान्वित करने के लिए शुक्रवार सायं श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली में मनोहर लाल की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें हरियाणा सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। शहरों में लगातार बढ़ते ठोस कचरे से निजात पाने के लिए नगर निगम में ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन पर विस्तृत कार्य योजना बनाई जा रही है। बैठक के दौरान ठोस अपशिष्ट से ग्रीन कोल बनाने की एनवीवीएनएल की पहल पर विस्तृत चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि ग्रीन कोल, जिसे जैव-कोयला भी कहा जाता है, पारंपरिक अपशिष्ट का एक स्थायी विकल्प है, क्योंकि इसे थर्मल पावर प्लांट में बिजली उत्पादन के लिए नियमित कोयले के साथ मिश्रित किया जा सकता है।

एनवीवीएनएल ने हाल ही में ठोस अपशिष्ट से ग्रीन कोल बनाने के लिए वाराणसी में एक संयंत्र स्थापित किया है। यह संयंत्र 600 टन अपशिष्ट का उपभोग करेगा तथा 200 टन ग्रीन कोल का उत्पादन करेगा, जिससे बहुत कम अवशेष बचेगा। एनवीवीएनएल हल्द्वानी, वडोदरा, नोएडा, गोरखपुर तथा भोपाल में भी ग्रीन कोल संयंत्र स्थापित करने के लिए विभिन्न चरणों में कार्य कर रहा है।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने निर्देश दिए कि हरियाणा के विभिन्न जिलों में हरित कोयला परियोजनाएं स्थापित की जाएं। नगर निगम आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने बताया कि नगर निगम ने पहले ही यह प्रक्रिया शुरू की दी है तथा एनवीवीएनएल अधिकारियों के साथ गुरुग्राम में कुछ साइट्स दिखाई हैं।

केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि नगर निगम एनवीवीएनएल के साथ मिलकर बंधवाड़ी या गुरुग्राम व मानेसर के आसपास वैकल्पिक स्थलों पर एक ग्रीन कोल प्लांट स्थापित करे। उन्होंने कहा कि यह प्लांट प्रतिदिन लगभग 1200 टन ठोस अपशिष्ट का निपटान करने में सक्षम होना चाहिए। इसी प्रकार, फरीदाबाद नगर निगम को एनवीवीएनएल के साथ मिलकर गांव मोठूका में उपलब्ध भूमि पर 1000 टन प्रतिदिन क्षमता का प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।

गुरुग्राम-मानेसर व फरीदाबाद में वेस्ट-टू-ग्रीन कोल प्लांट स्थापित करने से न केवल अपशिष्ट समस्या का स्थायी समाधान होगा, बल्कि ऊर्जा उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

# हरियाणा में बीजेपी सरकार ने उद्योगों की हालत बद से बदतर की: डॉ. सुशील गुप्ता

**साधा निशाना**

**बीजेपी सरकार ने उद्योगों के लिए न कोई पॉलिसी बनाई और न कोई सुविधा दी: डॉ. सुशील गुप्ता**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बयान जारी कर बीजेपी सरकार को घेरा। बीजेपी सरकार ने हरियाणा में उद्योगों की हालत बद से बदतर कर दी है। हरियाणा में उद्योग लगातार बंद हो रहे हैं। बीजेपी सरकार उद्योगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। हरियाणा में बीजेपी सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। उन्होंने कहा बड़े उद्योगपतियों का कहना है कि हरियाणा की बीजेपी सरकार उनके लिए कुछ नहीं कर रही। सरकार ने उद्योगों के लिए न कोई पॉलिसी बनाई, न कोई सुविधा दी और सरकार ने कोई इंफ्रास्ट्रक्चर भी नहीं बनाया। प्रति दिन गोलियां चलाकर और पर्ची फेंककर व्यापारियों और उद्योगपतियों से फिरौती मांगी जा रही है। लेकिन सरकार ने उद्योगपतियों की सुरक्षा के लिए भी कुछ नहीं किया। जिस कारण उद्योगपति हरियाणा छोड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 3 साल में 3 लाख से ज्यादा छोटे उद्योग बंद हो चुके हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नायब सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार बनेंगी हरियाणा में भाजपा सरकार: बलदेव सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पंचकूला में भाजपा कार्यकर्ताओं कि विशाल बैठक में कार्यकर्ताओं में होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रति जबरदस्त जोश देखने मिला। कार्यकर्ता मीटिंग में उपस्थिति देने उपरांत कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने बताया कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे जोश में है। उन्होंने कहा कि पंचकूला में संपन्न हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव जीतने का मंत्र दे दिया है अब कार्यकर्ता जी जान से हर बूथ पर कड़ी मेहनत करेंगे। सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां आम जनता को लाभान्वित कर रही हैं इसलिए हरियाणा प्रदेश की जनता तीसरी बार हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का पूरा मन बना चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश भरपूर तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी से हरियाणा का प्रत्येक वर्ग खुश है और तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर नायब सैनी को फिर से मुख्यमंत्री देखना चाहता है। सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि आम जनता को जितनी सुविधाएं भाजपा सरकार ने दी हैं इतनी सुविधा पहले किसी सरकार ने नहीं दी इसीलिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ईमानदार और लोकप्रिय नेता के रूप में जनता को पसंद आ रहे हैं। सरपंच ने कहा कि गांव कैंथला खुर्द का प्रत्येक कार्यकर्ता हर बूथ पर विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कड़ी मेहनत करेगा।

### खेलों में उज्ज्वल भविष्य :धर्मवीर

**समालखा (कुलदीप सिंह )**



ज़िला फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी धर्मवीर सिंह आर्य ने कहा कि समय बदल गया है आज खेलों में उज्ज्वल भविष्य है, पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार व समाजसेवी संगठनों द्वारा बहुत प्रोत्साहन दिया जाता है। श्री आर्य रविवार को हथवाला रोड स्थित लोर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में ज़िला फेंसिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक माह के ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन पर खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फेंसिंग ओलंपिक खेल है और इसमें बहुत संभावनाएँ हैं। पानीपत ज़िले में फेंसिंग के बच्चे बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि फेंसिंग में उपलब्धियों का श्रेय वरिष्ठ कोच नरेंद्र सिंह लठवाल को जाता है।वे दिन रात मेहनत कर प्रतिभाशाली खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं। लोर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल के संचालक सुरेंद्र सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम फेंसिंग के खिलाड़ियों को हर संभव मदद करेंगे। इस अवसर पर ज़िला फेंसिंग एसोसिएशन के सचिव संजीव त्यागी ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया।उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी कार्यक्रम में खेल विभाग के वरिष्ठ प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह लठवाल भी मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र से धार्मिक स्थलों के लिए चलाई जा रही है बस सेवा: सुधा

### राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस सेवा को हरी झंडी देकर किया रवाना

**हरी झंड़ी दिखाई**

**वेलफेयर एसो. व विद्यार्थियों की मांग को पूरा करते हुए 1 सिटी बस को भी झंडी दिखाकर रवाना किया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने रविवार को कुरुक्षेत्र जिले के श्रद्धालुओं की पुरानी मांग को पूरा करते हुए कुरुक्षेत्र नए बस स्टैंड से श्री खाटू श्याम धाम के लिए कुरुक्षेत्र रोडवेज की बस को हरी झंडी दिखाकार रवाना किया। इसके साथ-साथ उन्होंने रेजीडेंट वेल्फेयर एसोसिऐशन व विद्यार्थियों की मांग को पूरा करते हुए 1 सिटी बस को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां पहुंचने पर जीएम रोडवेज शेर सिंह ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर राज्यमंत्री ने बस में सवार होकर खाटू श्याम का नारा लगाकर श्रद्धालुओं को बस की सौगात मिलने पर बधाई भी दी।

राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने इस मौके पर कहा कि यह लोगों की पुरानी मांग थी, जो कि आज पूरी हो गई है। कुरुक्षेत्र नए बस स्टैंड से यह बस सुबह 8.30 बजे चलेगी और 152डी से होते हुए खाटू श्याम सायं 4 बजे पहुंचेगी। इस का किराया मात्र 435 निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में हैप्पी कार्ड योजना भी चलाई है, जिसके माध्यम से संबंधित लाभार्थी वर्ष में 1 हजार किलोमीटर निशुल्क यात्रा कर सकता है। हैप्पी कार्ड योजना से लाभार्थियों को काफी फायदा मिल रहा है। राज्यमंत्री ने सिटी बस की सौगात देते हुए कहा कि आरडब्लयूए व विद्यार्थियों की मांग पर नए स्टैंड से यह बस सेवा शुरू की गई है। यह बस नए बस स्टैंड से चलेगी और सेक्टर-13, 8, 7, 5, 4, 3, 2 से होते हुए उमरी चौंक पहुंचेंगी। यह बस प्रत्येक घंटे नए बस स्टैंड से यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने बताया कि श्री खाटू श्याम धाम के लिए जल्द ही एक ओर बस चलाई जाएगी। कुरुक्षेत्र धर्मनगरी है, यहां पर श्रद्धालु देश-विदेश से आते है। यहीं पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इससे पहले भी हरिद्वार सहित कई धार्मिक स्थलों के लिए बस सेवा शुरू की जा चुकी है। आने वाले समय में यदि किसी तीर्थ स्थल जाने के लिए बस सेवा की मांग की जाती है तो वह भी पूरा करने का मांग किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिलें, इसके लिए परिवहन बेड़े में एसी बसों के साथ-साथ-साथ अन्य नई बसे खरीदकर यात्रियों को सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा यह सौगात देने के लिए कुरुक्षेत्र जिले की तरफ से उनका दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि गत्त शनिवार को पंचकूला में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकताओं की बैठक में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह ही होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह से इससे पहले कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद थे, उनके साथ काम करने का उन्हें मौका मिला है और अब वह प्रदेश में मुख्यमंत्री है। सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के सिद्धात पर प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। इस मौके पर जीएम रोडवेज शेर सिंह, डीआईपीआरओ धर्मेंद शर्मा, एआईपीआरओ बलराम शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## कला परिषद व इबारत लेखक मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**याद में मुशायरा**

**दीपक देव कुरुक्षेत्र का युवा कवि था उनकी याद में कला परिषद के कला कीर्ति भवन में मुशायरा आयोजित किया**

**कुरूक्षेत्र** : इबारत लेखक कला मंच चंडीगढ़ व हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में दीपक देव कुरूक्षेत्र का युवा कवि था उनकी याद में हरियाणा कला परिषद के कला कीर्ति भवन में मुशायरा आयोजित किया गया। मुशायरे की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित करके और पुष्प अर्पित करके आरंभ की गई दीप प्रज्ज्वलित शम्स तबरेजी, नवीन नीर,सूबे सिंह सुजान, अशोक नूर, गायत्री कौशल आर्य और दीपक देव के परिवार के सदस्यों द्वारा किया गया।

इबारत के अध्यक्ष नवीन नीर साहब ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और संचालन डॉ बलवान सिंह बादल ने किया। मुशायरा की सदारत चंडीगढ़ के वरिष्ठ शायर शम्स तबरेजी ने की। मुशायरे में चंडीगढ़ से शायरों में सुशील हसरत नरेलवी,नवीन नीर,उर्मिल सखी,नवीन गुप्ता नवी,जगाधरी यमुनानगर से अशोक नूर, चरणजीत चंदवाल, सहारनपुर से कासिफ रजा, कुरूक्षेत्र से सूबे सिंह सुजान,डॉ बलवान सिंह बादल,डॉ संजीव अंजुम, प्रकाश कुरूक्षेत्री, गायत्री कौशल आर्य, डॉ कुमार विनोद शामिल रहे।मुशायरे में दीपक देव दिवंगत कवि को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी पत्नी पूजा शर्मा ने उनकी आवाज में मोबाइल के माध्यम से उनकी गजल सब श्रोताओं को सुनवाई और उन्होंने उनको अपने शब्दों में भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके परिवार से उनके भाई विकास शर्मा व उनकी पुत्रियां तनवी, खुश्बू और उनके मित्रों में अश्वनी, राकेश व अन्य अनेक मित्र उपस्थित रहे।

## उपायुक्त व एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर ने लोकसभा चुनाव खर्च को लेकर प्राप्त की प्रत्याशियों की आपत्तियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ॰ मनोज कुमार व लोकसभा आम चुनाव-2024 के एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर अविजीत रक्षित ने प्रगति हॉल में लोकसभा चुनाव खर्च को लेकर प्रत्याशियों की आपत्तियां प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने खर्च कमेटी द्वारा निर्धारित प्रत्याशी का खर्च ब्यौरा और प्रत्याशी पेश किए खर्च ब्यौरा का मिलान किया और प्रत्याशी द्वारा दी गई आपत्तियों के बारे में सुनवाई करते हुए कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसका दोबारा अच्छी तरह मिलान कर अगर यह आपत्तियां सही है तो इसे ठीक करना सुनिश्चित करें। इस दौरान खर्च कमेटी के नोडल अधिकारी एवं आरटीए ने बताया कि सोनीपत लोकसभा से 07 उम्मीदवार ऐसे है जिन्होंने अपना खर्च रजिस्टर जमा नहीं करवाया है उसे संपर्क किया जा चुका है वे जल्द अपना खर्च रजिस्टर जमा करवाएंगे। इसके अलावा 13 ऐसे उम्मीदवार है जिन्होंने अपना खर्च रजिस्टर जमा करवा दिया है।

## अम्बाला में नाबार्ड द्वारा तीन दिवसीय तरंग मेला आयोजित

**उठाएं लाभ**

**नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक निवेदिता तिवारी द्वारा किया गया तरंग मेले का उदघाटन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नाबार्ड द्वारा 28 से 30 जून, 2024 तक तीन दिवसीय तरंग मेले का आयोजन पंचायत भवन अम्बाला शहर में किया गया। इस मेले का उदघाटन नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक निवेदिता तिवारी द्वारा किया गया। इस समारोह में नाबार्ड महाप्रबंधक श्रीमती माया देवी भी उपस्थित रही। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक निवेदिता तिवारी ने कहा कि तरंग मेले का उद्देश्य किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) एवं उनके द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों को बढ़ावा देते हुए उन्हें सशक्त एवं समृद्धि की ओर ले कर जाना है। इस मेले में 6 प्रदेशों के 40 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश के शिमला व चंबा के दूर दराज क्षेत्र पांगी के हेजलनट और मेवे, जम्मू कश्मीर के पश्मीना स्टाल, पहोवा का शुद्ध देसी घी और गुड, मिलेट के बिस्कुट जैसे विभिन्न उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। मेले में ज्यादा खरीद करने वाले ग्राहक को लक्की ड्रा में उपहार दिए जायेंगे। इससे पूर्व तरंग मेला में नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक, श्रीमती निवेदिता तिवारी ने एफपीओ द्वारा अपने उत्पादों के लगाए गये स्टॉल का अवलोकन किया और सदस्यों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि नाबार्ड की यह पहल, एफपीओ के सदस्यों को संभावित खरीदारों और भागीदारों के साथ जुडने का अवसर प्रदान करेगी। विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उद्योग विशेषज्ञों, संभावित निवेशकों और साथी प्रतिभागियों के साथ बातचीत करने के लिए एफपीओ और एसएचजी के लिए एक मंच प्रदान किया गया है। किसानों के लिए ग्राहकों के रूझान, कृषि की नवीनतम तकनीकों को जानने, समझने का मौका मिलेगा।

## जिला पुलिस कुरुक्षेत्र से 5 पुलिस कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस कुरुक्षेत्र के 5 पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि दिनांक 30 जून को जिला पुलिस के उप निरीक्षक महेंद्र पाल, राम कुमार, देवीचंद व हैड कांस्टेबल वेदपाल तथा कुक मदन सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत हुए पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए निरीक्षक मेवा देवी ने कहा कि पुलिस विभाग आप द्वारा दी गई सेवाओं को हमेशा याद रखेगा। निरीक्षक ने विदाई समारोह में सेवानिवृत अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने अपने जीवन का करीब आधा भाग पुलिस विभाग को दिया है। पुलिस विभाग में रहते हुए आपको बहुत सी नई चीजें भी सीखने को मिलीं होंगी। विभाग में आपका अनुभव काफी लम्बा रहा है इसलिए आप अपने पुलिस कर्मचारियों का मार्ग-दर्शन करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में नौकरी मिलना व स्वस्थ रहते हुए सेवानिवृत्त होना बड़े सौभाग्य की बात है। पुलिसकर्मियों का अच्छे स्वास्थ्य के साथ सेवानिवृत्त होना किसी बड़े अवार्ड से कम नहीं है। निरीक्षक ने कहा कि आपको पुलिस विभाग से सेवानिवृत होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आज से आप एक आम नागरिक बन कर समाज में प्रवेश करेंगे। आप अपने परिवार में एक पारिवारिक सदस्य बनकर अपने परिवार को समय दें। खाली समय में देश व समाज के हित के कार्य करें, हमेशा सकारात्मक गतिविधियों में शामिल रहें।

**मार्गदर्शन करें**

**खाली समय में देश व समाज के हित के कार्य करें, हमेशा सकारात्मक गतिविधियों में शामिल रहें**

## प्रदेश सरकार कर रही है लगातार जनहित के कार्य - राजेश लाडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढः** जिला परिषद चेयरमैन राजेश लाडी ने कहा कि जिन बिजली उपभोक्ताओं की मासिक घरेलू खपत 100 यूनिट या उससे कम है एवं 2 किलोवाट तक या उससे कम का बिजली कनैक्शन है तो उनका मासिक न्यूनतम शुल्क का प्रावधान खत्म कर दिया गया है। इन उपभोक्ताओं को केवल खपत के आधार पर उर्जा शुल्क का भुगतान करना होगा। लगभग 9.50 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा, 274.37 करोड़ की सबसिडी प्रति वर्ष राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी। इस योजना को शुरू करने पर चेयरमैन राजेश लाडी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार लगातार जनहित में ऐसे निर्णय और योजनाएं लागू कर रही है जिससे कि प्रत्येक वर्ग के पात्र व्यक्ति को उनका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आवेदक के पास 2 किलोवाट या उससे कम का घरेलु कनैक्शन होना चाहिए। आवेदक की सालाना आमदनी 1.80 लाख रुपए तक है तो वह पहली कैटेगरी में आयेगा तथा 1.80 लाख से 3 लाख तक है तो वह दूसरी कैटेगरी में आयेगा। उपभोक्ता की औसत मासिक खपत 200 यूनिट या उससे कम होनी चाहिए, 30 हजार रुपए प्रति किलोवाट सबसीडी भारत सरकार द्वारा दी जायेगी जोकि 2 किलोवाट के उपभोक्ता के लिए 60 हजार रुपए होगी।

प्रथम कैटेगरी में जहां सालाना आमदनी 1.80 लाख तक है, राज्य सरकार द्वारा 25 हजार रुपए प्रति किलोवाट के हिसाब से 2 किलोवाट के उपभोक्ता के लिए अधिकतम 50 हजार रुपए की सबसीडी दी जायेगी।

### स्मैक व हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराधियों की धरपकड़ को लेकर जिला पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार स्पैशल अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जाखल पुलिस ने गश्त के दौरान दो युवकों को काबू कर इनके पास से स्मैक के अलावा 2 पिस्टल 32 बोर व 8 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने सप्लायर को भी काबू करने में कामयाबी पाई है। पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान जसबीर सिंह उर्फ जस्सी पुत्र वालू राम निवासी नायक बस्ती जाखल, गुरदीप सिंह पुत्र बन्त राम निवासी चोटियां, पंजाब व जोनी पुत्र देशराज निवासी जोनी जूस वाला जाखल मंडी के रूप में हुई है।

## प्रयास फाउंडेशन के बने प्रोफेसर सुशीला चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**जिम्मेदारी**

**वर्ष 2020 में कुरुक्षेत्र में प्रयास शाखा बनाई गयी थी। प्रयास का कार्य नशा मुक्त अभियान से जुड़ा हुआ है**

**कुरुक्षेत्र** : प्रयास फाउंडेशन शाखा कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। वर्ष 2000 से अस्तित्व में आई प्रयास फाउंडेशन के संस्थापक सेवानिवृत भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहब है जिन्होंने फतेहाबाद से इसका श्रीगणेश किया था। वर्ष 2020 में कुरुक्षेत्र में प्रयास शाखा बनाई गयी थी। प्रयास का कार्य नशा मुक्त अभियान से जुड़ा हुआ है। आज प्रयास की प्रधान प्रोफेसर सुशीला चौहान की अध्यक्षता में प्रयास कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय विधि संकाय की निदेशक प्रोफेसर सुशीला चौहान को महिला प्रधान मनोनीत किया जबकि राजकीय महाविद्यालय रादौर की प्रोफेसर रितु बेनीवाल को उप प्रधान मनोनीत किया गया। इसके साथ ही पुरुष वर्ग में नरेश सैनी को प्रधान चुना गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. एम एम सिंह को उप प्रधान तथा शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश को भी उप प्रधान बनाया गया। कुलदीप सिंह किरमच को महासचिव और सेवानिवृत पुलिस उप निरीक्षक कर्म चंद को कोषाध्यक्ष एवं प्रवीण कुमार को सह कोषाध्यक्ष चुना गया। इंजीनियर कंवल सचदेवा को समन्वयक का कार्यभार सौंपा गया। पत्रकार तरुण वधवा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी चुने जाने के बाद महिला प्रधान प्रोफेसर सुशीला चौहान ने कहा कि नशा एक ज्वलंत विषय है जिस पर सबको मिलकर कार्य करना होगा।

## तरंग मेले में एफपीओ से जुडे किसान पहुंचे अपने उत्पाद लेकर

### -एफपीओ से जुडे किसानों ने अपने उत्पाद को लेकर किए अनुभव सांझा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**जागरूक किया**

**तरंग मेले में आकर उन्हे लाभ मिला है। उन्होंने इसके लिए नाबार्ड का धन्यवाद भी किया**

**अम्बाला:** नाबार्ड द्वारा पंचायत भवन अम्बाला शहर में आयोजित तीन दिवसीय तरंग मेले में अपने उत्पाद लेकर पहुंचे एफपीओ से जुड़े किसानों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए अपने उत्पाद की जानकारी दी और कहा कि तरंग मेले में आकर उन्हे लाभ मिला है। उन्होंने इसके लिए नाबार्ड का धन्यवाद भी किया।

जिला यमुनानगर के रणजीतपुर/राणीपुर से तरंग मेले में पहुंचे बिलासपुर कौशल डेयरी फार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटड यमुनानगर के अमरपाल आर्य ने बताया कि उनके एफपीओ से लगभग 200 किसान जुडे हुए हैं तथा 10 डायरैक्टर हैं। उन्होंने बताया कि उनके एफपीओ को नाबार्ड से आर्थिक मदद मिलने के साथ-साथ ट्रेनिंग भी दिलवाई गई है। वे ओर्गेनिक तरीके से गुड, शक्कर, देशी गाय का देशी घी जैसे उत्पाद तैयार कर लोगों को उचित दाम पर उपलब्ध करवा रहे हैं। उनके उत्पाद को देखने और खरीदने में लोग भी रूचि ले रहे हैं।

राजस्थान से आए पुष्कर किसान समृद्धि प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटड से जुडे किसान प्रदीप कुमार ने बताया कि उनके एफपीओ के साथ लगभग 500 किसान जुडे हुए हैं और वे लोग गुलकंद, आंवला कैंडी, शरबत, मेथी, पुदिना जैसे उत्पाद तैयार कर बिक्री कर रहे हैं। उन्होने बताया कि लगभग तीन साल से उनका एफपीओ काम कर रहा है। आंवला की चटपटी कैंडी जोकि प्रोसैस करके बनाई जाती है उसकी सबसे अधिक डिमांड है।

सतुदर बीकीपर्स प्रोडयूसर कंपनी लिमिटड फतेहगढ साहिब के डायरैक्टर भगवंत सिंह ने बताया कि उनके एफपीओ से 300 किसान जुडे हैं और यह लगभग डेढ साल से काम कर रहा है। उन्होने बताया कि नाबार्ड द्वारा उन्हें ग्रांट देने के साथ-साथ ट्रेनिंग भी दी गई है। उनके एफपीओ के साथ जुडे किसान हल्दी, मुंग तथा शहद और नैचुरल तरीके से बीपूलन मधुमक्कखी के माध्यम तैयार होता है, उसकी बेहद डिमांड है। उन्होंने कहा कि बीपूलन स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ शुगर और कलस्ट्रोल कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने में काफी कारगर है। उन्होने बताया कि बी-पूलन की 100 ग्राम की कीमत 200 रुपए रखी गई है।

## डॉ दिनेश निंबाड़िया बने दूसरी बार हजरस के राज्य प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सरोहा ने बताया कि हजरस के तत्वावधान में डॉ अंबेडकर भवन महेंद्रगढ़ में एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतिनिधि अधिवेशन की अध्यक्षता राज्य प्रधान डॉक्टर दिनेश निंबडिया ने की। राज्य स्तरीय प्रतिनिधि अधिवेशन में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में स्वतंत्र मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेंद्र जरोंडे व हजरस के फाउंडर श्री नरेश कुमार ने वक्तव्य रखे। अधिवेशन को संबोधित करते हुए माननीय नरेंद्र भाई जोरांडे ने राष्ट्रीय स्तर पर अंबेडकराइट विचारधारा के संगठित व असंगठित कर्मचारियो के संगठित होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा सभी प्रदेशों के कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि जल्द से जल्द संगठित होकर स्वतंत्र मजदूर यूनियन को राष्ट्रीय स्तर पर अंबेडकराइट ट्रेड यूनियन बनाने का काम करें। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर से सोहन सिंह गोयल ने हरियाणा के कर्मचारियों का आहवान किया कि आप सभी संगठित होकर अनुसूचित जाति वर्ग का 20% प्रतिनिधित्व पूरा करने का आंदोलन चलाएं आपके आंदोलन को यदि हमारी जरूरत पड़ी और आप दिल्ली में आंदोलन करते हैं तो हम भारी संख्या में आपके आंदोलन को मजबूत करने का काम करेंगे।

## संपादकीय

# अमेरिका का असली चेहरा हुआ उजागर

**विदेशी** शक्तियों द्वारा भारतीय चुनावों को प्रभावित करके नरेन्द्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने के सारे प्रयासों को धूल चटाते हुए नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सरकार बना ली है किन्तु यह गठबंधन सरकार है और भाजपा के पास पूर्ण बहुमत नहीं है। भारत में सत्ता परिवर्तन में असफल रहने के बाद, भारत विरोधी ताकतें एक बार फिर सक्रिय हो गई हैं क्योंकि इनको लग रहा है कि चूंकि वर्तमान लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी को अकेले पूर्ण बहुमत नहीं है तो यही समय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के विश्व के शक्तिशाली देशों में शामिल होने और तीसरी सबसे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प को तोड़ा जा सकता है। मोदी के शपथ ग्रहण के साथ ही ये शक्तियां काम पर जुट गई हैं और स्वाभाविक रूप से भारत में बैठे इनके समर्थक उसमें सहायता दे रहे हैं। लोकसभा में भाजपा की सीटों की संख्या कम हो जाने का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दुष्प्रभाव मात्र बीस दिनों में ही सामने आने लगा है। चुनावों से पूर्व जो भारत विरोधी ताकतें मोदी सरकार को हारने में लगी थीं अब सरकार का मनोबल तोड़ने और हर दिन उसके गिरने की बात कर रही हैं । सरकार के विरुद्ध पहले दिन से ही मुद्दे देने का काम आरम्भ हो चुका है जिसका आरम्भ एलन मस्क ने ईवीएम मशीनों पर बयान देकर किया और यहां के विरोधी दलों ने उसको आधार मानकर एक बार फिर ईवीएम पर बहस छेड़ दी । महाराष्ट्र के एक टेबलायड ने तो एक केंद्र पर ओटीपी से ईवीएम हैक होने की कहानी भी बना दी। विपक्ष प्रधानमंत्री के जी-सेवेन में जाने पर प्रश्न उठाने लगा किया और अब अमेरिका से भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर भेदभाव को लेकर एक रिपोर्ट आई है । दूसरी तरफ एक समचार यह भी आ रहा है कि नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन जाने से पाकिस्तान परेशान है क्योंकि भाजपा की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान लगातार यह बात कही गई थी कि पीओके भारत का अभिन्न अंग है, वहां की धरती पर पाकिस्तान का कब्जा पूरी तरह से अवैध है । मीडिया की मानें तो पाकिस्तान भारत से सीधी बातचीत करने के लिए उतालवा है तथा अमेरिका के माध्यम से भारत पर सीधी बातचीत का दबाव डलवाने का प्रयास कर रहा है। भारत में नई सरकार के गठन के बाद, अमेरिका से इस विषय को लेकर यद्यपि एक सधा सा बयान आया था किंतु उसका परोक्ष संकेत यही था कि अब भारत व पाकिस्तान को आमने सामने बैठकर सीधी वार्ता करनी चाहिए । स्मरणीय है कि चुनावों से पूर्व ही अमेरिका भारतीय संसद से पारित सीएए कानून की निंदा भी कर चुका है। आगामी समय भारत के लिए कठिन होने की आशंका व्यक्त जा रही है क्योंकि अब राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बन चुके हैं और मुस्लिम तुष्टिकरण में किसी भी सीमा तक जाने की राजनीति करने वाले दलों के सांसदों की संख्या 234 तक पहुंच गई है। कांग्रेस के 98 सांसदों के अतिरिक्त मुस्लिमों पर आधारित समाजवादी पार्टी के 37, सनातन हिंदू समाज के उन्मूलन का स्वप्न देखने वाले तमिलनाडु से द्रमुक के 21 तथा हिन्दुओं को तृतीय श्रेणी का नागरिक मानने वाली बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 29 सांसद हैं । इन सभी दलों के विचारक व कार्यकर्ता मुसलमानों के उत्पीड़न की फर्जी कहानियां और वीडियो बनाकर भारत विरोधी विदेशी ताकतों को बेचते हैं और फिर ये ताकतें उन कहानियों और वीडियो के आधार पर सरकार विरोधी वातावरण बनाने का कार्य करते हैं।

# मध्यम वर्ग और आगामी बजट



प्रेम शर्मा

"अब बजट के माध्यम से पैसे का आवंटन करने की तैयारी है। इस तरह सरकार अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बजट बढ़ाने पर विचार कर रही है। इस बार युवाओं के लिए रोजगार पर भी विशेष ध्यान रहेगा। यही नही केन्द्र सरकार के कई विभागों में भारी भरकम रिक्तियों को भी भरने के लिए चरणबद्ध भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने पर विचार कर रही है। आम चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक न आने के बाद से भाजपा सरकार युवाओं को साधने की कोशिश कर रही है। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अंत में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जिसमें भाजपा को लगता है कि अगर युवा वर्ग नाराज हुआ तो नुकसान उठाना पड़ सकता है"

**अपेक्षा** और दावे के विपरीत आए चुनाव परिणामों से भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चितिंत है। उसे समझ में आ गया है कि मध्यम वर्ग की उपेक्षा के कारण वह चुनाव में अपना लक्ष्य पूरा नही कर पाई। ऐसे में आगामी आम बजट के जरिए केंद्र की भाजपा सरकार चुनावी घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि इस बार का बजट युवा, रोजगार, महिला, बुजुर्ग और मध्यम वर्ग पर केंद्रित होगा। इसके लिए सरकार जहां आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज को जारी रखेगी वहीं 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने का रास्ता भी साफ करेगी भाजपा ने चुनाव से पहले घोषणा की थी कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मुफ्त में इलाज मुहैया कराया जाएगा। अब बजट के माध्यम से पैसे का आवंटन करने की तैयारी है। इस तरह सरकार अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी बजट बढ़ाने पर विचार कर रही है। इस बार युवाओं के लिए रोजगार पर भी विशेष ध्यान रहेगा। यही नही केन्द्र सरकार के कई विभागों में भारी भरकम रिक्तियों को भी भरने के लिए चरणबद्ध भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने पर विचार कर रही है। आम चुनाव के नतीजे उम्मीद के मुताबिक न आने के बाद से भाजपा सरकार युवाओं को साधने की कोशिश कर रही है। ज्ञात हो कि इस वर्ष के अंत में कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, जिसमें भाजपा को लगता है कि अगर युवा वर्ग नाराज हुआ तो नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है। इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, उत्पादन, उच्च मूल्य वाली सर्विस, स्टार्टअप, पर्यटन और खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की संभावना तलाशी जा रही है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है।



**भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। रोजगार के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को सेवा क्षेत्र से जोड़ने का रास्ता खुल सकता है। इससे निम्न और मध्यवर्ग की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे**

भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। रोजगार के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को सेवा क्षेत्र से जोड़ने का रास्ता खुल सकता है। इससे निम्न और मध्यवर्ग की महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। क्योंकि स्वयं सहायता समूह में इन्हीं वर्गों की महिलाएं सबसे ज्यादा कार्यरत हैं। महिलाओं की जन सुविधा के लिए सरकार बड़े शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनाने को लेकर भी अलग से योजना ला सकती है। देशभर में महिलाओं के सामने सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारी की बड़ी समस्या है, जिसके लिए सरकार राष्ट्रीय स्तर पर विशेष स्वास्थ्य प्रोग्राम संचालित करने का ऐलान भी कर सकती है। इस बार सरकार की वित्तीय स्थिति काफी अच्छी है। जीएसटी समेत अन्य कर संग्रह तेजी से बढ़ रहा है। अप्रैल महीने में जीएसटी का अब तक का उच्चतम 2.10 लाख करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ। हालांकि, इसमें मई महीने में थोड़ी गिरावट आई थी लेकिन उसके बावजूद 1.73 लाख करोड़ रुपये सरकार के खजाने में आया। इस तरह से बाकी मदों से भी सरकार की आमदनी बढ़ी है।

इसलिए सरकार वित्तीय स्थिति को देखते हुए अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अपनी जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए बजट में बड़े ऐलान कर सकती है। युवा एवं पढ़े लिखें बेरोजगारों, प्रतियोगी परीक्षाओं चल रही धांधली से नाराज युवाओं की नाराजगी दूर करने के लिए केंद्र सरकार अपने खजाने का मुंह खोलने को तैयार है। रोजगार पैदा करने वाले इन क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को बढ़ाने और नई परियोजनाओं को बजट के माध्यम से स्वीकृति मिलने की संभावना है। भाजपा सरकार भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने को लेकर लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पैरवी कर रही है। जानकारों के अनुसार इस बार का बजट आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का होगा। इसके लिए सरकार सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली, ग्रीन एनर्जी, एयरपोर्ट, मेट्रो समेत अन्य क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं को लेकर बड़ी घोषणा हो सकती हैं। इन परियोजनाओं के जरिए रोजगार के बड़े अवसर भी पैदा होंगे। इस तरह से उत्पादन और सर्विस क्षेत्र को लेकर भी बड़ी घोषणाएं संभव है, जिसमें सबसे ज्यादा कुशल व प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत पड़ेगी। युवा अपने दम पर कारोबार के क्षेत्र में आगे बढ़ें, इसके लिए स्टार्टअप पर दी जा रही छूट को आगे भी जारी रखा जा सकता है कुछ अतिरिक्त ऐलान भी स्टार्टअप को लेकर किए जा सकते हैं। खेल और पर्यटन से जुड़ी मदों का बजट भी बढ़ाया जा सकता है। चुनाव से पहले भाजपा ने घोषणा पत्र में युवाओं के लिए इन सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने का वादा भी किया था।

यही नही बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान मध्यम वर्ग के लिए आगामी बजट में वित्त मंत्री सीतारमण अभूतपूर्व घोषणाए कर सकती है। इस बॉत के संकेत गत दिवस बजट में राहत और आर्थिक सुधार के संकेत राष्ट्रपति अभिभाषण से भी मिले। श्री मुर्मू ने कहा कि आगामी बजट भविष्यदर्शी दस्तावेज होगा।

सभी सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाने का प्रावधान होगा। बजट में सरकार की ओर से ऐसे कई बड़े आर्थिक और सामाजिक फैसले लिए जाएंगे जिससे सरकार की दूरगामी नीति और भविष्य की दूरदर्शिता नजर आएगी।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) से परे

विजय गर्ग

यदि आप भारत में एमबीए करने के इच्छुक हैं और प्रसिद्ध कैट (कॉमन एडमिशन टेस्ट) से परे प्रवेश परीक्षाओं की तलाश में हैं, तो कई तरह की परीक्षाएं हैं जो देश भर में शीर्ष बिजनेस स्कूलों के लिए दरवाजे खोल सकती हैं। यहां विभिन्न एमबीए प्रवेश परीक्षाओं पर एक नजर डाली गई है, जिनमें से प्रत्येक का अपना अनूठा दृष्टिकोण, समयसीमा और लाभ हैं। ये विकल्प आपकी ताकत और करियर लक्ष्यों के लिए सही विकल्प ढूंढने में आपकी मदद कर सकते हैं। 1. कैट (कॉमन एडमिशन टेस्ट) द्वारा संचालितः आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान) मुख्य विशेषताएंः आईआईएम और अन्य शीर्ष बी-स्कूलों में प्रवेश के लिए व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त। परीक्षा समयरेखाः आमतौर पर नवंबर/दिसंबर में आयोजित की जाती है। 2. एमएटी (मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट) संचालनः एआईएमए (अखिल भारतीय प्रबंधन संघ) मुख्य विशेषताएंः लचीली परीक्षा तिथियां और पूरे भारत में बिजनेस स्कूलों की एक विस्तृत श्रृंखला द्वारा स्वीकार्य। परीक्षा समयरेखाः वर्ष में चार बार (फरवरी, मई, सितंबर और दिसंबर) आयोजित की जाती है। 3. (जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट) संचालनः एक्सएलआरआई, जमशेदपुर मुख्य विशेषताएंः अपने चुनौतीपूर्ण निबंध लेखन अनुभाग के लिए जाना जाता है और देश भर में शीर्ष बी-स्कूलों द्वारा मान्यता प्राप्त है। परीक्षा समयरेखाः आमतौर पर जनवरी में आयोजित की जाती है। 4. स्नैप (सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट) संचालनः सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मुख्य विशेषताएंः अद्वितीय अंकन योजना और एमबीए प्रोग्राम की पेशकश करने वाले सभी सिम्बायोसिस संस्थानों द्वारा स्वीकृत। परीक्षा समयरेखाः आमतौर पर दिसंबर में आयोजित की जाती है। 5. जीमैट (स्नातक प्रबंधन प्रवेश परीक्षा) द्वारा संचालितः जीएमएसी (स्नातक प्रबंधन प्रवेश परिषद) मुख्य विशेषताएंः भारत सहित दुनिया भर में एमबीए कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। परीक्षा समयरेखाः पूरे वर्ष की पेशकश, उम्मीदवार अपनी सुविधा के अनुसार अपनी परीक्षा तिथि चुन सकते हैं। ६) सीएमऐटी द्वारा एनएमऐटी (नरसी मोनजी मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट) द्वारा संचालितः जीएमएसी मुख्य विशेषताएंः लचीली शेड्यूलिंग और स्कोर सुधारने के लिए कई प्रयास। परीक्षा समयरेखाः अक्टूबर से दिसंबर तक तीन महीने की अवधि में आयोजित की जाएगी। 7. (कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट) द्वारा संचालितः एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) मुख्य विशेषताएंः मात्रात्मक तकनीक, तार्किक तर्क, भाषा समझ और सामान्य जागरूकता पर परीक्षण।

परीक्षा समयरेखाः आमतौर पर जनवरी में आयोजित की जाती है। 8. आईआईएफटी प्रवेश परीक्षा (भारतीय विदेश व्यापार संस्थान) द्वारा संचालितः एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) मुख्य विशेषताएंः अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और व्यापार पर ध्यान केंद्रित करता है, जो वैश्विक करियर के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आदर्श है। परीक्षा समयरेखाः आम तौर पर दिसंबर में आयोजित की जाती है।

## विचार

# अमेरिका का असली चेहरा हुआ उजागर

**संविधान की दुविधा**

हमारे देश का संविधान बड़ा ही आतंकित है, आशंकित है। उसकी समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या करे, कहाँ जाकर अपने आप को बचाए। दुनिया में न जाने कितने देशों में संविधान है पर किसी पर ऐसी आफत नहीं आई जैसा हमारे देश की संविधान पर आई है। हमारे देश के सांविधान के प्रावधान कई देशों के संविधान को ध्यान में रखकर किया गया है। पर जो दर्द हमारे देश के संविधान को झेलना पड़ रहा वह किसी और देश के संविधान ने नहीं झेला। दरअसल दुनिया के किसी देश में हमारे देश के नेताओं जैसे विलक्षण नेता हैं भी तो नहीं। सबसे पहले संविधान यह सोच कर अचंभित है कि उसे बाबा साहब का संविधान कहकर क्यों पुकारा जाता है। क्यों उसे बाबा साहब की निजी संपत्ति के रूप में दशार्या जा रहा है जबकि प्रस्तावना, ह्यहम भारत के लोग.......ह्व के अनुसार तो वह सभी भारतीयों का संविधान है। उसके बनाने में बाबा साहब के अतिरिक्त कितने लोगों ने परिश्रम की है। एम एन रॉय, से उसकी कहानी शुरू होती है जिन्होंने 1934 में संविधान सभा का प्रस्ताव रखा था। डॉक्टर सचिदानंद सिन्हा प्रथम अस्थाई अध्यक्ष थे संविधान सभा के। डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद इसके अध्यक्ष बने। हरेन्द्र कुमार मुखर्जी इसके उपाध्यक्ष थे। बी एन राउ सलाहकार थे। दो सौ से ज्यादा सदस्य थे इस सभा के। इसमें कोई दो मत नहीं कि महामानव बाबा साहब आंबेडकर इसकी ड्राफ्टिंग कमिशन के चेयरमैन थे। पर संविधान को सिर्फ बाबा साहब के नाम से क्यों जाना जाता है। अब संविधान को क्या पता कि हमारे नेताजी सिर्फ उसी का नाम लेते हैं जिसके नाम लेने से वोट मिलता है खटाखट खटाखट।

संविधान इस बात से भी आशंकित था कि चार जून 2004 के अगले दिन जो की पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है पूरे विश्व में, उस पर राजनीतिक पर्यावरण का क्या प्रभाव पड़ेगा। सत्तापक्ष और विरोधी दोनों एक दूसरे के बारे में बता रहे हैं कि यदि वो जीता तो संविधान को बदल देगा। क्या वे संविधान को बदल कर ह्यविषमविधानह्व कर देंगे? संशोधन का सैकड़ा तो लग चुका है। कई बार माननीय न्यायालयों के फैसलों को बदलने के लिए भी संशोधन हो चुका है। पर अब तो संशोधन के स्थान पर बदलने की बात हो रही थी । एक कहता था कि वो सत्ता में आएगा तो आरक्षण देने के लिए संविधान बदल देगा; फलां धारा को वापस ले आएगा। कोई कहता है कि वो सत्ता में आएगा तो लोकतंत्र खतम हो जाएगा। सभी भयावह चित्र प्रस्तुत कर रहे थे कि वो सत्ता में आएगा तो क्या करेगा। कोई यह नहीं बतला रहा कि वह सत्ता में आएगा तो क्या करेगा। कम से कम अपने सत्ता में आने पर संविधान पर क्या कृपा करेंगे यह तो बताते। ऐसी स्थिति में संविधान का कलेजा मुंह को आ रहा था। अब संविधान का पॉकेट संस्कारण लेकर घूमने टहलने का वक्त आ गया है। शपथ लेते वक्त भी लोग हाथ में संविधान की प्रति लिए रहते हैं। कोई शपथ लेने के बाद संविधान की जयजयकार कर रहा है तो कोई किसी देश का तो कोई किसी प्रदेश का।

किसी ने पढ़ा है संविधान को यह यह दावा तो नहीं किया जा रहा है किसी के द्वारा। संविधान यह नहीं समझ पा रहा कि हमारे नेताओं में इतनी मेधा कैसे है कि खत का मजमून भाँप लेते हैं लिफाफा देखकर और संविधान के प्रवाधान को जान लेते हैं सिर्फ पॉकेट एडिशन रखकर।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विद्यालय पाठ्यक्रम में समाचार पत्र

डॉ.रामानुज पाठक

**देश के** दक्षिणी छोर के राज्य केरल के सभी विद्यालयों में प्रत्येक कक्षा के छात्रों को समाचार पत्र उपलब्ध कराने और इसे पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाने की पहल की जा रही है, जो एक जागरूक, साक्षर और सक्रिय पीढ़ी को बढ़ावा देने की दिशा में प्रशंसनीय कदम है। केरल राज्य शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा उठाया गया यह कदम छात्रों के बीच पढ़ने की संस्कृति और भाषा कौशल को बढ़ाने में समाचार पत्र की भूमिका की समझ को दशार्ता है। डिजिटल स्क्रीन के वर्चस्व वाले युग में समाचार पत्र पढ़ने की आदत सूचना उपभोग के लिए अधिक विचारशील दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है।

समाचार पत्र ज्ञान के समृद्ध भंडार होते हैं, जो नियमित रूप से पढ़ने वाले पाठकों को राजनीति, अर्थशास्त्र, विज्ञान, संस्कृति और खेल से जुड़ी वर्तमान घटनाओं के साथ लगातार अद्यतन करते रहते हैं। स्कूल के पाठ्यक्रम में समाचार पत्र को शामिल करने से छात्रों को वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त होगी। स्कूली पाठ्यक्रम में समाचार पत्र को शामिल करके केरल उदाहरण स्थापित कर रहा है, जिसका अनुगामी अन्य राज्यों को भी बनना चाहिए। समाचार पत्र वाचन और लेखन से छात्रों में विविध दृष्टिकोणों तक सीधी पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उन्हें अपने आस-पास की दुनिया की सूक्ष्म समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण लाभ भाषा कौशल में वृद्धि है। समाचार पत्रों को नियमित रूप से पढ़ने से छात्रों को शब्दावली, परिष्कृत वाक्य संरचनाओं और विभिन्न लेखन शैलियों की एक विस्तृत श्रृंखला से परिचित होने का अवसर मिलेगा। उच्च गुणवत्ता वाली भाषा में यह तल्लीनता पढ़ने की समझ, लेखन क्षमता और समग्र साक्षरता में सुधार के लिए अमूल्य है। इसके अलावा समाचार पत्र पढ़ने का अभ्यास छात्रों के बोलने और सुनने के कौशल को काफी हद तक बढ़ा सकता है। इससे उन्हें अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में मदद मिलेगी। वे विभिन्न दृष्टिकोणों को सुनने में रुचि दिखाएंगे। यह अभ्यास आलोचनात्मक सोच, संवाद और बहस की संस्कृति को बढ़ावा देगा, जो एक स्वस्थ लोकतांत्रिक समाज के लिए आवश्यक है।

## मुसीबत बनते वातानुकूलन संयंत्र

विजय गर्ग

**आज** बेतहाशा बढ़ते तापमान से राहत का आसन तरीका वातानुकूलन यंत्र या एअरकंडीशनर यानी एसी को माना जाता है। एसी का वैश्विक बाजार प्रतिवर्ष बहुत तेजी से बढ़ रहा है। मगर यह सुविधा एक पारिस्थितिक आपदा बनती जा रही है। एसी का बढ़ता उपयोग ऊर्जा, पर्यावरण और स्वास्थ्य तीनों के लिए संकट बनता जा रहा है। 'वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक' की एक रपट के अनुसार भारत में अब हर सौ में चौबीस परिवारों के पास एसी हैं। रपट के अनुसार भारत विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता एसी बाजार है।

पिछले तेरह वर्ष में 65 फीसद नए एसी छोटे शहरों में लगाए गए हैं। देश में एसी इस्तेमाल करने वाले परिवार 2010 से 2023 के बीच तीन गुना ग हैं। । एसी, फ्रिज और स्पेस कूलिंग की जरूरतें बढ़ने के साथ ही अब पर्यावरण पर उनके प्रभाव को लेकर चिंताएं भी उभर रही हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों ने बार-बार बताया है कि जैसे-जैसे अधिक 'कूलिंग' उपकरण लगाए जाते हैं, वातावरण में गर्मी भी उसी हिसाब से बढ़ती जाती है। इस वर्ष भारत का घरेलू बाजार करीब 1.1 करोड़ एसी का हो गया है। अभी चीन का बाजार करीब नौ करोड़ एसी का है। 2045-2050 तक भारत एसी उपयोग में चीन से आगे निकल जाएगा। एसी से बिजली की खपत चार साल में इक्कीस फीसद तक बढ़ चुकी है।

वातानुकूलन यंत्र या एसी के अतिशय इस्तेमाल से पर्यावरण को बड़े खतरे का अंदेशा है। हाइड्रोफ्लोरो कार्बन (एचएफसी) इसमें इस्तेमाल की जाने वाली मुख्य गैस है। यह ओजोन परत को नुकसान पहुंचा रही है। भारत ने एचएफसी को चरणबद्ध तरीके से कम करने के लिए 'मांट्रियल प्रोटोकाल' के तहत किगाली संशोधन पर दस्तखत कर रखे हैं।

मगर, 'कूलिंग' उपकरणों का इस्तेमाल लगातार बढ़ने की वजह से यह लक्ष्य मुश्किल हो गया है। एक रपट के अनुसार, भारत में वातानुकूलन यंत्रों के उपयोग में इतनी तेजी से बढ़ोतरी रही है कि वर्ष 2022 तक भारत में इनकी संख्या` पूरी दुनिया की कुल वातानुकूलन इकाइयों की संख्या का चौथाई हिस्सा हो चुकी है।

## न्यूज फ्लैश

### संदिग्ध परिस्थितियों में 2 नाबालिग लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के तरावड़ी** थाना क्षेत्र में दो नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे मामले में भी परिजनों ने एक अन्य युवक पर शक जताया है। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में नाबालिग के पिता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 29 जून को सुबह 8 बजे जब हम काम के लिए घर से निकले तो मेरी 15 वर्षीय बेटी घर पर नहीं थी। सुबह 9 बजे हमारी दूसरी बेटी ने हमें बताया कि पिता और बहन घर पर नहीं हैं। इसके बाद हमने उसकी तलाश शुरू की तो पता चला कि लोहार माजरा का एक युवक उसे बहला-फुसलाकर घर से ले गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 20 दिन पहले मेरी बेटी घड़ौला गांव में अपनी मौसी के घर पर थी। वहां आरोपी युवक मेरी बेटी का पीछा करने लगा था। मैंने उसे कई बार समझाया, लेकिन वह नहीं माना। जब हम अपनी बेटी को अपने घर ले आए तो वह मेरी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। दूसरे मामले में तरावड़ी की एक कॉलोनी से नाबालिग लापता हो गई है। शिकायतकर्ता मां ने पुलिस को बताया है कि उसकी बेटी 29 जून को सुबह छह बजे दयाराम मंदिर के नाम पर घर से निकली थी। उसने कहा था कि वह पूजा करने जा रही है, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। इसके बाद उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसकी बेटी को तरावड़ी का ही एक युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। आरोपी के चचेरे भाई को इस बारे में सब पता है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है। तरावड़ी थाने के जांच अधिकारी कैलाश चंद ने बताया कि नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपहरण करने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 363, 366ए आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। दूसरे मामले में धारा 346 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों की तलाश जारी है।

### विधायक ने प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को पदाधिकारियों के साथ सुना



**गन्नौर। गढ़ी** केसरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण को विधायक निर्मल चौधरी ने गन्नौर मंडल अध्यक्ष विकास त्यागी के आवास पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ सुना। विधायक निर्मल चौधरी ने कार्यक्रम के बाद संबोधित करते हुए कहा कि इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम काफी उत्साह भरा रहा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विकास त्यागी, पूर्व पार्षद हरीश मदान, घसौली सरपंच महेश त्यागी, अजय त्यागी, हरीश नम्बरदार, नरेश कौशिक, महक फौगाट, दीपक रापड़िया, राजेश कपूर, सुनील, मुकेश, अशोक सैनी, रामगोपाल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

### अमरनाथ यात्रा के लिए बस सेवा को जयकारों से कांग्रेस नेता ने किया रवाना




**गन्नौर। श्री अमरनाथ** यात्रा के लिए बस सेवा को कांग्रेस नेता भगवतदयाल कौशिक ने जी टी रोड स्थित पैट्रोल पम्प के पास से रवाना किया। कौशिक बस सर्विस की तरफ श्री अमरनाथ यात्रा के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर एवं बम-बम भोले के जयकारों के बीच भगवतदयाल कौशिक ने श्रद्धालुओं को रवाना किया और उन्हें यात्रा के लिए शुभकामनाएं भेंट की। उन्होंने कहा कि भोले नाथ के भक्तों में बाबा के दर्शनों के लिए बड़ा उत्साह है। श्रद्धालुओं की भावनाओं को समझते हुए यात्रा का आयोजन बहुत ही सुविधायुक्त माहौल में किया है। इस मौके पर प्रदीप, कौशल, अमित, महेन्द्र, रणबीर, विकास, सुरेन्द्र, हरकोर, दर्शन, रिमा आदि सैकड़ों भक्त रवाना हुए।

# दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाने का काम किया सरकार ने : हरविन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। घरौंडा** के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आम नागरिकों को दफ्तर, दरखास्त और दस्तावेज से मुक्ति दिलाने का काम किया है। अब नागरिकों को मासिक सम्मान राशि पाने के लिए ना तो दरखास्त देनी पड़ती है और ना ही दस्तावेज जमा करवाने पड़ते है। इस सरकार ने ऑनलाईन प्रणाली के माध्यम से तमाम योजनाओं का सौ फीसदी लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को पूरा किया है। विधायक हरविन्द्र कल्याण रविवार को मंगलसैन ऑडोटोरियम हाल के सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग व पंचायत विभाग के तत्वावधान में नये लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, डॉ. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभ वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक हरविन्द्र कल्याण, विधायक रामकुमार कश्यप, उपायुक्त उत्तम सिंह, एडीसी अखिल पिलानी, जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, डीएसडब्ल्यूओ कृष्णा भारद्वाज ने तीनों योजनाओं के लाभार्थियों को अधिकार पत्र व स्वीकृति पत्र वितरित किए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पानीपत से वीडियों कांफ्रेंसिंग के जरिए तीनों योजनाओं के लाभ वितरण कार्यक्रम का आगाज किया और कहा कि पहली जुलाई से प्रदेश के तीनों योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ मिलेगा तथा लाभ की राशि सीधा बैंक खाते में जमा होगी।




विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 100-100 वर्ग गज प्लाटों का कब्जा न पाने वाले 6300 लोगों को अधिकार पत्र एवं एक-एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता जारी की गई है। प्रदेश के 75 हजार नये लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन जारी की गई और डॉ बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत 2 हजार लाभार्थियों को मरम्मत के लिए सहायता राशि जारी की गई। ये योजनाएं गरीबों व वंचित वर्गों के लिए चलाई जा रही हैं और हमारी सरकार के सबका साथ-सबका विकास के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से पहले गरीब तक किसी सरकारी योजना का लाभ पहुंचना कितना मुश्किल था। इससे वे सरकार की तरफ से निराश हो चुके थे। जिन लोगों ने सरकार से उम्मीद ही छोड़ रखी थी, अब सरकार न केवल उनके पास स्वयं पहुंची है, बल्कि उन्हें विकास में भागीदार भी बनाया है। आज योजनाओं का लाभ सीधा लाभार्थी के खाते में जाता है। न कोई बीच का बिचौलिया है, न कट न कमीशन और न ही किसी सिफारिश के लिए चक्कर काटने की जरूरत है। आज का यह कार्यक्रम मेरी इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने परिवार पहचान पत्र पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि पीपीपी के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को प्रत्येक योजना का लाभ दिया जाए। इस पीपीपी के कारण ही घरौंडा हलका में 25 हजार लोगों के बीपीएल कार्ड बने। यह सरकार गरीब लोगों की चिंता कर रही है और उनको योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए गंभीरता के साथ काम कर रही है। इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि गरीबों को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार एक संकल्प लेकर कार्य कर रही है। यह देश का पहला राज्य है जहां लाभार्थी को सबसे ज्यादा पेंशन दी जा रही है। इतना ही नहीं नागरिकों के साथ-साथ इस प्रदेश में पेड़ों का पालन पोषण करने पर भी पेंशन का लाभ देने का काम किया जा रहा है। आज सरकार की योजनाएं जिस तरह गरीब, वंचित और पिछडे समाज तक पहुंच रही हैं, इन योजनाओं से जिस तरह नागरिकों का जीवन बदल रहा है। यह सकारात्मक बदलाव मन को भी सुकून देता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मई 2022 में वृद्धावस्था सम्मान भत्ते को प्रो.एक्टिव मोड पर शुरू किया था। तब से अब तक 2 लाख 32 हजार वृद्धजनों का भत्ता ऑटोमेटिकली शुरू किया जा चुका है। इस समय 20 लाख से अधिक बुजुर्गों को 605 करोड़ रुपये की राशि प्रतिमाह प्रदान की जा रही हैए जबकि पिछली सरकार के शासनकाल में वर्ष 2014 में 13 लाख लाभार्थी थे, जिनको 135 करोड़ रुपये मासिक दिये जाते थे। जिस प्रकार बुजुर्ग हमारे समाज की शक्ति हैं, उसी प्रकार हम दिव्यांगजनों को भी समाज का महत्वपूर्ण अंग मानते हैं। दिव्यांगों की सेवा करना व उन्हें आत्मनिर्भर बनाना व आगे बढने. में सहयोग देना हम सब का परम दायित्व है।

### राजपुर गांव के पशु अस्पताल से

**गन्नौर। गांव राजपुर** में पशु अस्पताल में मन्दिर के पास खड़ी मोटरसाईकिल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत मोटरसाईकिल मालिक ने पुलिस को दी। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पुरखास गांव के दीपक ने बताया कि दो साल पहले सोनीपत से अमित गांव सिसोली के नाम से मोटरसाईकिल खरीदी थी। 28 जून को अपने घर से मोटरसाईकिल लेकर गांव राजपुर मंदिर मे आया था। मोटरसाईकिल को गांव के मंदिर के बाहर पशुओं के अस्पताल में खड़ी कर दी। जब मन्दिर से काम निपटाने के बाद वापिस आया तो मोटरसाईकिल गायब मिली।

## निर्माण के काव्य संग्रह शब्द बोलते हैं का हुआ विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कृष्ण कुमार** निर्माण के हिंदी काव्य संग्रह शब्द बोलते हैं का विमोचन दिल्ली के पालम स्थित भगत चंद्रा हॉस्पिटल के साहित्यिक सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर कीर्ति काले ने की और विशेष अतिथि डॉक्टर एमसी भगत और मुख्य अतिथि ओमप्रकाश कल्याणे रहे। मंच संचालन वरिष्ठ कवि पंकज जैन और करिश्मा जैन ने किया। इस अवसर पर कमलेश कुमार पालीवाल ने शब्द बोलते हैं काव्य संग्रह के बारे में बोलते हुए कहा कि जब काव्य संग्रह को पढ़ते हैं तो ऐसा एहसास होता है कि पाठक



वैचारिक दुनिया में प्रवेश कर गया है और कृष्ण कुमार निर्माण की कविताएं पाठक के मन-मस्तिष्क को विस्तार देती हैं, वहीं कई सामाजिक समास्याओं की ओर इशारा करने के साथ लड? की ताकत पैदा करने का काम करती हैं। निस्संदेह साहित्य जगत में कृष्ण कुमार निर्माण एक स्थापित हस्ताक्षर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। कार्यक्रम के आयोजक और प्रकाशक हरिप्रकाश पांडेय ने कहा कि शब्द बोलते हैं काव्य संग्रह की मांग अभी से होने लगी है। यह संग्रह अपने आप में हिंदी साहित्य का सितारा साबित हो रहा है। शब्द बोलते हैं काव्य संग्रह के रचनाकार कृष्ण कुमार निर्माण को इस अवसर पर सम्मान पत्र, अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। कृष्ण कुमार निर्माण हिंदी श्री सम्मान समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं और इनकी रचनाएं निरंतर देश भर की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं। हिंदी और हरियाणवी में लिखते हैं। ताऊ के तीर के नाम से व भली करेंगे राम शीर्षक से इनके दो स्थाई स्तम्भ भी निरंतर छपते हैं।

### पेड़ से लटकी मिला युवक का शव



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेक्टर** 8 स्थित अटल पार्क में पेड़ से अर्धनग्न युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह जब लोग सैर करने के लिए पार्क में आए तो उन्होंने शव देखा और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। हालांकि अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। सुबह सैर करने पार्क में आए स्थानीय निवासी राजबीर ने बताया कि सुबह वह अपने दोस्तों के लिए सैर करने के लिए पार्क में आया था। जैसे हम अंदर आए तो अर्धनग्न अवस्था में पेड पर चदर से युवक का शव लटका हुआ था। युवक ने खाली लोअर डाल रखी थी। ऊपर न तो बनियान था और न ही शर्ट। देखने से लगता है कि युवक की उम्र करीब 30 से 35 साल की बीच है, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

## किसानों ने बिजली समस्या को लेकर सरढाना पावर हाउस पर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। रविवार** को किसानों ने बिजली समस्या को लेकर सरढाना पावर हाउस पर प्रदर्शन किया। किसान करीब दो घंटा पावर हाउस पर डटे रहे। इस बीच निगम के जेई किसानों की समस्या सुनने पहुंचे तो किसान एसडीओ को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ रहे। जब काफी देर तक कोई अधिकारी किसानों मिलने नहीं पहुंचा तो रोषित किसान खुबडू झाल नहर में आत्महत्या करने के लिए पहुंच गए। किसानों के नहर पर पहुंचते ही खुबडू झाल पुलिस



चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और किसानों को रोका। इसके बाद उन्होंने निगम के एक्सईएन को फोन किया तो एक्सईएन ने एसडीओ अभिषेक कौशिक को मौके पर भेजा। एसडीओ अभिषेक कौशिक ने किसानों को आश्वासन दिया। जिसके बाद किसानों ने दो घंटे बाद अपना धरना खत्म किया। प्रदर्शन में शामिल किसान नेता विरेंद्र , किसान दिलशेर, राकेश, मीनू, परमानंद, सुरजीत, राम कर्ण, बिल्लू, शिल्ला, अनिल, राजू, बलवान, साहिल ने बताया कि धान की फसल का सीजन शुरू हो गया है। धान की बिजाई से पहले खेत मे सिंचाई की जरूरत होती है, लेकिन उनके खेतो में पिछले 1 हफ्ते से बिजली नही आ रही। जिस वजह से उनकी धान की पौध सूख रही है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। खेत में 8 घंटे बिजली का प्रावधान है, लेकिन किसानों के खेत मे करीब 2 घंटे बिजली आती है। जिस कारण उनके खेत की सिंचाई तक नही हो पा रही।वह कई बार जेई व लाइन मेन को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही हो रही। एसडीओ अभिषेक कौशिक ने उन्हें आश्वासन दिया कि खेत में बिजली सप्लाई को सुचारू करवा दिया जाएगा।

## डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की नौकरी दिलाने के नाम पर 1 लाख 15 हजार की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: मिनिस्ट्री आफ दिल्ली** में डाटा इन्ट्री आप्रेटर की नौकरी दिलाने के नाम 1 लाख 15 हजार रुपएं ठगी करने व पैसे मांगने पर जाने से मारने की धमकी देने के आरोप में पीड़ित युवक की मां ने बड़ी औद्योगिक थाना पुलिस में आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में भगत सिंह कालोनी सोनीपत की स्वर्गीय संब इंस्पैक्टर हरियाणा पुलिस की पत्नी अमृति ने बताया कि मेरा बेटा सतवंत बेरोजगार है। वह नौकरी की तलाश में जी टी रोड के पास स्थित गांव लड़सौली में सीएनजी पम्प के पास स्थित जोब सोलुशन हब के नाम से कार्यालय में रिज्यूम जमा करके आया। कुछ समय बाद वहां से फोन आया कि कल मिनिस्ट्री आफ दिल्ली में डाटा एंट्री ऑपरेटर की पोस्ट के लिए आपका इंटरव्यू देने के लिए सुबह दिल्ली चलना है। उसके लिए 20000 की पेमेंट कर दो बाकी पेमेंट सिलेक्शन होने के बाद वहीं पर देनी है। टोटल पेमेंट एक लाख देनी थी। मेरे बेटे ने 20 हजार रुपएं उनके अकाउंट में डाल दिए और अगले दिन उनके साथ दिल्ली इंटरव्यू देने के लिए चला गया। वहां पर उसका टाइप टेस्ट लेने के बाद थोड़े समय बाद सिलेक्शन होने के लिए बोलते हुए पूरी पैमेंट जमा कराने के लिए बोल दिया। शिकायत में आरोप है कि मेरे बेटे ने पवन एंड मोनू के कहने पर दिल्ली कार्यालय में बैठी सीखा सेठी के अकाउंट में 55000 रुपएं डाल दिए और 40000 पवन को कैश दे दिए। आरोप है कि बेटे सतवंत के पास कोई ऑफर लेटर नहीं आया। पवन और मोनू को जब मेरे बेटे ने कहा की क्या रहा भाई साहब तो मोनू और पवन ने उसको जवाब दिया कि वेट करो फोन आ जाएगा।

## सेवा परमो धर्म की भावना से हलके में लगाए जा रहे है स्वास्थ्य जांच शिविर: नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

**भारतीय जनता पार्टी युवा** मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने हर रविवार की तरह आज जनसेवा के तहत वार्ड 28 की गली नंबर 3 स्थित हनुमान मंदिर धर्मशाला में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। निशुल्क चिकित्सा शिविर में वार्ड 28 के निवासियों ने स्वास्थ्य की जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ्य जांच शिविर का प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने शुभारंभ किया। शिविर का शुभारंभ करने पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी का वार्ड वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा वार्ड के बुजुर्गों ने हलके की सेवा करने का आशीर्वाद दिया। जीवन ज्योति अस्पताल से पहुंची डाक्टरों की




टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में एचबी, बीपी व शुगर की भी जांच भी निशुल्क की गई। महिला रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की। महिला रोग विशेषज्ञ ने जांच के दौरान महिलाओं में खुन की कमी व आरयन की कमी पाई गई। महिला रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं को खुन व आयरन बढ़ाने की दवाई देने के साथ-साथ खानपान के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। नेत्र रोग विशेषज्ञ ने शिविर में आने वाले लोगों की आंखों की जांच की तथा 182 लोगों को दूर व नजदीक से धुंधला दिखाई देने की समस्या से चिन्हित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने 182 लोगों को चश्मे व दवाइयां प्रदान की। स्वास्थ्य जांच शिविर में वार्डवासियों से बातचीत करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 10 साल से हर महिने मन की बात कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं को जनसेवा के कार्य करने को प्रेरित करते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय सचिव किसान बंधु ओमप्रकाश धनखड़ से प्रेरणा लेकर हम हर रविवार को बहादुरगढ़ हलके में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर सेवा परमो धर्म की भावना से आमजन की स्वास्थ्य जांच सेवा कर रहे है। शिविर में जांच के दौरान चश्मा लगाने योग्य पाए जाने पर लोगों को चश्मे दिए जाते है व ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए लोगों की आंखों का ऑपरेशन कराने का सेवा सेवा कार्य किया जा रहा है। नवीन बंटी ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य जांच सेवा शिविर बहादुरगढ़ हलके में भविष्य में भी निरंतर लगाए जाएंगे ताकि लोगों को उनके घरों के आसपास स्वास्थ्य जांच सेवा की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने कहा कि आमजन को गांव व शहरी क्षेत्र में घरों के आसपास लगने वाले स्वास्थ्य जांच शिविर में आकर स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए।

ताकि समय रहते बीमारी का पता लग सके और उस बीमारी का समय पर इलाज कराकर व्यक्ति स्वस्थ रहे।

## चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : हरियाणा चैंबर** ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय व राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद नई दिल्ली के सहयोग से उद्योगों में लीन मैनेजमेंट एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उद्योगों में कैसे लिया जाए विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन कुरुक्षेत्र चैप्टर के चेयरमैन डा. एन.पी. गुप्ता की अध्यक्षता में एक निजी होटल में करवाया गया। इस संगोष्ठी के विषय में जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र चैप्टर के महासचिव डा. वीरेंद्र सिंघल ने बताया कि संगोष्ठी में पानीपत से हरियाणा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रदेश अध्यक्ष



विनोद खंडेलवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य वक्ता के रूप में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त विकास आयुक्त संजीव चावला एवं राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के निदेशक इंजि. आशुतोष मैकप ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता एम.एस.एम.ई. के अतिरिक्त विकास आयुक्त संजीव चावला ने सरकारी योजनाओं का लाभ उद्योगों को कैसे मिले, हम उत्पादन में चीन का मुकाबला कैसे करें, ऑटोमेशन एवं ई कॉमर्स के बारे उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत करवाया। उन्होंने खुले मन से कहा कि आप किसी भी समय किसी भी प्रकार की समस्या के लिए मेरे कार्यालय में आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज का युग रेट प्रतियोगिता का युग है और हमें इस बारे सचेत होकर चलना चाहिए। पहले से स्थापित एवं नए उद्योग इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ कैसे लें, इस बारे उन्होंने विस्तार से समझाया। संजीव चावला ने जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट, बार कोड, गिफ्ट, प्रधानमंत्री रोजगार योजना, आई.पी.आर., पी.पी.पी., उद्यम रजिस्ट्रेशन, आई.सी. स्कीम, एम.एस.एम.ई. समाधान के बारे सभी को अवगत करवाया। इस अवसर पर दूसरे मुख्य वक्ता राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के निदेशक इंजि आशुतोष मैकप ने लीन स्कीम के बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य टूल एवं तकनीक के माध्यम से उत्पादन लागत को कम करना, स्थान प्रबंधन, संसाधनों का कुशल उपयोग, इन्वेंटरी प्रबंधन, उन्नत प्रक्रिया प्रवाह के माध्यम से लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को आज के युग में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। संगोष्ठी के आयोजन में एम.एस.एम.ई. के अतिरिक्त निदेशक मुकेश वर्मा की मुख्य भूमिका रही एवं उन्होंने सभी आयोजकों और अतिथियों का धन्यवाद भी किया। कुरुक्षेत्र चैप्टर के चेयरमैन डा. नरेन्द्र पाल गुप्ता ने सभी सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत किया।

## इग्नू ने एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में किया नया पाठ्यक्रम लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राष्ट्रीय** मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू ने हाल ही में एमबीए हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एक नया कार्यक्रम लांच किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षित कार्यबल का एक पूल विकसित करना है, जिससे निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों, संबंधित संगठनों और अस्पतालों द्वारा कुशल सहायता प्रदान करने और दूर-दराज के क्षेत्रों सहित देश भर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए नियोजित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के प्रभावी प्रबंधन में प्रमुख मुद्दों की पहचान और विश्लेषण करना है। इसके साथ साथ स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में राष्ट्रीय और वैश्विक सोच और अंतर-सांस्कृतिक समझ को प्रोजेक्ट करना, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक जवाबदेही और नैतिकता प्राप्त करने के लिए बहु-विषयक टीम प्रबंधन के लिए सभी हितधारकों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करना, अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में नवीनतम तकनीकों को अपनाना, स्वास्थ्य देखभाल प्रशासन में उभरती और चल रही व्यावसायिक चुनौतियों पर अनुसंधान का उपयोग करके विश्लेषणात्मक और व्यावहारिक दृष्टिकोण के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में नवीन और साक्ष्य आधारित प्रथाओं का विकास करना इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में दाखिला लेने के लिए भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार सामान्य वर्ग के लिए कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ और आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए 45 फीसदी अंकों के साथ स्नातक पास अभ्यर्थी दाखिला ले सकतें है। इस कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष एवं अधिकतम अवधि 4 वर्ष होगी।

# बारिश: जान गंवाने वालों के लिए मुआवजे का एलान

## क्षेत्रीय अस्पतालों और दिल्ली पुलिस के सहयोग से जान गंवाने वालों की पहचान करें: आतिशी





**शांति**

**नर्देश दिए गए हैं कि यह मुआवजा शोक संतप्त परिवारों तक तेजी से पहुंचे: जल मंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के कारण जान गंवाने वालों के लिए मुआवजे का एलान किया है। इस दौरान जो बारिश के बाद डूबकर मारे गए उनके परिवार को 10 लाख रुपये मिलेंगे। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व को निर्देश दिया है कि वे क्षेत्रीय अस्पतालों और दिल्ली पुलिस के सहयोग से जान गंवाने वालों की पहचान करें और जीएनसीटीडी की ओर से उन्हें तत्काल उक्त मुआवजा प्रदान करें।

**आतिशी ने किया पोस्ट**

आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में, "28 जून को 24 घंटे में 228 मिमी की भारी बारिश के बाद कई मौतें हुई हैं। जान गंवाने वालों के परिवारों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। निर्देश दिए गए हैं कि यह मुआवजा शोक संतप्त परिवारों तक तेजी से पहुंचे।

**सिरसपुर अंडरपास, यहां डूबकर दो बच्चों की गई थी जान:** सिरसपुर अंडरपास में दो बच्चों की मौत दो बच्चों की मौत शनिवार को सिरसपुर अंडरपास में हुई। वो बारिश की वजह से हुए जलभराव में नहाने गए थे और डूब गए। दोनों 11 से 12 वर्ष की उम्र के थे। एक बच्चे की पहचान गोपाल पुत्र धर्मेंद्र निवासी सिरसपुर के रूप में हुई।

**मूलचंद अंडरपास में भरा पानी:** सरिता विहार अंडरपास में शनिवार को भरे के वर्षा के पानी में एक व्यक्ति के डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बदरपुर के जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट दो निवासी 60 वर्षीय दिग्विजय कुमार चौधरी के रूप में हुई। वह स्कूटी से अपने घर जा रहा था। जब सरिता विहार अंडरपास पहुंचा तो पानी ज्यादा होने से उसकी स्कूटी और वह डूब गए।

**वसंत विहार में तीन की मौत:** वसंत विहार में शुक्रवार को निर्माणाधीन बिल्डिंग का बेसमेंट ढह गया। इससे तीन मजदूरों की मौत हो गई। जलभराव होने और रात हो जाने के कारण एनडीआरएफ की टीम शवों को ढूंढ नहीं पाई और शनिवार को टीम ने तीनों के शव बरामद किए।

**उस्मानपुर में दो बच्चों की मौत:** उस्मानपुर यमुना खादर में शुक्रवार को हुई बारिश के कारण गड्ढे में हुए जलभराव में नहा रहे दो बच्चे डूबकर मर गए। गड्ढा करीब पांच फीट गहरा था। मृतकों की पहचान कासिम (10) और सलमान (8) के रूप में हुई है।

**पाइप में करंट से गई जान:** किराड़ी में शुक्रवार सुबह बाजार में जलभराव के बीच से गुजरते हुए व्यक्ति की दुकान के बाहर लगे लोहे को पाइप को छूने से करंट से मौत हो गई। दुकानदार ने पाइप टिन शेड के सपोर्ट के लिए लगाए थे। हादसे में मारे गए राजेश मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले थे।

**एयरपोर्ट पर व्यक्ति की मौत:** आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल-1 के प्रस्थान क्षेत्र में छत गिरने से एक शख्स की मौत हो गई। साथ ही आठ लोग घायल हो गए थे। इसमें भी प्रथम दृष्टया जांच में भारी बारिश के बाद हादसा बताया जा रहा है।

### मंत्रियों की 3 सदस्यीय कमेटी ने डीडीए, वन विभाग और पुलिस को भेजा नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में अवैध तरीके से पेड़ काटने पर दिल्ली सरकार के मंत्रियों की 3 सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने डीडीए, वन विभाग और दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजा है। सरकार ने प्रिंसिपल सेक्रेटरी, डीडीए वाइस चेयरमैन, प्रिंसिपल कमिश्नर, कमिश्नर (हाउसिंग), डीसीपी (दक्षिण दिल्ली) तथा को 1 जुलाई को मीटिंग के लिए बुलाया है। डिपार्टमेंट । मामले में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई की अगली तारीख 12 जुलाई को है। इससे पहले यह कमेटी अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करेगी। दिल्ली सरकार का कहना है कि दिल्ली रिज में किसके आदेश पर 110 अधिकारियों द्वारा फैक्चुअल रिपोर्ट ना मिलने के कारण यह बुलाई गई0 पेड़ अवैध रूप से काटे गए और 3 फरवरी 2024 को एलजी के दौरे का उद्देश्य क्या था, यह पता लगाने के लिए 1 जुलाई 2024 को समिति की बैठक बुलाई जाएगी।

**शनिवार को गठित की गई कमेटी :** इससे पहले, शनिवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इन पेड़ों को काटने का आदेश किसने दिया, इसकी सच्चाई पता करने के लिए मंत्रियों की तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। कमेटी में कैबिनेट मंत्री कैबिनेट मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन शामिल हैं। बिना अनुमति के काटे गए पेड़ों के मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है।

# चन्द्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पम्प हाउस का आतिशी ने किया निरीक्षण

**मुआयना**

**पिछले दिनों दिल्ली में अप्रत्याशित रूप से बारिश हुई। दिल्ली में पूरे मानसून के दौरान 800 मिमी बारिश होती है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जल**मंत्री आतिशी ने रविवार सुबह दिल्ली जलबोर्ड और शहरी विकास विभाग के अधिकारियों के साथ चन्द्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थित पम्प हाउस का निरीक्षण किया। पिछले दिनों दिल्ली में अप्रत्याशित रूप से बारिश हुई। सामान्य समय में दिल्ली में पूरे मानसून के दौरान 800 मिमी बारिश होती है लेकिन 2 दिन पहले 24 घंटे में ही 228 मिमी बारिश हो गई। इस कारण चन्द्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थित पम्प हाउस में पानी घुस गया। इस कारण पम्प हाउस की मोटरों को नुकसान पहुंचा। इस पम्प हाउस के जरिए मध्य दिल्ली के कई इलाकों में पानी की सप्लाई की जाती है, लेकिन पम्प हाउस के मोटरों को हुए नुकसान के कारण इन इलाकों में सप्लाई बाधित हुई। इस बाबत रविवार को जलमंत्री आतिशी ने पम्प हाउस का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पाया कि जलबोर्ड ने तेजी से काम करते हुए पम्प हाउस से पानी निकालने और मोटरों को ठीक करने का काम किया। मोटरों की मरम्मत पूरी हो चुकी है और अब पानी की सप्लाई भी सामान्य हो जाएगी और लोगों को समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## पीएम के निर्देश पर सीबीआई ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार: सिंह

**नई दिल्ली: आप सांसद** संजय सिंह ने सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी के निर्देश पर सीबीआई ने सीएम को गिरफ्तार किया है। संजय सिंह ने कहा, "कोर्ट (राउज एवेन्यू कोर्ट) ने अपने आदेश में कहा कि एऊके पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है और वो दुर्भावनापूर्ण इरादे से काम कर रही है।

## आतिशी ने मिंटो ब्रिज अंडरपास स्थित पंप हाउस का किया निरीक्षण



**जलजमाव**

**2-3 साल पहले तक मिंटो ब्रिज अंडरपास पर कम बारिश में ही जलजमाव हो जाता था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार की पीडब्ल्यूडी और जल मंत्री आतिशी ने रविवार को उच्चाधिकारियों के साथ मिंटो ब्रिज अंडरपास स्थित पम्प हाउस का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसकी क्षमता को बढ़ाने के निर्देश दिए। मानसून के दौरान सामान्य दिनों में दिल्ली में 20-25 मिमी बरसात होती है। 2-3 साल पहले तक मिंटो ब्रिज अंडरपास पर कम बारिश में ही जलजमाव हो जाता था, लेकिन इसे दूर करने के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा कई स्थायी कदम उठाये गए। पीडब्ल्यूडी ने यहां एक अतिरिक्त ड्रेनेज लाइन बनाई है। इमरजेंसी अलार्म सिस्टम सहित ऑटोमेटिक पम्प भी स्थापित किए गए हैं।

इस कारण पिछले साल कई दिन तक 100 मिमी से ज्यादा बारिश होने के बाद भी यहां जलजमाव नहीं हुआ। लेकिन इस साल पिछले दिनों 24 घंटे में ही 228 मिमी बरसात हुई, जो दिल्ली में मानसून के दौरान होने वाली कुल बरसात का 25 प्रतिशत है। ऐसे में इस अप्रत्याशित बारिश के कारण अंडरपास में जलजमाव की समस्या सामने आई। इस भारी बारिश के कारण मिंटो ब्रिज अंडरपास पर स्थापित पम्पों को पानी निकालने में समय लगा। इस कारण यहां कुछ घंटों तक जलजमाव की समस्या रही।

यहां दोबारा ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो इसे लेकर रविवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ यहां स्थित पम्प हाउस का निरीक्षण किया। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां मौजूद पंप हाउस की क्षमता को और बढ़ाया जाये। जलभराव को रोकने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाए और वो हर संभव कदम उठाए जाएं ताकि आगे यहां जलजमाव न हो।

## जय फिलिस्तीन पर सांसद ओवैसी के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी के संसद में शपथ ग्रहण के दौरान जय फिलिस्तीन नारा लगाने पर कड़ी आलोचना करते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने 34 अशोका रोड स्थित ओवैसी के आवास के बाहर उनका पुतला जलाया। हिन्दू संगठन के कार्यकताओं ने ओवैसी के खिलाफ नारेबाजी की और पोस्टर दिखाए। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ओवैसी के घर के बाहर उनकी नेम प्लेट पर काली इंक पोती गई थी और एक पोस्टर लगाया गया था, जिसमें इजराइल के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारत माता की जय लिखा था। इस दौरान विहिप के प्रांत मंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने जंतर-मंतर पर औवेसी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

# छह बदमाशों को चोरी के सामान के साथ दबोचा



**गिरफ्तार**

**250सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर पहचान करने व इनका रूट मैप तैयार करने के बाद पकड़ा गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शाहदरा जिले की गीता कॉलोनी और सीमापुरी पुलिस ने छह बदमाशों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से सोने की एक जोड़ी बाली, सोने का सिक्का, लैपटॉप, चोरी के बर्तन, एसी का कॉपर तार व अन्य सामान बरामद हुआ है। इन आरोपितों को 250 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर पहचान करने व इनका रूट मैप तैयार करने के बाद पकड़ा गया है। पुलिस पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर रही है। शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 22 जून को शास्त्री नगर स्थित न्यू लाहौर इलाके में चोरी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने दो लाख नकद समेत लैपटॉप, मोबाइल फोन और गहनों के चोरी होने की बात बताई। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। करीब 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने वारदात स्थल पर आरोपितों व उनके रूट मैप का पता लगाया। इसके बाद चौहान बांगर स्थित धर्मपुरी पुलिया के पास 24 जून को योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और दूसरे दिन यानि 25 जून को गुप्त सूचना के बाद एक आरोपित को न्यू सीलमपुर निवासी एक आरोपित कामिल को दबोच लिया। उसने पुलिस को बताया कि उसने अपने दो सहयोगियों अमान व अनस की मदद से वारदात को अंजाम दिया था। इन दोनों को गिरफ्तार कर आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने एक लैपटॉप, सोने की बालियां और सोने का सिक्का बरामद कर लिया। इस दौरान जांच में यह भी पता चला कि चोरी में नकद करीब दो हजार ही चुराए गए थे। वहीं, 11 जून को दिलशाद गार्डन इलाके में सेंधमारी की शिकायत मिली थी। शिकायत पर मामला दर्ज कर सीमापुरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पुलिस ने खंगाली तीन आरोपित सेंधमारी की वारदात को अंजाम देते फुटेज में दिखे। पुलिस ने तकनीकी टीम के साथ ही स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपितों के ठिकाने के बारे में पता लगाया और न्यू सीमापुरी इलाके में छापा मारकर तीन बदमाशों न्यू सीमापुरी निवासी ऋषि, जुम्मन व मुजफ्फर को गिरफ्तार कर लिया।

## हाई कोर्ट के. कविता की जमानत याचिका पर एक जुलाई को सुनाएगा फैसला



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच आबकारी घोटाला मामले में बीआरएस नेता के. कविता की ईडी और सीबीआई मामले में दायर जमानत याचिका पर कल यानि 1 जुलाई को फैसला सुनाएगी। कोर्ट ने 28 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने के. कविता की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि उनकी रिहाई होने की स्थिति में आगे की जांच पर गंभीर असर पड़ सकता है। ईडी ने कहा था कि ये दलील सही नहीं है कि महिला होने की वजह से जमानत दी जाए, क्योंकि वह एक प्रभावशाली महिला हैं और उन्होंने काफी गंभीर अपराध किया है। वे गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं और साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकती हैं। ईडी ने कहा था कि के. कविता ने अन्य आरोपितों के साथ मिलकर सौ करोड़ रुपये की रिश्वत ली।

हाई कोर्ट ने ईडी के मामले में 10 मई को, जबकि सीबीआई मामले में 16 मई को नोटिस जारी किया था। के. कविता ने सीबीआई और ईडी दोनों के मामले में जमानत याचिका दायर की है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 6 मई को के. कविता की ईडी और सीबीआई के मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी के मुताबिक इंडोस्पिरिट्स के जरिये 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था। ईडी के मुताबिक कविता शराब कारोबारियों की लॉबी साउथ ग्रुप से जुड़ी हुई थीं। ईडी ने कविता को पूछताछ के लिए दो समन भेजा था, लेकिन कविता ने इसे नजरअंदाज कर दिया और पेश नहीं हुईं, जिसके बाद 15 मार्च को हैदराबाद से मनी लांड्रिंग मामले में छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

## आज से खुल जाएंगे स्कूल

**नई दिल्ली:** ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के बाद सोमवार से राजधानी के सरकारी से लेकर निजी स्कूल खुलेंगे। सभी स्कूलों ने छात्रों के स्वागत उत्सव के लिए तैयारी की हैं। वहीं, स्कूल प्रबंधन ने अपने परिसरों की साफ-सफाई कराते हुए, विद्यालय को सुंदर व आकर्षक बनाया है। हालांकि, कुछ निजी स्कूल कुछ दिन पहले ही खुल गए थे। स्कूल प्रबंधनों का कहना है कि पहला दिन स्वागत उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें छात्र-छात्राओं का रोली चंदन से तिलक कर स्वागत किया जाएगा। साथ ही, स्कूलों को फूल, रंगोली और गुब्बारों आदि से सजाया गया है।

# बिभव की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला आज



**सुनवाई**

**सीसीटीवी फुटेज में कहीं भी स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की पुष्टि नहीं होती है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपित बिभव कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 1 जुलाई को फैसला सुनाएगी। हाई कोर्ट ने यह याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं, इस पर 31 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट अपने फैसले में ये तय करेगा कि बिभव की याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं। सुनवाई के दौरान विभव के वकील एन हरिहरन ने कहा था कि इस मामले में जांच अधिकारी को यह देखना चाहिए था कि उसमें गिरफ्तारी की जरूरत है या नहीं, उसके बाद ही उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा था कि अर्नेश कुमार के फैसले के आधार पर गिरफ्तारी को चुनौती दी जा सकती है। बिभव के वकील ने कहा कि गिरफ्तारी से पहले गिरफ्तारी के आधार और वजह नहीं बताया गया। इससे अपराध प्रक्रिया की धारा 41ए के प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है। टबिभव कुमार ने अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हुए मुआवजे की मांग की है। बिभव कुमार ने कहा है कि उनकी गिरफ्तारी करते समय अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए का पालन नहीं किया गया है। तीस हजारी कोर्ट ने 28 मई को बिभव कुमार को तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। 27 मई को तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली पुलिस ने 18 मई को बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील अतुल श्रीवास्तव ने कहा था कि एफआईआर में स्वाति ने खुद साफ किया कि उसने पुलिस को अप्रोच करने में देरी क्यों की। वो इस घटना के बाद ट्रामा में थी, इस वजह से देरी हुई, जबकि बिभव के वकील ने कहा था कि सीसीटीवी फुटेज में कहीं भी स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की पुष्टि नहीं होती है।

# कई एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी, इंडिगो-स्पाइसजेट के हवाई यात्रियों को जानना जरूरी



**एडवायजरी**

**एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत गिरने की घटना की जांच के लिए एक तकनीकी समिति गठित की है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हादसे के बाद से अभी तक हालात सामान्य नहीं हैं। यह टर्मिनल अभी भी बंद पड़ा है। इससे उड़ानों के साथ हवाई यात्रियों पर असर पड़ रहा है। टी-1 से इंडिगो और स्पाइसजेट की घरेलू उड़ान संचालित होती थीं, जिन्हें अब टर्मिनल-2 और 3 पर ट्रांसफर कर दिया है। इसके साथ ही एयरलाइंस ने अपने यात्रियों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। टर्मिनल-1 फिलहाल के लिए बंद होने से अब बाकी टी-2 और टी-3 पर बोझ बढ़ गया है। यहां से अब ज्यादा फ्लाइट्स का संचालन हो रहा है। जिस कारण यात्रियों की संख्या भी बढ़ी है।

**स्पाइसजेट एयरलाइन की एडवाइजरी:** स्पाइसजेट ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि एक जुलाई से सात जुलाई तक दिल्ली से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 से संचालित होंगी। सभी यात्रियों को उनके रजिस्टर्ड नंबर पर एसएमएस और ईमेल पर आवश्यक जानकारी दे दी गई है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे पर्याप्त यात्रा समय सुनिश्चित करें और अपनी उड़ान की स्थिति पर नजर रखें।

**अकासा एयरलाइन की यात्रियों को सलाह:** अकासा एयरलाइन ने भी अपने यात्रियों को सलाह दी है कि वो दिल्ली एयरपोर्ट पर आने से पहले फ्लाइट के प्रस्थान से तीन घंटे पहले पहुंचें। अकासा एयरलाइन का कहना है कि दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 के अस्थायी रूप से बंद होने के कारण अन्य एयरलाइंस की उड़ानें टर्मिनट-2 पर आएंगी और जाएंगी, जो पहले टर्मिनल-1 पर आती थीं। इसी बदलाव के कारण टर्मिनल 2 पर यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। एयरपोर्ट पर अन्य किसी तरह की परेशानी से बचने और फ्लाइट को समय से पकड़ने के लिए अकासा एयर फ्लाइट के प्रस्थान से तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुंचें। ताकि इन, सुरक्षा जांच और बोर्डिंग के लिए अतिरिक्त समय दे सकें।

**इंडिगो की फ्लाइट टर्मिनल-2 से:** आईजीआई एयरपोर्ट के तीनों टर्मिनल से प्रतिदिन लगभग 1400 उड़ानों का संचालन होता है। इनमें से सबसे ज्यादा उड़ानों का संचालन टर्मिनल दो व तीन से होता है। वहीं, टर्मिनल-1 से इंडिगो और स्पाइसजेट की घरेलू उड़ानें संचालित होती हैं। अब इंडिगो की फ्लाइट्स का परिचालन अस्थायी रूप से टर्मिनल-2 पर स्थानांतरित कर दिया है।

**हादसे में जांच के लिए तकनीकी टीम गठित**

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 के फोरकोर्ट की छत गिरने से एक कैब चालक की मौत हो गई थी। छत गिरने के बाद शुक्रवार को टर्मिनल-1 से उड़ानों का परिचालन निलंबित कर दिया था। इसके सभी उड़ानों को टर्मिनल-2 और 3 पर ट्रांसफर किया गया।

दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेटर डायल ने कहा कि उसने एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत गिरने की घटना की जांच के लिए एक तकनीकी समिति गठित की है। घटना का मुख्य कारण लगातार भारी बारिश लग रही है।

## अभी तक नहीं उठा टर्मिनल-1 का मलबा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली एयरपोर्ट पर हादसे** के बाद टर्मिनल-1 पर हवाई यातायात सामान्य नहीं हो पाया है। फ्लाइट्स अभी भी टर्मिनल-2 और 3 से ऑपरेट हो रही हैं। इन टर्मिनल पर भीड़ पहले से होने के चलते उड़ानों में देरी हो रही है। साथ ही कई उड़ानों को रद्द किया गया है। बता दें कि हादसे के बाद से टर्मिनल-1 की सभी उड़ानें टर्मिनल-2 और 3 से आ और जा रही हैं। टर्मिनल-1 से इंडिगो और स्पाइसजेट एयरलाइंस की घरेलू उड़ानें ऑपरेट होती हैं। जानकारी के अनुसार, अभी तक करीब 35 उड़ानें रद्द होने की जानकारी मिल रही है।

**टर्मिनल-1 अभी भी बंद:** उड़ानों में लेटलतीफी की बात हो तो आधे से आठ घंटे तक का विलंब देखा जा रहा है। विलंबित उड़ानों में आधा घंटा का विलंब सामान्य है।

टर्मिनल-1 अभी भी बंद पड़ा है। यहां से मलबे को नहीं हटाया गया है। टी-2 और टी-3 पर फ्लाइट डाइवर्ट होने से यहां और ज्यादा बोझ बढ़ गया है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 के फोरकोर्ट की छत गिरने से एक कैब चालक की मौत हो गई थी। वहीं, आठ लोग घायल हो गए।

# निरंतर आमजन के हित में काम कर रही नायब सरकार: असीम गोयल

**टीम अक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: अम्बाला के** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण, डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने शिरकत की। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार निरंतर नायाब काम करते हुए गरीब व आमजन के हित में काम कर रही है। आज पात्र लोगों को सीधे लाभ मिल रहा है और वे लाभान्वित हो रहे हैं।

परिवहन मंत्री असीम असीम गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गरीब और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन की कठिनाई दूर करने का नायाब संकल्प लिया है। आज बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा, विदुर व अविवाहित आदि को हरियाणा सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। पेंशन की राशि सीधे पात्र व्यक्ति के खाते में पहुंचती है। हरियाणा पूरे भारत में सबसे ज्यादा वृद्धावस्था पेंशन देने वाले राज्यों में शामिल है। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिए जा रहे हैं। पूर्व सरकार की इस योजना को 16 साल बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सुलझाया और लोगों को प्लॉट वितरित किए। इसके अतिरिक्त जिन ग्राम पंचायतों में प्लॉट के लिए जमीन नहीं है, वहां प्लॉट खरीदने के लिए 1 लाख रुपये की राशि के अधिकार पत्र दिए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ डॉ. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के अंतर्गत मकान की मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश के आमजन को ध्यान में रखकर हर दिन विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर रहे हैं। परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि आचार संहिता हटने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सबसे पहले जिस योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए वह हैप्पी स्कीम है। हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) कार्ड से व्यक्ति 1 हजार किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा कर सकता है। एक लाख रुपये तक पारिवारिक आय वाला प्रत्येक व्यक्ति आवेदन कर सकता है।

# पौधारोपण कर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**रविवार को सनौली** रोड स्थित दरगाह हजरत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क पानीपती शाह विलायत साहब में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के (111वे संस्करण) में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब जमाल सिद्दीकी ने शिरकत की?।दरगाह शाह विलायत साहब में भारी तादाद में लोगों के साथ कार्यक्रम को बड़ी लगन से सुना और इस मौके पर दरगाह शाह विलायत में पौधे लगाकर पौधारोपण भी किया। मन की बात कार्यक्रम के मौके पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा सूफी संवाद महाअभियान के राष्ट्रीय प्रभारी जनाब डॉ. असलम साहब ने भी शिरकत की और ख्वाजा हाफिज सैयद मेंराज हसन साबरी भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा सूफी संवाद महाअभियान के राष्ट्रीय सहप्रभारी ने प्रोग्राम का संयोजन व सबका स्वागत किया?। दरगाह शाह विलायत साहब के खादिम ए खास सैयद हामिद हसन साबरी और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पानीपत जिला अध्यक्ष रफाकत हसन, इरफान अली एडवोकेट, (सुरेश कांगड़ा मीडिया प्रभारी) वसंत बोहत ,हसनैन ख्वाजा, रॉकी, राजीव लीडलान ,सनी लि डलान, हारुण खान, नसीम खान, रिजवान अंसारी, हाजी तालिब साबरी ,शराफत भाई भोजपुर,वसीम साबरी, आमिर साबरी, मास्टर आलम ,आसिफ मिर्जा, इन सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी साहब और राष्ट्रीय प्रभारी डॉ.असलम साहब को पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया।

## न्यूज फ्लैश

### ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने एक पौधा बुजुर्गों के नाम की शुरूआत की

**पानीपत/कमाल हुसैन** इस अवसर पर हर्ष आदर्श स्कूल कारद के प्रांगण से 11 वर्षीय जितेश पुत्र राममेहर ढोचक के साथ मिलकर बुजुर्ग दादी 74 वर्षीय भुलादेवी के नाम पर बरगद रोपित करके परिजनों ने देखभाल की जिम्मेदारी उठाई। इस अवसर पर बुजुर्ग भुलादेवी ने कहा कि प्रोफेसर दलजीत कुमार की बुजुर्गों के नाम पौधारोपण की मुहीम एक सराहनीय कदम है इससे एक तरफ तो पर्यावरण बचेगा दूसरी तरफ पूरा परिवार संगठित रहेगा। हर्ष आदर्श स्कूल के डायरेक्टर राममेहर धोचल ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की मुहीम " एक पौधा बुजुर्गों के नाम " एक शानदार व पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयोग साबित होगा। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि " एक पौधा बुजुर्गों के नाम " अभियान बड़े पैमाने पर लगातार जारी रहेगा इससे जहाँ पर्यावरण बचाने में सहयोग मिलेगा वहीं पौधों के प्रति परिवार व अपनेपन की अनुभूति होगी जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग पौधे लगाएंगे।



### नौकर ने दुकानदार की गर्दन पर रखा चाकू, काटी उंगली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा घरौंडा की** भोला कॉलोनी में स्थित बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पर हिसाब-किताब को लेकर हुए विवाद में चाकू चल गए। इस घटना में आरोपी ने दुकानदार के गले पर चाकू रख दिया, जिससे बीच-बचाव में दुकानदार की उंगली कट गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोला कॉलोनी निवासी जयपाल की बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। उसने बताया कि उनके पास बिहार निवासी करण कुमार यादव काम करता था। करण ने उनकी गाड़ी में लोड सामान को निकालकर बेच दिया था। जब जयपाल ने दोबारा हिसाब समझाया तो करण ने पैसे देने से मना कर दिया और चाकू निकालकर जयपाल के गले पर रख दिया। जब जयपाल ने बचने की कोशिश की तो करण ने उनकी उंगली पर चाकू मार दी, जिससे उंगली कट गई। जयपाल ने सरकारी अस्पताल में अपना इलाज करवाया और पुलिस को शिकायत दी। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया और डायल 112 को बुलाकर पुलिस के हवाले कर दिया। जांच अधिकारी प्रवीन कुमार ने बताया कि जयपाल की शिकायत के आधार पर करण कुमार यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### जबरन करवाना चाहते हैं शादी, इनकार किया तो की मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक कोचिंग** टीचर युवती ने अपने पिता पर ही केस दर्ज करवा दिया। बेटी का आरोप है कि पिता उसकी जबरन शादी करवाना चाहता है। जब उसने शादी से इनकार किया तो उसके साथ मारपीट की गई। वह शिकायत लेकर घायल हालत में ही पुलिस थाने पहुंच गई। जहां उसने पुलिस को बताया है कि पिता ने बेल्ट, लात-घूंसों और थप्पड़ों से बेरहमी से उसे पीटा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पिता के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत में बताया है कि वह करनाल के एक कोचिंग सेंटर में बच्चों को पढ़ाती है। 29 जून को शाम 5 बजे जब वह घर पहुंची तो उसके पिता ने कहा कि मैंने तेरी शादी के लिए लडका ढूंढ लिया है। तू उसी से शादी करेगी। युवती का कहना है कि इस दौरान उसने पिता के सामने शादी करने से इनकार कर दिया।
इसके बाद उसके पिता ने मुझे बेल्ट, लात-घूंसों, चप्पलों और जूतों से पीटा। धक्के मारे और बाल भी खींचे।

# समाज को सकारात्मक संदेश देता है मन की बात

## मन की बात कार्यक्रम में बताई गई बातो को आत्मसात करे: गजेंद्र सलूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में देश में हो रहे सकारात्मक बदलावों का जिक्र करते है पूरे देश को उन बदलाओं से अवगत करवाते ।प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम समाज को सकारात्मक संदेश देता है। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने पानीपत शहरी विधान सभा क्षेत्र कृष्णपुर मंडल में जाटल रोड स्थित अनाथालय में भारी संख्या में लोगो के साथ मन की बात सुनने के बाद अपने संबोधन में कहें। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की संस्कृति को सुदृढ़ करने की बात करते है। देश में पैदा हो रहे रोजगार के अवसरों से अवगत कराते है। उन्होंने कहा कि हमें प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इस कार्यक्रम में कही गई बातों को आत्मसात करना चाहिए। गजेंद्र सलूजा ने लोगो को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम,के प्रति लोगी को प्रेरित किया स्वयं भी कार्यकताओं के साथ पौधारोपण किया कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यक्रम संयोजक सोमदत्त ने पुष्प गुच्छ देकर गजेंद्र सलूजा का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने की इस अवसर मुख्य रूप से, मेघराज गुप्ता,भाजपा जिला मंत्री सुनील कंसल तरुण पसरिचा, रमेश सैन अहरिया, जसमेर शर्मा ,बलवान सरोहा, सी ए रविंद्र सिंह, जितेंद्र रोहिला सतपाल मलिक ,राजेश शर्मा ,सोहन पाल तथा वीरेंद्र परिहार आदि मौजूद रहे।

# गाव काबडीं मे बाजा राम नाम का डंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**हरियाणा के पानीपत** जिले के ब्लॉक काबडी की ब्लॉक स्तरीय नामचर्चा रविवार को ब्लाक के गांव काबडीं में संपन्न हुई। नामचर्चा का आगाज ब्लाक जिम्मेदारो ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का पावन नारा लगा कर किया। नामचर्चा में पहुंचे कविराजों ने अपनी मधुर वाणी में भजन शब्द बोल गुरूयश गाया। नामचर्चा में पहुंचे ब्लाक काबडी के जिम्मेवारों ने सारी साध संगत को कहा कि दरबार द्वारा चलाई जा रहे मानवता भलाई कार्य मे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। गांव काबडीं के प्रेमी सेवक ने ब्लॉक की साध संगत का गांव में नामचर्चा में पहुंचने का धन्यवाद किया। नामचर्चा के दौरान पूज्य गुरु जी के अनमोल वचन सुनाये गए। इस अवसर पर ब्लाक के गांवों के प्रेमी सेवक, एमएसजी आईटी विंग के सदस्य, 15 मेंबर भाई बहन, ब्लाक और गांवों की साध संगत भी उपस्थित थी।

# निस्वार्थ योग सेवा संगठन ने मनाया चौथा स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: मेरा मिशन** स्वस्थ अंबाला के तहत निस्वार्थ योग सेवा संगठन के संस्थापक व योग गुरु राकेश वर्मा जी ने चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर सैकड़ो की तादाद में आए योग साधकों का हृदय की अनंत गहराइयों से धन्यवाद किया और सभी योग साधकों को योग की क्रियाएं करवाते हुए किडनी लीवर हार्ट पेनक्रियाज और फेफडो को हम लोग अभ्यास व प्राणायाम द्वारा कैसे स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वह प्रतिदिन यहां पर आए और निस्वार्थ योग सेवा संगठन की निशुल्क योग सेवाओ का लाभ उठाते हुए अपने शरीर को स्वस्थ बनाए वर्मा ने कहा मैने जब अपनी संस्था का नाम निस्वार्थ योग सेवा संगठन सोचा तो मेरे जहन में बस एक ही बात होती थी कि कैसे मैं अपने शहर और शहर वासियों की निस्वार्थ भाव से सेवा कर सकूं ताकि सबको लाभ पहुंचे। उस समय मेरा लक्ष्य केवल यही था क्योंकि मैं अकेला ही इस पथ पर चला था धीरे-धीरे मुझे अंबालावासियों का साथ मिलता चला गया और कारवॉं बढ़ता चला गया संस्था के जनरल सेक्रेटरी अशोक अरोड़ा जी ने बताया कि हमारे योग गुरु राकेश वर्मा सभी योग साधकों को योग के साथ-साथ धार्मिक चर्चा करते हुए सभी को ब्रह्म स्नान करने की सलाह देते हैं वर्मा जी के नेतृत्व में सभी योग साधकों के सहयोग से संस्था द्वारा धार्मिक कार्य जैसे कि सरकारी स्कूलों में गरीब बच्चों को कॉपी किताबें व मिड डे मिड में खाने के लिए स्टील प्लेटे गिलास चम्मच इत्यादि देना गौशाला में गौ माता के लिए हरा चारा वा गुड और वहां पर जाकर प्रभु चरणों में ध्यान लगाते हुए कीर्तन आदि करना सत्संग करना हर अमावस्या पर खीर का भंडारा लगाना व जरूरतमंदों की संस्था द्वारा मदद करना व अन्य सामाजिक कार्य करना संस्था का मुख्य कर्म है स्थापना दिवस पर आए हुए मुख्य अतिथि अंबाला के बहुत बड़े व्यावसायिक श्री पुरुषोत्तम गोयल जी व चंडीगढ़ से आए योगा कोच जितेंद्र सागर का सभी योग साधकों ने तालियां बजाकर वह शाल मोमेंटो देकर जोरदार स्वागत किया योग गुरु राकेश वर्मा सभी अंबाला वासियौ से आग्रह करते हैं कि अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आप हमारे संगठन के साथ जुड़े और प्रतिदिन एक घंटा सुभाष पार्क के स्केटिंग ग्राउंड के खुले प्रांगण में प्रातः 5:15 बजे से 6:30 तक अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूर आए क्योंकि यह क्लास बिल्कुल निशुल्क लगाई जाती है इस मौके पर सैकड़ो की संख्या मे सभी योग साधक और अन्य लोगों ने कार्यक्रम मैं भाग लिया।

**साधक**

▸▸ सैकड़ो की संख्या मे सभी योग साधक और अन्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# कार लूट की वारदात में शामिल तीसरा आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की टीम समालखा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 44 पर मार्च 2023 में करनाल निवासी युवक से गन प्वाइंट पर हुई कार लूट की वारदात में शामिल तीसरे आरोपी को शनिवार को तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी की पहचान सुमित निवासी भैसरवाली फरीदाबाद के रूप में हुई। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम ने मामले में आरोपी सन्नी निवासी खेड़ी गुर्जर सोनीपत को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रोंद सहित गिरफ्तार कर व आरोपी विशाल उर्फ सुनार निवासी संजय कॉलोनी फरीदाबाद को रोहतक जेल से प्रोक्शन वारंट लेकर पूछताछ की थी। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अपने साथी आरोपी सुमित निवासी भैसरवाली फरीदाबाद के साथ मिलकर कार लूट की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। आरोपी सन्नी की निशानदेही पर लूटी गई आई 20 कार फरीदाबाद से बरामद कर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी सुमित की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी सुमित आर्म्स एक्ट के मामले में दिल्ली तिहाड़ जेल में बंद था। सूचना मिलने पर एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की टीम शनिवार को आरोपी सुमित को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने वारदात में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी सन्नी व विशाल के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी ने पूछताछ में बताया वारदात में प्रयुक्त अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित वह गत दिनों दिल्ली में पकड़ा गया था। रिमांड अवधी पूरी होने पर पुलिस ने रविवार को आरोपी सुमित को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत करें पौधारोपण : योगेन्द्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा जिलाध्यक्ष** योगेन्द्र राणा ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अर्बन मंडल के बूथ नंबर 82 पर पौधारोपण किया और इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन पसंद कार्यक्रम मन की बात को कार्यकताओं के साथ बैठकर सुना। योगेन्द्र राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नामश अभियान की शुरूआत की और भारत तथा विश्वभर में सभी लोगों से आह्वान किया था कि वे आने वाले दिनों में अपनी मां को श्रद्धांजलि स्वरूप एक पेड़ लगाएं। उसी का अनुसरण करते हुए आज उन्होंने अर्बन मंडल के बूथ नंबर 82 पर पौधारोपण कर इस अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर 10 पेड़ सभी एक पेड़ मां के नाम पर लगाएं और इसके लिए अन्य सभी लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने प्रकृति की रक्षा करने और संधारणीय जीवनशैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप एक पेड़ लगाया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चे का लालन पालन करती है, उसी प्रकार हमने भी उस पेड़ की देखभाल करनी है तभी तो वो फले फूलेगा और हम ऑक्सीजन देगा।

# मुझ पर किए हमले की निष्पक्ष जांच करे प्रशासन: अनिल पांडे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**आम आदमी पार्टी के** प्रदेश यूथ सह सचिव अनिल पांडे ने उन पर हुए हमले को लेकर प्रेसवार्ता की। इस दौरान उनके साथ हरियाणा पूर्वांचल कल्याण संघ के प्रधान अमित सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक बग्गा, जिला सह सचिव राजीव कंसल, दविंदर बंसल, ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष कृष्ण यादव, पूर्वांचल समाज महामंडलेश्वर श्री श्री श्री 1008 स्वामी शिवाधर दुबे, पूर्वांचल समाज आचार्य पीतांबर पीठाधीश्वर अक्षय मिश्रा और मुकेश पटेल मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मुझ पर कुछ अराजक तत्वों ने हमला किया। उन्होंने मेरे साथ मारपीट करके कहा कि गाड़ी से अरविंद केजरीवाल की फोटो हटा लो और राजनीति छोड़ दो, नहीं तो तुम्हे जिंदा नहीं छोड़ेंगे। हमला करने वालों को गाड़ी के नंबर के आधार पर पकड़ लिया गया है। ऐसे लोग समाज के लिए सही नहीं होते। मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि इसकी निष्पक्ष जांच की जाए और पता लगाया जाए की वो कौन लोग थे।

# ओमवीर सिंह पंवार डॉक्टरेट की मानक उपाधि से किये गये सम्मानित

## दिल्ली में हुये होनोरारी डॉक्टरेट अवार्ड 2024 की उपाधि मिलने से बने डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



ग्लोबल चैम्बर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री व एग्रीकल्चर द्वारा दिल्ली द्वारका स्थित पांच सितारा होटल रेडिशन ब्लू में होनोरारी डॉक्टरेट अवार्ड 2024 का इंटीग्रेटेड ग्लोबन यूनिवर्सिटी ने सम्मान समारोह आयोजित किया गया । जिसमे देश की जानी मानी मशहूर हस्तियों की उपस्थिति में करीब विभिन्न राज्यो से आये अलग अलग क्षेत्रो में कार्य करने वाले करीब 16 व्यक्तियों को डॉक्टरेट की मानक उपाधि के साथ ही लीडरशीप सम्मान से सम्मानित किया गया । वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार की सामाजिक, धर्मीक व राजनीतिक की गतिविधियों व सर्वसमाज में पूरी निष्ठा से समाजसेवा व उत्कृष्टता के साथ करने के लिये हरियाणा के जिला पानीपत ओमवीर सिंह पंवार का यूनिवर्सिटी की चयन समिति के द्वारा देश मे कुछ चुनिदा लोगो मे इस डॉक्टर की उपाधि के चुना गया। डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार ने ऐसी डॉक्टरेट की मानक उपाधि अवार्ड से देश की बड़ी हस्तियों की उपस्थिति में प्रसिद्ध व्यक्तियों के हाथों से सम्मानित होना पानीपत जिला वासियों के साथ साथ समस्त हरियाणावासियों के लिये बड़े गर्व व गौरव की बात है । डॉक्टर बनने से समस्त कबीरपंथ समाज के साथ सर्वसमाज के भारी भरकम सर्मथकों में खुशी की लहर है । समाजसेवी डॉक्टर ओमवीर सिंह पंवार ने इंटीग्रेटेड ग्लोबन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ0 तपन काकोटी, डॉ0 नीरज स्वामी, प्रोफेसर डॉ0 राजीव कुमार के अलावा आयोजन समिति के समस्त सदस्यो का हृदय आभार व्यक्त किया है । डॉ0 पवार के निवास पर बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ। वही ओमवीर सिंह पंवार को डॉक्टर की उपाधि मिलने पर भगत राजकुमार कटारिया, सरदार मलकीत सिंह, भोपाल राठी, राजकुमार राणा, विकास कुमार, पदम् सिंह विनोद कुमार, महिपाल, सोमदत्त पाल, भानू तोमर, प्रदीप कुमार, लोकेश पवार, सुभाष सिसोदिया, कुलदीप सिंह, रोहताश सहराया, संजय चौहान आदि व्यक्तियों ने हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

## ऑस्ट्रेलिया में बस दुर्घटना में तीन की मौत

एजेंसी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के उत्तरपूर्वी राज्य क्वींसलैंड में रविवार को बस और कार की भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गये। ब्रिस्बेन स्थित द कूरियर-मेल सहित क्वींसलैंड मीडिया आउटलेट ने बताया कि घटना उत्तरी क्वींसलैंड तट पर ब्रूस हाईवे पर बोवेन के उत्तर में गुमलू के पास हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और 20 से अधिक घायल हो गये। घायलों में से चार की हालत गंभीर है। बस में कुल 33 लोग और कार में दो लोग सवार थे।

## सर्बिया में इजरायली दूतावास की सुरक्षा कर रहे पुलिस अधिकारी पर हमला



**बेलग्रेड।** बेलग्रेड में इजरायली दूतावास की सुरक्षा कर रहे एक सर्बियाई पुलिस अधिकारी को एक हमलावर ने क्रॉसबो से घायल कर दिया। सर्बिया के आंतरिक मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अधिकारी ने हमलावर को गोली मारकर जवाब दिया। आंतरिक मंत्री इविका डैसिक ने एक बयान में दावा किया कि हमलावर ने अधिकारी की गर्दन पर हमला किया।

## डोनेट्स्क पर यूक्रेन की गोलाबारी में एक की मौत, चार घायल

**मॉस्को।** डोनेट्स्क के पेट्रोव्स्की जिले पर यूक्रेन के हमले के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य नागरिक घायल हो गए। यह जानकारी डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने दी। पुशिलिन ने टेलीग्राम पर कहा, कीव की आक्रामकता के कारण आज एक व्यक्ति की मौत हो गई, चार अन्य लोग घायल हो गए। डोनेट्स्क के पेत्रोवस्की जिले में एक परिवार तोपखाने की आग की चपेट में आ गया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी घायलों को चिकित्सा सहायता मिल रही है।

## नाइजीरिया में ट्रक ने भीड़ को रौंदा, 14 लोगों की मौत

**अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया के कानो राज्य में स्थित इमावा शहर में राजमार्ग पर चल रहे लोगों को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पीएम न्यूज ने दी। समाचार पत्र ने एक अधिकारी के हवाले से कहा कि दुर्घटना तब हुई जब एक ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया और नमाज अदा कर रहे पैदल यात्रियों से टकरा गया।

## ईरान में मतपेटी के काफिले पर हमला,दो पुलिस अधिकारियों की मौत



**तेहरान।** ईरान के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के बाद तड़के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में मतपेटी ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर सशस्त्र हमलावरों ने हमला किया जिसमें दो पुलिस अधिकारी मारे गए। यह जानकारी आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। आईआरएनए ने सिस्तान और बलूचिस्तान पुलिस विभाग के एक बयान के हवाले से कहा कि रस्क काउंटी के जकीगुर गांव में हुए हमले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में मतपेटी को जब्त करना था।

## जापान को जुलाई में मिलेंगी पहली महिला अभियोजक जनरल



**टोक्यो।** जापान सरकार ने टोक्यो उच्च लोक अभियोजक कार्यालय की मुख्य अभियोजक नाओमी उनेमोटो को अगले महीने पहली महिला अभियोजक जनरल बनाने का फैसला किया है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार सुश्री उनेमोटो(61) युकिओ काई (64) का स्थान लेंगी, जो सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी नियुक्ति नौ जुलाई को होगी। टोक्यो के पास चिबा से आने वाली सुश्री उनेमोटो ने वर्ष 1988 में चुओ विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और कुछ ही समय बाद अभियोजक बन गईं।

# तुर्की के खुफिया प्रमुख ने हमास पोलित ब्यूरो प्रमुख से बातचीत की

एजेंसी

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन के निदेशक इब्राहिम कालिन ने इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम को लेकर हमास पोलित ब्यूरो प्रमुख इस्माइल हनीयेह के साथ बातचीत की।

प्रसारक टीआरटी हैबर ने रविवार को बताया कि दोनों पार्टियों ने स्थायी युद्धविराम हासिल करने के साथ ही इजरायल के साथ बंधकों की अदला-बदली करने और गाजा पट्टी, तुर्की में मानवीय सहायता पहुंचाने के कदमों पर भी चर्चा की है। कालिन ने इजरायली हमलों के कारण हनीयेह की बहन की मौत पर संवेदना व्यक्त की।उन्होंने कहा कि अंकारा फिलिस्तीनी लोगों का समर्थन करना जारी रखेगा। इस सप्ताह की शुरुआत में, फिलिस्तीनी मीडिया ने बताया कि हनियेह के परिवार के घर पर इजरायली हमले में हमास पोलित ब्यूरो प्रमुख की बहन और परिवार के कई लोगों सहित 10 से अधिक लोग मारे गए। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने



इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, नागरिक पड़ोस और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया। हमले के दौरान इज़रायल में लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। बाद में, इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने तथा बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। माना जाता है कि गाजा में अभी भी 100 से अधिक बंधक हमास के पास हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इजरायल के सैन्य अभियानों में 37,650 से अधिक लोग मारे गए हैं और 86 हजार से अधिक अन्य घायल हुये हैं।

# सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान किया

एजेंसी

**काहिरा।** लेबनान के शिया आंदोलन हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच युद्ध से जुड़े सुरक्षा खतरों के बीच सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान किया है। लेबनान में सऊदी दूतावास ने यह जानकारी दी।

दूतावास ने कहा, 'लेबनान गणराज्य में सऊदी अरब का दूतावास दक्षिणी लेबनान में वर्तमान घटनाओं पर चिंता व्यक्त करता है, हम एक बार फिर सभी सऊदी नागरिकों से लेबनान की यात्रा पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का पालन करने का आह्वान करते हैं और वहां के नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने का आह्वान करते हैं।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने 18 जून को ने घोषणा किया कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है। इजरायली विदेश मंत्री काट्ज़ ने बाद में कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ नियमों को



बदलने के फैसले के बहुत करीब था, जिससे आंदोलन को युद्ध में समाप्त करने और लेबनान पर गंभीर प्रहार करने की धमकी दी गई।

हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्ला ने कहा कि अगर युद्ध और तेज हुआ तो आंदोलन उत्तरी इजरायल पर आक्रमण कर सकता है। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर रोजाना गोलीबारी कर रहे हैं। लेबनानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लगभग 100,000 लोगों को सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने घर छोड़ने पड़े, जबकि इजरायली विदेश मंत्रालय ने कहा कि 80,000 इजरायलियों को भी अपना आवास छोड़ना पड़ा।

# नाइजीरिया में सिलसिलेवार विस्फोटों में 18 लोगों की मौत

एजेंसी

**बोर्नो ।** दक्षिण अफ्रीकी देश नाइजीरिया से बुरी खबर सामने आ रही है। देश के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में में सिलसिलेवार तरीके से एक के बाद एक बम विस्फोट हुए हैं, जिसमें 18 लोगों की मौत की खबर है। इस धमाके में 48 लोग घायल लोगों के घायल होने की खबर है।

**क्या है पूरा मामला**

रिपोर्ट के मुताबिक, पता चला है कि स्टेट की इंमरजेंसी सर्विसेज ने बताया है कि पहला धमाका एक शादी समारोह के दौरान हुआ। शनिवार की दोपहर 3 बजे स्थानीय समुयानुसार पहला धमाका हुआ और इसके तुरंत बाद दूसरा धमाका जनरल अस्पताल स्थित ग्वोजा में हुआ। इसके बाद तीसरा धमाका तब हुआ, जब अंतिम संस्कार का जुलूस निकाला जा रहा था। इस कारण से हालात और खराब हो गए। सीएनएन



ने बताया है कि इस खबर के सामने आने के बाद बोर्नो स्टेट इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के महानिदेशक, डॉ बरकिंडो मुहम्मद सैदु ने ग्वोजा टाउन में घटना स्थल का दौरा किया। स्थ्रक्रू ने बताया है कि बम धमाके की चपेट में आने से सबसे अधिक हताहत पुरुष, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

**बोर्नो में बोको हराम आतंकी संगठन का रहा है दबदबा**

गौरतलब है कि नाइजीरिया का बोर्नो स्टेट पिछले एक दशक से भी अधिक समय से कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन बोको हराम के आतंकियों की हिंसा का शिकार रहा है। बीते 15 सालों से विद्रोह चल रहा है। इन आतंकी हमलों के कारण अब तक 2 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। कट्टरपंथी इस्लामिक आतंकी 40,000 से अधिक लोगों को मार चुके हैं। उल्लेखनीय है कि बोको हराम सबसे पहले 2014 में उस वक्त लाइट में आया था, जब उसने बोर्नो में 270 से अधिक स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया था।

## नेपाल में भूस्खलन से सात लोगों की मौत

एजेंसी

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में भूस्खलन की दो घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुल्मी जिले के मलिका ग्रामीण नगर पालिका में भूस्खलन में एक घर के ढह जाने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। नगर पालिका के अध्यक्ष देवी राम आर्यल ने बताया



कि भारी बारिश के कारण यह घातक भूस्खलन हुआ और सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। जिला पुलिस के प्रवक्ता इंद्र बहादुर राणा के अनुसार स्यांगजा जिले के फेदिखोला ग्रामीण नगर पालिका में भूस्खलन में मां और पुत्री की मौत हो गई। इन मौतों के साथ ही 10 जून को मानसून के मौसम की शुरुआत से अब तक मरने वालों की संख्या कम से कम 34 हो गई है।

# रूस ने 31 जुलाई तक गैसोलीन निर्यात के लिए परमिट बढ़ाया

एजेंसी

**मॉस्को।** रूसी सरकार ने गैसोलीन निर्यात के लिए परमिट को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी आधिकारिक कानूनी सूचना पोर्टल पर प्रकाशित प्रासंगिक दस्तावेज के माध्यम से मिली।

दस्तावेज़ 29 फरवरी के सरकारी संकल्प संख्या 243 में संशोधन करता है रूस से वाणिज्यिक गैसोलीन के निर्यात पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने पर। रूसी ऊर्जा मंत्री सर्गेई त्सिविलीव ने कहा कि घरेलू बाजार में पर्याप्त ईंधन भंडार बन गया है और मांग पूरी तरह से आपूर्ति के अनुरूप है, उन्होंने कहा कि बाजार की जरूरतों के आधार पर आगे कदम उठाए जाएंगे। यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन देशों को छोड़कर अन्य देशों में गैसोलीन के निर्यात पर



प्रतिबंध एक मार्च को लगाया गया था। मई के अंत में, सरकार ने 30 जून तक प्रतिबंध को निलंबित कर दिया था। गैसोलीन निर्यात पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध हटाने का निर्णय रूसी बाजार की संतृप्ति के संबंध में किया गया था, ताकि कई रिफाइनरियों द्वारा प्रसंस्करण में कमी और बंदरगाहों में अनलोडिंग से रोका जा सके।

# ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने किया किशोर आतंकवादी से खतरे का खुलासा

एजेंसी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने खुलासा किया है कि उन्हें और उनके परिवार को एक किशोर आतंकवादी द्वारा धमकी दी गई थी। अनुसार, अल्बानीज ने कहा कि वह और उनका परिवार एक चरमपंथी घोषणापत्र में दी गई धमकियों में शामिल हैं, जिसमें 19 वर्षीय जॉर्डन पैटन ने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के सांसदों को मारने की अपनी मंशा को कथित तौर पर रेखांकित किया था। उन्होंने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा, ऑस्ट्रेलिया में उग्रवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। जो दस्तावेज तैयार किए गए हैं, वे बहुत चिंताजनक हैं, जिनमें न केवल लेबर सांसदों को बल्कि अन्य लोगों और मेरे परिवार को भी धमकियां दी गई हैं। पैटन को संयुक्त आतंकवाद निरोधक दल (जे.सी.टी.टी.) ने न्यूकैसल शहर में



गिरफ्तार किया था - जो सिडनी से लगभग 100 किमी. उत्तर में है - जब वह कथित तौर पर चाकुओं और सामरिक उपकरणों के साथ न्यू साउथ वेल्स राज्य संसद में लेबर पार्टी के सांसद टिम क्रैकनथॉर्प के कार्यालय में घुसे थे। उन पर आतंकवादी कृत्य की तैयारी या योजना बनाने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पैटन की गिरफ्तारी के बाद, उन्हें घोषणापत्र के बारे में पता चला, जिसमें आव्रजन-विरोधी, यहूदी-विरोधी और इस्लामोफोबिक विचार व्यक्त किए गए थे तथा लेबर पार्टी और अल्बानीज़ के खिलाफ शिकायतों की एक सूची भी थी। अल्बानीज़ ने कहा, यह एक और कारण है कि परिवारों को मीडिया से दूर रखा जाना चाहिए। यह चिंता का विषय है। मैं सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना करता हूँ। आस्ट्रेलियाई कानून के तहत किसी भी व्यक्ति को आतंकवादी कृत्य की तैयारी या योजना बनाने का दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा दी जा सकती है।

## 'ताइवान के आसपास मंडरा रहे हैं चीन के विमान'

एजेंसी

**ताइपेई।** ताइवान की सेना ने द्वीप के करीब मंडरा रहे चीन के पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 23 विमानों और पांच जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि सुबह 6 बजे तक ताइवान



के आसपास चीन के 23 विमान और 5 जहाजों का पता चला। बीस विमान ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की है और प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि द्वीप के प्रशासन के नए प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार ग्रहण करने के दो दिन बाद चीनी सशस्त्र बलों ने ताइवान के आस-पास व्यापक सैन्य अभ्यास किया। उनसे अपने पूर्ववर्ती की स्वतंत्रता समर्थक नीति को जारी रखने की उम्मीद है।

## चीन में भारी बारिश के लिये रेड अलर्ट जारी

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन में भारी वर्षा के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कुछ बारिश प्रभावित इलाकों में होने वाली भूवैज्ञानिक आपदाओं के बारे में भी चेतावनी दी। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अनहुई,



जियांग्सू, हुबेई, हुनान, जियांगशी और गुइझोउ प्रांतों के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने के आसार हैं, जबकि कुछ क्षेत्रों में अगले 24 घंटों के भीतर रविवार दो बजे तक 280 मिलीमीटर तक भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। राष्ट्रीय वेधशाला ने बीजिंग, हेबेई, इनर मंगोलिया, हुबेई, अनहुई और जियांग्सू सहित कई क्षेत्रों के लिए सबसे निचले स्तर का ब्लू अलर्ट भी जारी किया है। यहां गरज और तेज हवा के साथ ओलावृष्टि होने का अनुमान जताया गया है। देश के शीर्ष मौसम विज्ञान प्राधिकरण एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने शनिवार और रविवार को अनहुई तथा हुबेई के कुछ क्षेत्रों में भूगर्भीय आपदाओं की चेतावनी दी।

# ईरान में दूसरे दौर का राष्ट्रपति चुनाव पांच जुलाई को

एजेंसी

**दुबई।** ईरान में ए राष्ट्रपति चुनाव में चारों में किसी भी उम्मीदवार को निर्धारित 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले। इसके कारण शीर्ष वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के बीच पांच जुलाई को एक बार फिर से मुकाबला होगा। आगामी होने वाले चुनाव में सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियान का मुकाबला कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली से होगा।गृह मंत्रालय ने कहा कि किसी ने भी जीतने के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल नहीं किया। 2.4 करोड़ मत पड़े। मसूद पेजेशकियान 1.04 करोड़ वोट, जबकि सईद जलीली को 94 लाख वोट मिले।

**इससे पहले भी हो चुका है दो बार मुकाबला**

इससे पहले ईरान के इतिहास में सिर्फ एक ही बार फिर से मुकाबला



उस समय हुआ जब वर्ष 2005 में कट्टरपंथी महमूद अहमदीनेजाद ने पूर्व राष्ट्रपति अकबर हाशमी रफसंजानी को हराया था।

**ईरान में अधिक से अधिक मतदान की अपील:** ईरान में अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई थी, क्योंकि इसे आर्थिक कठिनाइयों, राजनीतिक और सामाजिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध के कारण जनता के असंतोष के कारण वैधता संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, जारी गृह मंत्रालय की गणना के अनुसार इस वर्ष मतदान लगभग 40 प्रतिशत के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया।

**जलीली के पश्चिम-विरोधी विचार पेजेशकियान के विपरीत**

जलीली के पश्चिम-विरोधी विचार पेजेशकियान के विपरीत हैं। विश्लेषकों ने कहा कि जलीली की जीत इस्लामिक गणराज्य की विदेश और घरेलू नीति में और भी अधिक विरोधी मोड़ का संकेत होगा। लेकिन सौम्य स्वभाव वाले पेजेशकियान की जीत से पश्चिम के साथ तनाव कम करने, आर्थिक सुधार, सामाजिक उदारीकरण की संभावनाओं में सुधार में मदद मिल सकती है।

# धोखाधड़ी के आरोप में 3,350 लोग गिरफ्तार

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन में पुलिस ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों को मदद करने के आरोप में राष्ट्रव्यापी अभियान तहत 3,350 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 106 आपराधिक गिरोहों के संदिग्धों ने कथित रूप से फर्जी वेबसाइट के पते, क्यूआर कोड और अश्लील जानकारी वाले कार्ड छपवाये और पीड़ितों को धोखाधड़ी की योजनाओं में लुभाने के लिए उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर पोस्ट



किया। बयान में कहा गया कि इस अभियान ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों की उभरती समस्या का जवाब दिया है, जो झूठी जानकारी प्रदान करने और पीड़ितों को ऑफ़लाइन लुभाने के लिए सहायक उपकरण किराए पर ले रहे हैं। इस तरह की आपराधिक गतिविधियां ऑनलाइन की जाती थीं, लेकिन साइबर स्पेस में पुलिस की कार्रवाई से प्रभावी रूप से उन पर अंकुश लगाया गया। मंत्रालय ने कहा कि दूरसंचार धोखाधड़ी सहित लोगों की सुरक्षा की भावना को कमजोर करने वाली गतिविधियों पर नकेल कसने का राष्ट्रव्यापी अभियान जारी रहेगा।

# न्यूयॉर्क में मिनीवैन दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क में सड़क हादसे के मामले खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। अब एक मिनीवैन के नेल सैलून में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है।न्यूयॉर्क की रिपोर्ट के अनुसार,अधिकारियों का कहना है कि मिनीवैन शाम करीब 4:30 बजे लॉन्ग आइलैंड के डियर पार्क में नेल सैलून से टकरा गई। दुर्घटना का सही कारण अभी भी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने आगे बताया, सभी मृतक नेल सैलून के अंदर थे। यह सभी के लिए काफी खतरनाक मंजर था। अधिकारियों ने ये भी कहा, साथ ही इससे समुदाय पर भी असर पड़ेगा। वहीं स्वयंसेवी




अग्निशमन विभाग के लिए भी काफी मुश्किल परिस्थिति है, लेकिन हम इससे जल्द ही उबरेंगे। बस डियर पार्क अग्निशमन विभाग के सहायक प्रमुख डोमिनिक अल्बानीज का भी इस मामले में बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, विशेष रूप से साल के इस समय में सभी अच्छी चीजें हो रही हैं, ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया और वह होश में था। फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। बता दें कि हवाई नेल एंड स्पा नामक, नेल सैलून डियर पार्क के एक शॉपिंग क्षेत्र में कई दुकानों में से एक है।

# हिसार में फायरिंग करके करोड़ों रुपए फिरौती मांगने के विरोध में 5 जुलाई को हिसार बंद व 1 जुलाई को होगा धरना-प्रदर्शन: बजरंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** व्यापारी व शहर के प्रतिनिधियों का सम्मेलन हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से फैसला लिया कि शहर में लगातार फिरौती की घटना के विरोध में 5 जुलाई 2024 को हिसार बंद करने व 1 जुलाई को प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक नागोरी गेट हनुमान मंदिर के बाहर विरोध में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर के व्यापारी व प्रमुख व्यक्तियों ने हिसार व हरियाणा में अपराध पर अंकुश लगाने में एक जुटता दिखाई है अगर सरकार ने अपराधियों का पक्का इलाज नहीं किया तो हिसार बंद के बाद आगामी व्यापार मंडल की राज्य स्तरीय मीटिंग बुलाकर हरियाणा बंद की काल की जाएगी। 5 जुलाई को हिसार बंद व 1 जुलाई को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि 7 दिन होने के बावजूद भी महिंद्रा शोरूम में फायरिंग करके 5 करोड रुपए की फिरौती मांगने वाले अपराधियों का ना पकड़ा जाना हरियाणा सरकार का विफलता का जीता जागता सबूत है। हरियाणा सरकार प्रदेश की जनता की जान माल की सुरक्षा करने में पूरी तरह से फैल सिद्ध हुई है जबकि गृह मंत्रालय हरियाणा के मुख्यमंत्री जी के पास है। हरियाणा का गृहमंत्री होने के नाते भी मुख्यमंत्री जी को इस समस्या का समाधान करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में जगह-जगह गोलीकांड, फिरौती व मंथली लेने के मामले हो रहे हैं। सरकार अपराधियों को पकड़ने की बजाएं झूठी घोषणाएं व व्यादे करने में व्यस्त है। जिस राज्य में अपराध बढ़ जाता है वह राज्य कभी भी तरक्की नहीं कर सकता है। आज अपराध बढ़ाने के कारण हरियाणा से व्यापारी व उद्योगपति लगातार पलायन कर रहे हैं। जिसके कारण पहले से ज्यादा बेरोजगारी बढ़ रही है। हरियाणा में बेरोजगारी बढ़ाने के कारण हरियाणा प्रदेश अपराध के मामले में अव्वल स्थान पर है। सरकार को अपराधियों का पक्का इलाज करते हुए व्यापारी व आम जनता की जान माल की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध करना चाहिए।इस अवसर पर पीड़ित व्यापारी संजय गुप्ता, मनीष गोयल व किट्टू बंसल, ऑटो मार्केट स्पेयर पार्ट के प्रधान बंटी गोयल, महासचिव कृष्ण चौधरी,बार एसोसिएशन के प्रधान विनय बिश्नोई,पेट्रोल पंप संगठन के प्रधान राजकुमार सलेमगढ़,आईएमए के जिला अध्यक्ष डॉ जसवंत बंसल,संजग के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, डॉ रमेश पूनिया, व्यापार मंडल के संरक्षक अश्वनी गर्ग, लोहा व्यापार मंडल से रघुवीर गोयल, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष राम भगत गुप्ता , कृष्ण सिंह टीटू व हनुमान ऐरन, महाराजा अग्रसेन भवन के प्रधान अंजनी खारिया वाला, राजगुरु मार्केट आगेर्नाइजेशन के प्रधान अजय सैनी, संरक्षक अक्षय मलिक, राजगुरु मार्केट एसोसिएशन के संरक्षक टीनू अहूजा, प्रधान रवि मेहता, पूर्व प्रधान सुरेंद्र बजाज व महेश चौधरी, गोविंदगढ़ बाजार प्रधान रवि भूटानी, वकीलन बाजार के प्रधान हरिहर शर्मा, महासचिव डॉक्टर सुभाष शर्मा मौजूद रहे।



# ग्रामीणों ने जिले का दौरा कर जल निकासी प्रबंधों का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** प्रतिनिधि प्रदीप दहिया ने रविवार को जिले का दौरा कर मॉनसून सीजन के दौरान बारिश तथा बरसाती पानी निकासी के लिए विभिन्न गतिविधियों द्वारा किए गए प्रबंधकों का निरीक्षण किया। इससे पहले, राष्ट्रपति ने सभी संबंधित अधिकारियों को 30 जून तक सभी प्रबंध पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। निर्धारित समय अवधि पूरी होती ही पर्यवेक्षक क्षेत्र में उतरता है और एक-एक करके सभी प्रबंधकों का गहनता से निरीक्षण किया जाता है। इस दौरान उनके साथ हांसी पादरी मोहित महाराणा व जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी मौजूद रहीं।

इस दौरान, जिला मुंढाल, बास, खरबला, उगलान, पट्टन, सातरोड, राजगढ़ रोड आदि से संबंधित स्थानों पर स्थित साफ-सफाई, सिरसा रोड स्थित स्टोर रूम तथा गांव सातरोड स्थित पंप हाउस की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रबंधन से संबंधित सभी स्त्रोतों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह विद्युत पंप सेटो का संभावित संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जिन क्षेत्रों में पानी का भराव अधिक रहा, उन क्षेत्रों में व्यापक प्रबंधन करें और आवश्यकता के अनुसार पंप सेट स्थापित करें। बरसात खत्म होने के बाद किसी भी क्षेत्र में अधिक समय पानी का ठहराव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस प्रकार की कार्य योजना तैयार करें कि बरसाती पानी के मुकाबले के दौरान में चला जाए।



## संक्षिप्त खबरें

### सावधान: बिजली के कटे कनेक्शनों पर रखी जा रही है नजर

**मथुरा।** बिजली विभाग ने बकायेदारों से वसूली के लिए कई स्तरों पर एक साथ काम शुरू किया है। हाई लाइन लॉस वाले फीडरों पर हो रही बिजली चोरी रोकने के लिए प्रवर्तन दल के साथ स्थानीय टीमें काम कर रही हैं। इसके साथ ही बिल जमा न करने या चोरी पकडे जाने पर कटे कनेक्शनों पर नजर रखने के लिए एक टीम अलग से काम कर रही है। इस टीम की जिम्मेदारी है कि किसी भी स्थिति में विच्छेदित संयोजन से बिजली जलाने नहीं दी जाए। शहर और देहात में एक महीने से अधिक का बकाया होने पर ही शहर और देहात में बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। अभियान में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बिजली के संयोजन विच्छेदित किए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ता पर बकाया जमा करने के लिए दबाव बनाया जा सके। कटे कनेक्शन को जोड़कर बिजली जाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही हैं। इस काम में बीसी सखी, लाइनमैन विशेष टीम की मदद कर रहे हैं। उपर से निर्देशित किया गया है कि बडे बकायेदारों से बकाया वसूली की जाये तथा बकाया जमा न करने की स्थिति में उनके संयोजन विच्छेदित करने की कार्यवाही वृहद स्तर पर की जाए। सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में काटे गए कनेक्शन पर बिजली का उपयोग न किया जा रहा हो।

### फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की कार सहित पकडा

**मथुरा।** थाना शेरगढ़ पुलिस टीम ने एक शातिर चोर को चोरी की फर्जी नम्बर प्लेट लगी कार के साथ गिरफ्तार किया है। शेरगढ मझोई रोड पर रामपुर गांव के पास बंद पड़े भट्टे के पास से एक अभियुक्त सुनील पुत्र सुनहरीलाल निवासी एसी नगर क्यू ब्लाक नीलम फ्लाईओवर के नीचे मकान नम्बर 358 एनआईटी थाना कोतवाली नम्बर एक जिला फरीदाबाद हरियाणा को चोरी की बलैनो कार सहित गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष थाना शेरगढ़ नीरज सिंह भाटी के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त सुनील द्वारा पूछताछ में बताया गया कि बलैनो कार उसने अपने साथी बेटों इन्दर कुमार उर्फ इंदल पुत्र सुनील कुमार, शनि उर्फ रोहन सिंह पुत्र सुनील कुमार के नीचे मकान नंबर 358 एनआईटी थाना कोतवाली नम्बर एक जिला फरीदाबाद हरियाणा के साथ मिलकर 18 जून को शेरगढ चौराहे से चोरी करके उसकी वास्तविक नंबर प्लेट को बदलकर कूटरचित, फर्जी नम्बर प्लेट को लगाकर अलग अलग जनपदों में अपराध करने में उपयोग कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद बलैनो कार से संबंधित है। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद कार एवं फर्जी नंबर प्लेट के आधार पर मुकदमा मे धारा 411, 420 आईपीसी बढोतरी करते हुए अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त के दो अन्य साथी इन्दर कुमार उर्फ इन्दल पुत्र सुनील कुमार व शनि उर्फ रोहन सिंह पुत्र सुनील कुमार वर्तमान में थाना जलेसर जनपद एटा से लूट के प्रयास में 25 जून को जिला कारागार एटा में निरुद्ध है।

### नगर निगम के मुख्य निर्धारण अधिकारी का तबादला

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम में तैनात मुख्य कर निर्धारण अधिकारी शिवकुमार गौतम का शासन ने तबादला कर दिया है। शासन ने उन्हें इसी पद पर मेरठ नगर निगम में तैनात किया है। उनके स्थान पर नगर पालिका परिषद बड़ौत में तैनात नरेंद्र यादव को नई तैनाती मिली है। सूत्रों का कहना है कि आज रात्रि तक निगम के कुछ अन्य अधिकारियों के तबादले हो सकते है।

### टोहाना में सड़क हादसा,गाड़ी की चपेट में आने से बाईक सवार की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में रतिया रोड पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने रविवार को केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जमालपुर स्टेशन के पास बनी ढाणी में रहने वाली महिला सीतो देवी ने कहा है कि वह अपने पति हंसराज के साथ जीरी लगाने के लिए गई हुई थी। शाम को जब वह वापस घर आई तो उसका पति टोहाना से परचून का सामान लेने की बात कहकर मोटरसाइकिल पर चला गया। जब वह टोहाना से वापस ढाणी आ रहा था तो रास्ते में नई अनाज मंडी, रतिया रोड के पास अज्ञात गाड़ी का चालक गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए आया और मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार हंसराज गंभीर रूप से घायल हो गया।

## 150 ग्राम हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**पीलीबंगा।** पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को 150 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।पकड़ी गई हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 75 लाख रुपये आंकी गई है। सीआई भूपसिंह सहारण ने बताया कि दोनों हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।मामले की जांच गोलूवाला थानाधिकारी रमेश पन्नू को सुपुर्द की गई है। जिला कप्तान विकास सागवान के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।

# हकृवि में कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न

**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न स्नातक व स्नात्तकोतर कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और उम्मीदवारों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

आज जिन कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, बीएससी आनर्स एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोसयोलोजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स, कॉलेज आफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स व मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी में एम.एस.सी कोर्सिज शामिल है। प्रवेश परीक्षा के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 6662 परीक्षर्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की गई।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा में उम्मीदवारों की कुल 84 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि स्नातक कोर्सिज में 84.08 प्रतिशत तथा स्नात्तकोतर कोर्सिज में 82.41 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे। उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील है कि

वे उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चेक करते रहें।



# सैक्टर -14 वेलफेयर एसोसिएशन ने आरम्भ किया पौधारोपण अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सैक्टर** -14 वेलफेयर एसोसिएशन ने आज सुबह पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत अग्रसैन भवन के पीछे वाले पार्क में 51 पौधे लगाकर की। पौधारोपण में प्रधान एवं निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, महासचिव विकास परूथी ने बताया की एक माह में 5100 पौधे सैक्टर -14 व वार्ड-3 में लगाये जायेंगे ताकि वातावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। पौधारोपण के उपरांत प्रधान जी ने सकंलप कराया कि इन पौधों के पालन का कार्य वेलफेयर एसोसिएशन करेगी। कार्यक्रम में महेंद्र जैन, ओमप्रकाश मुन्जाल, रवीन्द्र कुकरेजा, टीकाराम मित्तल, कृष्ण जीत, अमन डुडेजा व जय प्रवेश आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## फोन कान को लगा रेलवे लाइन पार कर रही महिला की मौत

**यमुनानगर।** मोबाइल फोन पर बात करते हुए रेलवे लाइनों को पार करते वक्त एक महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया। पुलिस के अनुसार 174 के तहत कार्यवाही की गई। मृतक महिला की पहचान कुसुम निवासी नानकपुरा फरकपुर के रूप में हुई। राजकीय रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने रविवार को बताया कि कुसुम आज सुबह साढ़े आठ बजे अपनी बहन से मिलने गांव परवालो जाने के लिए निकली थी।

# मासूमों की चिंता: एक कमरे का स्कूल, वह भी दबा है मिट्टी में




**मथुरा।** एक जुलाई से स्कूल खुल जाएंगे। विद्यालय प्रांगण बच्चों की चहचहाहट से चहक उठेंगे। वहीं चौमुहां ब्लॉक के गांव अकबरपुर में अध्यनरत बच्चे चिंतित हैं। उनके प्राथमिक विद्यालय में मात्र एक कमरा है। उपर से बरसात हो रही है। वहीं पास में ही बने मंदिर के लिए ग्रामीणों की ऐसी श्रद्धा उमड़ी कि चंदा कर मंदिर में काम कराया। इसके लिए मिट्टी भी डाली गई। इस मिट्टी ने विद्यालय के एकमात्र कमरे के दरवाजे को भी आधे से अधिक बंद कर दिया। ऐसे में जब दूसरे बच्चे विद्यालय जाने के लिए उत्साहित हैं इन बच्चों के चेहरों में रंगत नहीं है। बरसात होने के कारण मिट्टी बहकर विद्यालय के कमरे में भी पहुंच गई है। बीईओ द्वारा जिला प्रशासन को स्थिति के बारे में अवगत कराया गया। शनिवार देर शाम सीडीओ के आदेश पर नायब तहसीलदार व लेखपाल विद्यालय पहुंचे गेट के सामने से जेसीबी द्वारा मिट्टी हटवाने का काम शुरू कराया। गांव के पूर्व प्रधान महेश सिसोदिया ने बताया कि राजस्व अभिलेखों में विद्यालय संचालन के लिए मंदिर की दूसरी तरफ 1.5 बीघा भूमि दर्ज है। यहां एक कमरे में विद्यालय संचालन हो रहा है। प्रशासन को नए सिरे से विद्यालय के नाम रजिस्टर्ड भूमि पर विद्यालय बनाना चाहिए। ग्रामीण भरत सिसोदिया ने कहा कि जरा सी बरसात होने पर मिट्टी पानी से बहकर विद्यालय के गेट के सामने फिर जमा होगी। जिससे पुनः यह समस्या पैदा होगी। जिला प्रशासन को दूसरी जगह नए सिरे से विद्यालय बनाना चाहिए।

**एक कमरे में चल रहा विद्यालय**

विद्यालय भवन जर्जर होने के चलते विद्यालय की इमारत को प्रशासन ने गिरा दिया था। जिसके बाद एक कमरे में ही विद्यालय का संचालन हो रहा है। विद्यालय में फिलहाल 109 बच्चे पंजीकृत हैं। लेखपाल पंकज शर्मा ने बताया कि सीडीओ

के आदेश पर विद्यालय के गेट के सामने से मिट्टी हटाई जा रही है। खण्ड शिक्षा अधिकारी नीतू ने बताया कि स्थिति के बारे में प्रशासन को अवगत करा दिया गया है।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर 300 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी

**मथुरा।** आबकारी विभाग ने थान मांट पुलिस के साथ मिल कर शराब तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही की है। ट्रक में लादकर ले जाई जा रही 300 पेटी हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। शराब को ट्रैक बीआर 06 जीडी 8455 में डिस्पोजल के काटूनों व बोरियों के बीच में गुप्त रूप से छिपकर ले जाया जा रहा था। यमुना एक्सप्रेस वे पर चेकिंग के दौरान आबकारी टीम को यह सफलता मिली। जिला आबकारी अधिकारी कुमार प्रभात चंद ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में उच्चाधिकारियों के निर्देशन में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे पर चैकिंग के दौरान एक ट्रैक में डिस्पोजल के काटूनों व बेटियों के बीच में गुप्त रूप से छिपकर गैर प्रान्त अवैध विदेशी मदिरा की 300 पेटियां टेट्रा पैक (180 एमएन), कुल 2592 बल्क लीटर अवैध शराब को बरामद करते हुए अभियुक्त गोपाल लाल पुत्र नारायण लाल निवासी सीकर राजस्थान के विरुद्ध थाना मॉट में सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया।




**सफलता**

▶▶ शराब को ट्रैक बीआर 06 जीडी 8455 में काटूनों व बोरियों के बीच में गुप्त रूप से छिपकर ले जाया जा रहा

# शहीद राजा देवी सिंह का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता:राजकुमार

**मथुरा।** सन 1857 में अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ कर भारत को आजादी दिलाने में सहयोग करने बाले प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद राजा देवी सिंह को थाना राया के पीछे फाँसी पर लटका दिया गया। उनके दिए बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता । उक्त उदगार नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने अमर शहीद राजा देवी सिंह स्मारक पर भावांजलि कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। इस दौरान उन्होंने स्मारक पर नगर पंचायत द्वारा लाइट और सौंदर्यीकरण कराने का वादा किया ।कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद राजा देवी सिंह को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी याद में आज गांव अचरु लधौरा में लम्बी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार योगेंद्र पाल सिंह सुभाष चौधरी गुरेन्द्र सिंह राजन लाल एड. यदुवीर सिंह ओमप्रकाश चौधरी शिवओम डांगुर, मनोज शर्मा देवेंद्र सिंह रुद्रप्रकाश सारस्वत कालीचरन शर्मा किशन सिंह सुखबीर सिंह महताब सिंह राजवीर सिंह प्रेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन पत्रकार भोलेश्वर उपमन्यु ने किया।



**याद किया**

▶▶ सेनानी अमर शहीद राजा देवी सिंह को थाना राया के पीछे फाँसी पर लटका दिया गया

## बिजली इंजीनियर एसके जैन का मुख्य अभियंता पद पर प्रमोशन

**मथुरा।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में तैनात अधीक्षण अभियंता संजय कुमार जैन का प्रमोशन मुख्य अभियंता पद पर हो गया है। वह मथुरा जोन में मुख्य अभियंता पद की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर यह आदेश उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने जारी किए गए हैं। इसके अलावा अधीक्षण अभियंता मनोज सिंह लखनऊ, विक्रम सिंह, देवेन्द्र चन्द्र वर्मा शक्ति भवन, विजय राज सिंह वाराणसी, प्रमोद कुमार कार्यवाहक चीफ गाजियाबाद,राज आलोक लखनऊ, विनोद कुमार मिश्रा लखनऊ, संजय कुमार गुप्ता मेरठ, हारून असलम लखनऊ एवं अधीक्षण अभियंता नीरज कुमार का भी प्रमोशन हुआ।

# ठाकुर रंगनाथ भगवान का हुआ 81 कलशों से जलाभिषेक

**मथुरा।** दक्षिणात्य शैली के प्रसिद्ध रंगनाथ मन्दिर में नित्योत्सव की श्रंखला में ज्येष्ठमास कृष्णपक्ष की नवमी तिथि के साथ रेवती नक्षत्र के संयोग पर ज्येष्ठाभिषेक का दिव्य आयोजन किया गया। रविवार को ठाकुर गोदारंगमन्नार भगवान को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से महाभिषेक वैदिक विधि विधान से किया गया। 81 रजत कलशों से जलाभिषेक किया गया। जिसमें केसर, कपूर, नवांग हल्दी, चन्दन, जड़ी बूटियों मिश्रित जल के अलावा विभिन्न फलों का रस व आम के रस से भी ठाकुरजी का अभिषेक किया गया। उत्सव प्रातः दस बजे वैदिक मंत्रोचारण के मध्य शुरू हुआ। सर्वप्रथम अभिमंत्रित रजत कलशों को नौ नौ की कतार में स्थापित कर देश की पवित्र नदियों का आह्वान किया गया। आगम पंचरात्र पद्वति से पूजन प्रक्रिया में गौ दुग्ध, दही, घृत, मधु, शर्करा इत्र इत्यादि पंचगव्य से अभिषेक शुरू किया गया। वेदपाठी विद्वानों ने श्री सूक्त, पुरुषसूक्त, वेंकटेश स्त्रोत, गुरूपरम्परा, श्री वरद वल्लभ स्त्रोत का सस्वर पाठ किया जा रहा था।



ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 01 जुलाई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## सरकार ने सरपंचों की अधिकतर मांगें मान ली हैं: कंवरपाल

टीम एक्शन इंडिया
**यमुनानगर:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने हाइडल कॉलोनी भुड़कलां के विश्राम गृह में खंड प्रताप नगर के सभी सरपंचों के साथ रविवार को शिष्टाचार बैठक की। खंड प्रतापनगर की सरपंच एसोसिएशन के प्रधान विजय कुमार मिंटू व सरपंचों ने पुष्प गुच्छ देकर मंत्री कंवरपाल का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कृषि मंत्री कंवर पाल ने गांव के विकास कार्यों के बारे में सरपंचों से विस्तार से जानकारी ली और कहा कि किसी भी गांव के विकास में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। किसी भी गांव का सरपंच किसी भी समय गांव के विकास कार्यों के बाबत उनसे मिल सकता है उनके घर के दरवाजे सदा उनके लिए खुले है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सरपंचों की अधिकतम मांगे मान ली गई है और सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इस अवसर पर खंड प्रताप नगर एसोसिएशन के प्रधान विजय कुमार मिंटू ने बैठक में पहुंचने पर खंड प्रताप नगर के सभी सरपंचों का दिल से धन्यवाद किया।

## नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या: पीड़ित परिवार से मिले त्रिवेंद्र

टीम एक्शन इंडिया
**हरिद्वार:** नाबालिग किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता का पहला चेक सौंपा।

## लेफ्टिनेंट जनरल धीरज अब पुणे स्थित दक्षिणी कमान का कार्यभार संभालेंगे

टीम एक्शन इंडिया
**जयपुर:** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ 30 जून, रविवार को जयपुर स्थित सप्त शक्ति कमांड की कमान का कार्यकाल पूरा करने के बाद पुणे स्थित दक्षिणी कमान का कार्यभार संभालेंगे। इस अवसर पर जनरल ऑफिसर ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन के प्रेरणा स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने 01 नवंबर 2023 को सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाली थी।

# आज से देश में लागू होंगे तीन नए कानून: सीएम मोहन

### आम जन तक पहुँचाएं नए स्वरूप में लागू किए गए कानून की जानकारियाँ: मुख्यमंत्री

**बैठक**

▸▸ संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा हो सके, इस चिंतन से तीन विधेयक निरस्त कर नए दंडनीय विधेयक लाए गए



टीम एक्शन इंडिया
**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से देश में गुलामी की निशानियों को समाप्त करने के लिए विभिन्न कार्य हो रहे हैं। इस क्रम में एक जुलाई से देश में अनेक कानून नये स्वरूप में लागू होंगे। दंड के स्थान पर न्याय का महत्व बढ़ें एवं भारतीय नागरिकों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा हो सके, इस चिंतन से तीन विधेयक निरस्त कर नए दंडनीय विधेयक लाए गए हैं। आम जन तक इनकी जानकारी पहुँचाने के सभी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को वीडियों कान्फ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग्रेजों के समय से चले आ रहे ऐसे विधेयक एवं अधिनि?म में भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (1898), 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 शामिल हैं। भारतीय दंड संहिता 1860 को भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। दंड प्रक्रिया संहिता 1898 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आमजन को विभिन्न सेमीनार और वेबीनार के माध्यम से भी इन कानूनों की जानकारी प्रदान की जाए। अभियान संचालित कर नये कानूनों की जानकारियों को प्रचारित किया जाए।

वीडियो कांफ्रेंस में पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रदेश के सभी 982 थानों में नए कानूनों की जानकारी देने के लिए विशेष कार्यक्रम भी एक जुलाई को हो रहे हैं। पुलिस कर्मियों को इनका विस्तृत विवरण प्रदान किया गया है। पूर्व में नए कानूनों से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई गई हैं।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में बदलते दौर हो रही है प्रगति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

टीम एक्शन इंडिया
**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बाग मुगलिया स्थित विवेकानंद सामुदायिक भवन परिसर में "मन की बात" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह बदलते दौर का भारत है। अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जहां बंगलौर में देव भाषा संस्कृत बोलने वालों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी वहीं पूरी दुनिया में योग दिवस पर हुए कार्यक्रमों का विवरण भी दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में आकाशवाणी केंद्र से प्रसारण की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने इस कार्यक्रम से आंध्रप्रदेश में कॉफी उत्पादन की जानकारी भी प्रदान की।

डॉ. यादव ने विवेकानंद सामुदायिक भवन परिसर में पौधा भी लगाया। मुख्यमंत्री ने आम का पौधा रोपा। उनके साथ पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सुमित पचौरी और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अन्य विषयों पर चर्चा के साथ ही विभिन्न देशों में योग दिवस पर हुए कार्यक्रमों का ब्यौरा भी दिया।



रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में पहुँचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्थानीय हैलीपैड पहुँचने पर आत्मीय स्वागत किया गया।

## लाखों का स्टाप डेम पहली बारिश के पानी में ही बह गया

टीम एक्शन इंडिया
**कांकेर:** जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोयलीबेडा ब्लाक के ग्राम जवेली में बांदे वन परिक्षेत्र द्वारा एक वर्ष पहले नरवा योजना के तहत लाखों रुपये की लागत से घटिया स्टाप डेम का निर्माण कराया गया था। जिसके चलते पहली बारिश के पानी में ही स्टाप डेम बह जाने से आस-पास के किसान जो स्टाप डेम पर सिंचाई के लिए निर्भर थे, उन्हें काफी ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने डेम के उखड़ने का शिकायत भी अधिकारियों से किया है। ग्राम जवेली के किसान केसु वद्दे ने बताया कि गुणवत्ताहीन स्टाप डेम बनाया गया था, निर्माण में ठेकेदार ने गांव के जंगल के बड़े-बड़े पत्थरों का इस्तेमाल किया था, साथ ही डेम निर्माण के समय सरिया का उपयोग नहीं किया गया डेम का बेस बिना सरिया के ही तैयार किया गया है।

## सीएम धामी ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश



टीम एक्शन इंडिया
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस समस्या का समाधान थाना, तहसील एवं जिला स्तर पर हो सकता है, वे समस्याएं अनावश्यक रूप से शासन स्तर पर न आएं। इस प्रकार की शिकायतें आने पर उन्होंने सबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिये हैं। रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री धामी ने जन समस्याएं सुनी। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन समस्याओं के जल्द निराकरण के लिए समस्या या शिकायत जिस विभाग से सबंधित है, शीघ्र सबंधित विभाग को भेजकर उस पर की गई कार्यवाही की भी जानकारी ली जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष लोगों ने स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आर्थिक सहायता, विद्युत, जमीन से संबंधित मामलों एवं अन्य समस्याएं रखीं।

## गुलामी के प्रतीक पुराने कानूनों में परिवर्तन का कार्य ऐतिहासिक : सीएम

**परिवर्तन**

▸▸ अच्छे और सकारात्मक भाव के साथ किए गए इन परिवर्तनों के लिए केंद्र सरकार बधाई की पात्र है

टीम एक्शन इंडिया
**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुलामी के प्रतीकों को समाप्त करने के क्रम में कुछ कानूनों में अमूलचूल परिवर्तनों का कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में लागू पुलिस और न्याय व्यवस्था से जुड़े कई बदलाव किए जा रहे हैं। यह समाज के लिए सुव्यवस्थाएं स्थापित करने का प्रयास है। अच्छे और सकारात्मक भाव के साथ किए गए इन परिवर्तनों के लिए केंद्र सरकार बधाई की पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को द पोलिमेथ सोसाइटी द्वारा नवीन न्याय संहिता पर आयोजित वेबीनार को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि काल के प्रवाह में अनेक विषय परिवर्तित स्वरूप में सामने आते हैं।

## बीकानेर को मिले तारबंदी के 17 लाख मीटर लम्बाई के लक्ष्य

**अनुदान**

▸▸ इन लक्ष्यों का कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय वार आवंटन कर जिले के किसानों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा

टीम एक्शन इंडिया
**बीकानेर:** फसलों की सुरक्षा के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से राजस्थान एग्री इन्फ्रा मिशन के तहत खेतों की कांटेदार या चैनलिंक तारबंदी करवाने पर अनुदान दिया जा रहा है। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) कैलाश चौधरी ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए जिले को कांटेदार/चैनलिंक तारबंदी योजना के लिए कुल 17 लाख मीटर लम्बाई के भौतिक लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। इन लक्ष्यों का कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय वार आवंटन कर जिले के किसानों को योजना से लाभान्वित किया जाएगा। सहायक निदेशक भैराराम गोदारा ने बताया योजना में किसानों की



सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए समूह में यदि न्यूनतम 10 किसान मिलकर 5 हेक्टेयर (20 बीघा पक्की) भूमि में तारबंदी करवाते हैं, तो सभी किसानों को सत्तर प्रतिशत अनुदान राशि के हिसाब से प्रति कृषक अधिकतम 400 मीटर लंबाई पर 56 हजार की अनुदान राशि मिलेगी। व्यक्तिगत/समूह में एक ही जगह पेरिफेरी में न्यूनतम 1.5 हैक्टेयर (6 बीघा पक्की) भूमि पर तारबंदी करवाने पर लघु-सीमांत किसानों को 400 मीटर लंबाई पर अधिकतम 48 हजार रुपये एवं सामान्य किसानों को 40 हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा। कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र किसान को तारबंदी पर अनुदान के लिए प्रस्तावित भूमि की पेरीफेरी का नवीनतम प्रमाणित संयुक्त नक्शा, ट्रेस व जमाबंदी एवं जनाआधार कार्ड, लघु-सीमान्त प्रमाण पत्र लेकर नजदीकी ई-मित्र केंद्र या स्वयं के द्वारा राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## किशनपुर रेंज घूमते दिखे बाघिन के दो शावक

टीम एक्शन इंडिया
**लखीमपुर:** दुधवा टाइगर रिजर्व भले ही पर्यटन के लिहाज से बंद हो गया हो, परंतु इसके बाद यहां वन्य जीव प्रेमियों के लिए लगातार नए दृश्य सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में किशनपुर रेंज में एक बार फिर से बाघिन के दो शावक एक साथ देखे गए हैं, जिनका वीडियो वायरल हो रहा है। दुधवा का पर्यटन सत्र 25 जून को बंद हो गया है। इस वर्ष इसे और 10 दिन बढ़ाया गया था, क्योंकि हर वर्ष यह 15 जून को ही बंद कर दिया जाता है।

## उप्र के नए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया

**मॉडल**

▸▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'बीसी सखी' योजना आज पूरे देश में मॉडल के रूप में स्वीकारी जा रही है

टीम एक्शन इंडिया
**लखनऊ:** वरिष्ठ आईएएस मनोज कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के नये मुख्य सचिव बनाये गये हैं। सन 1988 बैच के आईएएस मनोज कुमार सिंह ने शनिवार की शाम को मुख्य सचिव का पदभार संभाल लिया है। आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह की पहचान 'परफॉर्मर' की रही है। सीनियर मोस्ट अधिकारी के रूप में सुदीर्घ अनुभव, दक्षता, कर्तव्यपरायणता, डिलीवरी देने की क्षमता, कॉम्पिटेंसी के साथ मनोज कुमार सिंह ब्यूरोक्रेसी में एक प्रतिष्ठित नाम है। और यही कारण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने अब तक के कार्यकाल में मनोज कुमार सिंह पर लगातार भरोसा जताया है। इनके बारे में कहा जाता है



कि डिलीवरी ऑन टाइम के योगी मंत्र को मनोज कुमार सिंह ने आत्मसात कर लिया है। वर्तमान में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त जैसे नीतिगत विषयों से जुड़े दो अति महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निर्वहन कर रहे मनोज कुमार सिंह अपर मुख्य सचिव पंचायती राज, खाद्य प्रसंस्करण, यूपीडा और उपशा के चेयरमैन तथा पिकप अध्यक्ष जैसे प्रदेश के विकास को गति देने वाले अति वरिष्ठ पदों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। कोविड काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज कुमार सिंह ने गाँवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 'बैंकिंग एट योर डोर' की परिकल्पना को साकार करने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'बीसी सखी' योजना आज पूरे देश में मॉडल के रूप में स्वीकारी जा रही है। इसकी रूपरेखा तैयार करने से लेकर क्रियान्वयन तक उनका बड़ा योगदान है।

## सरपंच हत्याकांड: राकांपा के 5 कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज

टीम एक्शन इंडिया
**मुंबई:** बीड जिले के परली शहर के मरालवाड़ी इलाके में शनिवार रात अज्ञात लोगों ने राकांपा (अजीत पवार) समूह के लोगों पर फायरिंग कर दी। इस गोलीबारी में परली तहसील के मरालवाड़ी के सरपंच बापू आंधले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ज्ञानबा गीते घायल हो गए है। रविवार को पुलिस ने राकांपा (शरद पवार) गुट के 5 कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मरालवाड़ी के सरपंच बापू आंधले राकांपा अजीत पवार गुट से जुड़े थे।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन में सभी योगदान दें: सीएम धामी

**आह्वान**

▸▸ धामी ने बौद्ध, मठ क्लेमनटाउन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 111वें संस्करण को सुना

टीम एक्शन इंडिया
**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस मानसून सीजन में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्द्धन में अपना योगदान अवश्य दें। मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को बौद्ध, मठ क्लेमनटाउन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 111वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में पौधरोपण को बढ़ावा देने की



बात कही है। विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई। पौधरोपण के साथ की जल संचय की दिशा में भी योगदान देने के लिए उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में तिब्बती समुदाय के लोगों से भी अनुरोध किया कि पौधरोपण और जल संचय के अभियान में वे भी सक्रिय भागीदार बनकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

## सूरत में 6 इंच बारिश से चारों ओर जल-भराव

टीम एक्शन इंडिया
**सूरत:** सूरत में शनिवार आधी रात से रविवार दोपहर तक मॉनसून की जोरदार बारिश हुई। करीब 6 इंच बारिश से निचले क्षेत्रों में पानी भर गया तो कई जगहों पर पेड़ धराशायी हो गए। वराछा के फूल मार्केट के समीप विशालकाय पेड़ रिक्शा पर गिरने से रिक्शा चालक की मौत हो गई। खटोदरा में सूरत महानगर पालिका के कम्यूनिटी हॉल की पीओपी गिरने से 5 लोग घायल हो गए। दक्षिण गुजरात के सूरत में मॉनसून की जोरदार बारिश हुई। शनिवार आधी रात के बाद शुरू हुई



बारिश के कारण सूरत के कई क्षेत्रों में प्रशासन को बोट चलानी पड़ी। घुटने तक पानी के बीच लोगों को घरों से निकलना पड़ा। पार्किंग में रखी गाड़ियां आधी डूब गईं। सूरत के पाल क्षेत्र में सड़क धंसने की खबर है। रिंग रोड समेत कई सड़कें डूब गईं। वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।

**गौरव का पल** नए थलसेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी का मध्य प्रदेश से गहरा नाता है। वे मध्य प्रदेश के रीवा जिले में जन्मे हैं और यहां के सैनिक स्कूल से ही उन्होंने साल 1973 से 1981 तक पढ़ाई की

## नए थलसेना अध्यक्ष का मध्य प्रदेश से है गहरा नाता, रीवा में जन्म और सैनिक स्कूल में पढ़ाई

टीम एक्शन इंडिया
**भोपाल:** लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थल सेना के अध्यक्ष की कमान संभाल ली है। उन्होंने जनरल मनोज पांडेय की जगह ली। इसके पहले वे 46वें उपसेना प्रमुख के रूप में सेवा दे रहे थे। नए थलसेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी का मध्य प्रदेश से गहरा नाता है। वे मध्य प्रदेश के रीवा जिले में जन्मे हैं और यहां के सैनिक स्कूल से ही उन्होंने साल 1973 से 1981 तक पढ़ाई की है। जुलाई 1964 में जन्मे नए थलसेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। उनके बड़े भाई डॉ. पीसी द्विवेदी नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं और रीवा मेडिकल कॉलेज से 2019 में अधिष्ठाता के पद से रिटायर हुए हैं, जबकि दूसरे नंबर के भाई प्रेम शंकर द्विवेदी सिंचाई विभाग में प्रदेश में सर्वोच्च पद से रिटायर हुए। उनकी एक बहन है, जिनका नाम पुष्पा पांडेय हैं। वे जबलपुर में गायनेकोलॉजिस्ट हैं। बड़े भाई डॉ. पीसी द्विवेदी ने बताया कि पिता श्रीकृष्ण द्विवेदी ने तय कर लिया था कि उपेन्द्र को सेना में भेजना है। वह पांचवीं तक अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ में पढ़ा। उस



वक्त पिताजी अंबिकापुर में माइनिंग ऑफिसर थे। पिता चाहते थे कि तीन बेटों में एक सेना में जाकर देश की सेवा करे। इसीलिए उनका सैनिक स्कूल में दाखिला करा दिया। उपेन्द्र शुरू से ही प्रतिभाशाली, संयमित और अनुशासित थे।

उन्होंने सैनिक स्कूल में पढ़ाई के दौरान नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) का फॉर्म भर दिया। इसकी जानकारी उन्होंने घर पर नहीं दी। यहां तक कि परीक्षा देने और परिणाम आने तक के बारे में नहीं बताया। परिणाम आने पर जब वे सिलेक्ट हो गए, तब घर वालों को बताया। उनके सरप्राइज से सभी परिजन हैरान रह गए। उपेन्द्र को 20 साल की उम्र में 15 दिसंबर 1984 को भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में शामिल किया गया, जहां उन्होंने ऑपरेशन रक्षक के दौरान कश्मीर घाटी में में एक बटालियन की कमान संभाली।

कुछ ही समय बाद उन्होंने राजस्थान के रेगिस्तान और फिर ऑपरेशन राइनो के दौरान मणिपुर में असम राइफल्स के एक सेक्टर की कमान संभाली। फिर उन्होंने क्रमशः बख्तरबंद ब्रिगेड, माउंटेन डिवीजन, स्ट्राइक कोर, एकीकृत मुख्यालय और रक्षा मंत्रालय में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षक के रूप, आर्मी वॉर कॉलेज के उच्च कमान विंग, विदेशी कार्यकालों में अफ्रीका, यूरोप और सोमालिया में भी काम किया। उन्हें फरवरी 2020 में कोर का कमांडर नियुक्त किया गया।